सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 339, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 54 अंकों की गिरावट

वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ सेंसेक्स 54.30 अंक फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। } 14

## देश में बिजली की कोई कमी नहीं : गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि पर्याप्त बिजली उपलब्धता और 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड क्षमता के चलते भारत डेटा सेंटर के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। } 16



# यूपी में बनेगी एआई सिटी

## गोरखपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, युवाओं के लिए खुलेंगे तकनीक व रोजगार के नये द्वार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश में टाटा समूह से संचालित एवं प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति, विस्तार तथा नए निवेश प्रस्तावों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई। बैठक में एआई, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा विनिर्माण, ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, ईवी, पर्यटन, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहयोग को लेकर सहमति बनी। बैठक के दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने राजधानी लखनऊ में एआई सिटी विकसित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह परियोजना उत्तर प्रदेश को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

एआई सिटी के माध्यम से प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा तथा भविष्य की तकनीकों पर आधारित हजारों नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही गोरखपुर में 48 करोड़ रुपये से तैयार हो रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई, जिससे विशेष रूप से पूर्वांचल के युवाओं को उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण और अवसर प्राप्त होंगे। टाटा समूह ने अवगत कराया कि आईआईटी कानपुर के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से एआई, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पहल प्रदेश में स्किल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स तैयार करने में सहायक होगी। बैठक में टाटा संस के मुखिया की ओर से प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की स्थापना को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ, साथ ही टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की लखनऊ, नोएडा और वाराणसी इकाइयों के विस्तार पर भी सहमति बनी। टीसीएस की लखनऊ और नोएडा यूनिट में कार्यबल को 16,000 से बढ़ाकर 30,000 किए जाने का प्रस्ताव राज्य के डिजिटल टैलेंट पूल को नई मजबूती प्रदान करेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की तेजी से विकसित होती क्षमता को देखते हुए टाटा समूह ने मोबाइल उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स और अन्य हाई-टेक उत्पादों के निर्माण में निवेश बढ़ाने की इच्छा जताई। इस संदर्भ में टाटा समूह की ओर से इंटेल के साथ किए गए एमओयू का उल्लेख करते हुए प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही इलेक्ट्रिक बसों, ईवी और अन्य वाहनों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरदार पटेल की सेवाएं व योगदान देश के लिए स्मरणीय : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी की। सीएम योगी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकुमूत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश-दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। सरदार पटेल ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया। कई बार जेल की यातनाएं सहीं, लेकिन आजादी के आंदोलन से विचलित नहीं हुए। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा। सीएम योगी ने कहा कि जूनागढ़ का नवाब व हैदराबाद का निजाम भारत गणराज्य में शामिल नहीं होना चाहते थे। जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने टू नेशन थ्योरी को लागू किया और देसी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो भारत गणराज्य में शामिल हों, पाकिस्तान में शामिल हों या स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखें। सभी हिंदू रिसायतों ने भारत का हिस्सा बनने पर सहमति दी, लेकिन जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद के निजाम ने मना कर दिया। सरदार पटेल की सूझबूझ के परिणाम स्वरूप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने संभाला कार्यभार




एजेंसी

नयी दिल्ली। नितिन नबीन ने सोमवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि नवीन के संगठनात्मक कौशल से जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की पार्टी की यात्रा को एक नयी दिशा मिलेगी।

भाजपा मुख्यालय में नवीन को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सम्मानित भी किया गया। नड्डा ने नवीन को पार्टी के अहम पद का कार्यभार संभालने की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जनसेवा और राष्ट्र निर्माण की भाजपा की यात्रा को एक नयी दिशा प्रदान करेंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, इसके साथ ही आप भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों और संगठन के विचारों को और भी दृढ़ संकल्प के साथ जनता तक पहुंचाएंगे। मैं आपकी नयी जिम्मेदारियों और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

वहीं, शाह ने नवीन को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें भरोसा है कि नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा का और भी विस्तार होगा तथा वह मोदी सरकार की नीतियों एवं पार्टी की विचारधारा को देश के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं ईश्वर से आपके सफल कार्यकाल के लिए प्रार्थना करता हूं। नवीन के आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद शाह, नड्डा और प्रधान ने उनके साथ चर्चा की। भाजपा के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने के एक दिन बाद नवीन सोमवार दोपहर पटना से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पहुंचे।

हवाई अड्डे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री और भाजपा के कई अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद नवीन भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आशीर्वाद लेने के लिए उनसे मिलने पहुंचे। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे राम विलास वेदांती का निधन

रीवा/अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती का हृदयाघात के चलते सोमवार को मध्यप्रदेश के रीवा स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वेदांती लंबे समय से बीमार थे और सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वेदांती 67 वर्ष के थे। वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में किया जाएगा।

## लूथरा बंधुओं को आज लाया जायेगा भारत

गोवा के नाइट क्लब में आग लगने की घटना के बाद देश छोड़कर फरार हुए लुथरा बंधुओं को मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली लाया जाएगा। गोवा पुलिस और दिल्ली पुलिस की टीमें दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगी। उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट ले जाया जाएगा, जहां से गोवा पुलिस उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेगी। बता दें कि 6 दिसंबर की रात बर्च बाय रोमियो लेन नाम के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे पीएम मोदी




एजेंसी

अम्मान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर जॉर्डन पहुंचे, जिसका उद्देश्य अरब देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का एक विशेष संकेत देते हुए, जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर मोदी की गर्मजोशी से अगवानी की और फिर उनका रस्मी स्वागत किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 50 हजार का इनामी माओवादी गिरफ्तार

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) ने करीब 13 वर्षों से फरार प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के 50 हजार रुपये के इनामी एक वरिष्ठ सदस्य को सोमवार को वाराणसी से गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार माओवादी की पहचान बलिया जिले के मनियर थानाक्षेत्र के मुड़ियारी गांव निवासी सीताराम उर्फ विनय जी उर्फ ओम प्रकाश उर्फ धनु के रूप में हुई है। एटीएस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उसकी गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये का इनाम था।

बयान के अनुसार, सीताराम को वाराणसी के काशी रेलवे स्टेशन से खुफिया जानकारी के आधार पर पकड़ा गया। सूचनाओं से पता चला कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान और रूप बदलकर अलग-अलग राज्यों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### विशेष खबर

### पिछले एक दशक में बढ़ा आर्थिक विकास का दायरा : सीतारमण

## लोस में अनुपूरक अनुदान मांगों व विनियोग बिल को मंजूरी

एजेंसी



नयी दिल्ली। लोकसभा ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगों और संबंधित विनियोग विधेयक को मंजूरी दे दी।

सदन ने कटौती प्रस्तावों को अस्वीकार करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए अनुदानों की अनुपूरक मांगें-प्रथम बैच और संबंधित विनियोग (संख्याक 4) विधेयक, 2025 को ध्वनि मत से स्वीकृति प्रदान की। इससे पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पिछले एक दशक में आर्थिक विकास का दायरा विस्तृत हुआ है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की डेड अर्थव्यवस्था संबंधी टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि क्या किसी ऐसी अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग को उन्नत किया जाएगा जो डेड हो चुकी है। सीतारमण ने यह सवाल भी किया, क्या कोई डेड अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से से वृद्धि कर सकती है? उन्होंने कहा कि बयानों के बजाय डेटा पर बात होनी चाहिए। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सी ग्रेड से जुड़े डेटा को लेकर उठाये गए सवाल पर कहा कि भारत की ग्रेडिंग में कोई कमी नहीं की गई। वित्त मंत्री का कहना था कि यह गुमराह करने वाली बात है कि आईएमएफ ने ग्रेडिंग को कमतर किया है। उन्होंने कहा कि सदस्यों के अपने तथ्य दुरुस्त करने चाहिए। सीतारमण ने कहा कि कोविड जैसी आपदा के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 41,455 ...शेष पृष्ठ 14 पर



# अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही सरकार

## हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्यः मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनता दर्शन के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक फरियादी से मिले, समस्याएं सुनीं। सभी का प्रार्थना पत्र लिया और अधिकारियों को सख्त व उचित कार्रवाई का निर्देश दिया।

जनता दर्शन में पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री से धान खरीद केंद्र की लापरवाही की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, शासन-प्रशासन के अधिकारी इसका ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने शाहजहांपुर के डीएम को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण करें। किसी भी केंद्र पर धान ले जाने वाले किसानों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

प्रयागराज से भी कुछ फरियादी अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। इस पर मुख्यमंत्री संबंधित मामले में प्रयागराज के जिला व पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि इन समस्याओं का निस्तारण कराएं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य है। सरकार पहले दिन से ही लोगों की सेवा, सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। साढ़े 8 वर्ष में जनता की समस्या सुनने और उसके निराकरण के लिए सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। सीएम ने जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का उचित निस्तारण कराएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से नाम पूछा, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ने करने को कहा। सीएम ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# टिश्यू कल्चर व तकनीक के इस्तेमाल से बढ़ रही किसानों की समृद्धि

- बाजार में उन्नत बीज व तकनीक की उपलब्धता से बढ़ी किसानों की पहुंच

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खेती अब परंपरागत ढर्रे से निकलकर आधुनिक, तकनीक आधारित और लाभकारी मॉडल की ओर तेजी से बढ़ रही है। फसल पुनर्चक्रण, टिश्यू कल्चर तथा सहकारिता आधारित खेती प्रदेश में प्रचलित है, जिसे सरकारी प्रोत्साहन मिलने से किसानों की आय बढ़ी है। वह न केवल खेती को एक व्यवस्थित उद्यम के रूप में स्थापित कर रहे हैं बल्कि उनकी उन्नत फसलें नए बाजारों में भी अपनी पैठ बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू की गई किसान हितैषी नीतियों ने इस बदलाव को मजबूत आधार दिया है, जिसका परिणाम है कि आज प्रदेश के गांवों में उन्नत खेती समृद्धि का नया रास्ता बनती नजर आ रही है।

प्रदेश के प्रगतिशील किसानों के लिए बाराबंकी के पद्मश्री रामसरन वर्मा रोलमॉडल हैं। पिछले 32 वर्षों से वह प्रगतिशील खेती कर रहे हैं। उनका मानना है कि खेती में नवाचार, टिश्यू कल्चर तथा फसल पुनर्चक्रण जैसी विधाओं को अपनाए बिना लघु व सीमांत किसानों की आय बढ़ाना कठिन है। रामसरन वर्मा कहते हैं कि खेती को अगर वैज्ञानिक तरीके से किया जाए और अलग-अलग फसलों का संतुलित चक्र अपनाया जाए, तो जोखिम कम होता है और आमदनी के कई स्रोत बनते हैं। उनके अनुभव के अनुसार, सहकारिता और बटाई मॉडल ने छोटे किसानों को भी बड़े स्तर पर खेती से जोड़ने का अवसर दिया है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिली है। उत्तर प्रदेश में अब कई किसान एकल फसल की बजाय विविध फसलों के चक्र पर आधारित खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं। केला, टमाटर, आलू, मेंथा, तरबूज, खरबूजा और गेहूं जैसी फसलों का संतुलित चक्र अपनाने से उत्पादन बढ़ा है और भूमि की उर्वरता भी बनी हुई है। प्रदेश विभिन्न प्रकार की फसलों को मिले सरकारी प्रोत्साहन से किसानों को बेहतर उत्पादन और बाजार मिला है। साथ ही, किसानों को उन्नत बीज, सिंचाई व आधुनिक तकनीक आधारित संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ड्रोन व एआई के जरिए फसलों का निरीक्षण व त्वरित समाधान किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी में होटल श्रृंखला विस्तार करेगा टाटा संस टाटा संस के चेयरमैन ने सीएम को दिया प्रस्ताव

## 30 होटल का चल रहा काम, 30 और बनाने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

- 2027 तक पूरा होगा अयोध्या में 'म्यूजियम ऑफ टेम्पल' का पहला चरण
- मथुरा-वृंदावन में विभिन्न प्राचीन कुंडों के जीर्णोद्धार में भी सहयोग करेगा टाटा समूह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक एवं घरेलू पर्यटन के तीव्र विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए राज्य के पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में बड़े निवेश की मजबूत तस्वीर उभर रही है। इसी क्रम में टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुई बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में समूह की संचालित एवं प्रस्तावित होटल श्रृंखला के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह विस्तार प्रदेश में लगातार बढ़ते पर्यटक आगमन, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि तथा कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित किया गया है।



बैठक के दौरान टाटा संस के चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को बताया कि ताज, सिलेक्शन्स और विवांता जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 30 होटलों का निर्माण कार्य प्रदेश में वर्तमान में प्रगति पर है। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को इन परियोजनाओं की प्रगति से भी अवगत कराया। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में 1900 लक्जरी होटल रूम्स बढ़ जाएंगे। इसके अतिरिक्त, 2026 तक 30 नए होटल निर्माण की योजना पर भी कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री से हुई बैठक में एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि नोएडा में टाटा समूह का एक स्टेट ऑफ आर्ट सिग्नेचर होटल भी प्रस्तावित है। जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेज गति से विकास करने वाले हॉस्पिटैलिटी मार्केट के रूप में उभर कर आएगा। इसके अतिरिक्त, टाटा समूह के सहयोग से अयोध्या में प्रस्तावित म्यूज़ियम ऑफ टेम्पल परियोजना के निर्माण कार्य के पहले चरण को जनवरी 2027 तक पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। इस संग्रहालय में अत्याधुनिक तकनीक आधारित डिस्प्ले विकसित किए जा रहे हैं, जो देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक विशिष्ट आकर्षण केंद्र होंगे। यह भी तय हुआ कि मथुरा-वृंदावन क्षेत्र में मानसी गंगा कुंड, श्याम कुंड, राधा कुंड, अष्टकाशी कुंड, नारी सेमरी कुंड, गरुड़ गोविंद कुंड, कृष्ण कुंड सहित आठ प्रमुख कुंडों के जीर्णोद्धार तथा प्रदेश के प्रमुख गंगा घाटों की स्वच्छता एवं संरक्षण के कार्यों में भी टाटा समूह द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। टाटा समूह की यह सहभागिता उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम सिद्ध होगी।

# पंकज चौधरी का प्रदेश अध्यक्ष बनना नये युग की शुरुआत : बहुजन क्रांति पार्टी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बहुजन क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय प्रवक्ता केशव चन्द्र पाण्डेय ने सात बार के सांसद व केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को यूपी भाजप अध्यक्ष बनने पर शुभकामना देते हुए कहा कि भाजपा को अब एक मजबूत स्तम्भ मिला है और नई चुनौतियों के रूप में नए युग की शुरूआत हुई है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बेहद करीब है और यह समय बड़े परिवर्तनों का है। सत्ता व विपक्ष दोनों अपनी अंतिम रणनीति पर काम कर रहे हैं और दोनो को नई संभावनाओं पर कार्य करना है। जहां विपक्षी दल बुरी तरह हताश हैं। वहीं सत्तादल के हौसले बिहार चुनावों के बाद बुलंद हैं। चुनावों से पूर्व अंतिम चरण की रणनीति बनाने के लिए सत्ता दल को पंकज चौधरी के रूप में संजीवनी मिली है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि बहुजन क्रांति पार्टी राष्ट्रवादी दृष्टिकोण का दल है जबकि कांग्रेस सहित अधिकांश विपक्षी दल राष्ट्रद्रोह को ही राजनीतिक सफलता मानते हैं। इस कारण बहुजन क्रांति पार्टी किसी भी विपक्षी दल के साथ जाने के बजाय भाजपा गठबंधन की ओर आगे बढ़ेगी। प्रवक्ता ने आशा व्यक्त किया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समान विचारधारा के राजनीतिक दलों के लिए भी रणनीति तैयार करेंगे, जिससे राष्ट्रवादी विपक्ष भी मजबूती के साथ राष्ट्रीय लक्ष्यों से जुड़ सकेगा। प्रवक्ता ने याद दिलाया कि 2024 के चुनावों में एनडीए ने लोकसभा में 543 में 294 सीटें हासिल की, लेकिन विपक्ष द्वारा शुरू में अनुमान से ज्यादा सीटें पाने के बाद भाजपा ने अपना बहुमत खो दिया क्योंकि भाजपा 240 सीटें ही पा सकी थी। इसके बाद पहली बार मोदी गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं इसलिए गठबंधन की राजनीति भी अब एक अच्छी रणनीति हो सकती है।

# सरदार पटेल के एकता के विचारों को किया नमन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे के नेतृत्व में, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जीपीओ स्थित विधान सभा के समीप स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव, प्रोफेशनल मंच के अध्यक्ष अंबुज पटेल, प्रदेश सचिव अफसर अली, महेश पाल धनगर प्रमोद शुक्ला प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसके बाद प्रदेश मुख्यालय पर सरदार पटेल के सिद्धांतों पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया।



विचार गोष्ठी को राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की आजादी के बाद बिखरे हुए भारत को एक मजबूत और अखंड राष्ट्र के रूप में संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। रियासतों का एकीकरण कर उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को स्थायी आधार प्रदान किया। अनिल दुबे ने कहा कि आज जब देश सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से गुजर रहा है, तब सरदार पटेल के विचार राष्ट्रीय एकता, प्रशासनिक दृढ़ता, अनुशासन और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि रालोद चौधरी चरण सिंह और सरदार पटेल की विचारधारा को आत्मसात करते हुए किसानों, मजदूरों, युवाओं और कमजोर वर्गों के हक की लड़ाई निरंतर लड़ता रहेगा। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करें।

राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। आज के युवाओं को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से सीख लेकर देश की सेवा के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रालोद संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

प्रोफेशनल मंच उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अंबुज पटेल ने कहा कि सरदार पटेल न केवल एक महान नेता थे, बल्कि एक कुशल प्रशासक भी थे, जिनकी नीतियां आज भी देश के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल वर्ग को सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्रहित में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि सरदार पटेल राष्ट्र निर्माण के महान शिल्पकार थे। रालोद उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकता के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर पार्टी के नगर अध्यक्ष सरताज मालिक, जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश तिवारी साथ-साथ पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित होगा लखीमपुर खीरी का शारदा बैराज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड (यूपीईटीडीबी) ने लखीमपुर खीरी स्थित शारदा बैराज को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। बोर्ड ने इस परियोजना के लिए एजेंसी चयन प्रक्रिया की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य शारदा बैराज को एक बिल्कुल नए एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तुत करना है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

मंत्री ने बताया कि वर्तमान तेज रफ्तार जिंदगी में लोग फिर से प्रकृति, आयुर्वेद और वेलनेस आधारित जीवन शैली की ओर लौट रहे हैं। इसी बदलते रुझान को देखते हुए उत्तर प्रदेश में एक सुदृढ़ एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना समय की मांग बन चुका है। हमारा उद्देश्य राज्य के प्रमुख प्राकृतिक स्थलों को आधुनिक वेलनेस सुविधाओं से जोड़कर ऐसा वातावरण तैयार करना है, जहां पर्यटकों को बेहतर स्वास्थ्य, शांति, प्राकृतिक और आध्यात्मिक अनुभव, सब कुछ एक ही जगह मिल सके। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की योजना के तहत चयनित एजेंसी को भूमि उपलब्ध कराई जाएगी तथा यहां आवास एवं वेलनेस सेंटर का विकास किया जाएगा। चयनित एजेंसी सुविधाओं की योजना, डिजाइनिंग, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन से संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। पर्यटकों तथा परियोजना परिसर की सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी भी चयनित एजेंसी पर होगी। बोर्ड संबंधित विभागों से समन्वय में सहयोग प्रदान करेगा। इस परियोजना को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस (ओएंडएम) के तहत आगे बढ़ाया जाएगा। इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अवधि 15 वर्ष तय की गई है, जिसमें 15 वर्ष के अतिरिक्त विस्तार का विकल्प उपलब्ध रहेगा। यूपीईटीडीबीप्रत्येक पांच वर्ष में एजेंसी के प्रदर्शन की समीक्षा करेगा और निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई का अधिकार रखेगा। परियोजना के लिए किसी भी प्रकार का पूंजी अनुदान उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। आवास और वेलनेस सुविधाओं का संचालन चयनित एजेंसी द्वारा किया जाएगा, जिसके लिए वार्षिक प्रीमियम भुगतान मॉडल लागू रहेगा। इस परियोजना में प्रीफैब्रिकेटेड संरचनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखीमपुर का शारदा बैराज अनोखे और बहुआयामी पर्यटन केंद्र के रूप में तेजी से विकसित होने जा रहा है, जहां वेलनेस टूरिज्म की शांति और वाइल्ड लाइफ का रोमांच साथ मिलकर पर्यटकों को नया अनुभव देगा।

# युवा पीढ़ी से डॉ. राजेश्वर सिंह का आह्वान

## भारत को नवाचार व वैश्विक गौरव की नयी ऊंचाइयों तक ले जायें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से राष्ट्र के युवाओं के नाम एक सशक्त, प्रेरणादायी और दूरदर्शी संदेश जारी किया।

डॉ. राजेश्वर सिंह ने अपने संदेश में कहा कि आज का युवा वह सपने जी रहा है, जिन्हें हमारे दादा-दादी ने केवल देखा था। उन्होंने 1947 के भारत की परिस्थितियों को स्मरण करते हुए कहा कि आजादी के समय संसाधन भले ही सीमित थे, परंतु बुर्जुगों के पास अटूट आस्था, अदम्य साहस और राष्ट्र निर्माण की दूरदृष्टि थी। लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करने वाली वही पीढ़ी आज के सशक्त भारत की नींव बन गई।



अपने संदेश में डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ और सरोजनी नगर को न्यू इंडिया का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि आज यह क्षेत्र उत्तर भारत के लाइफस्टाइल कैपिटल और एआई हब के रूप में उभर रहा है। नादरगंज की एआई सिटी, अमौसी की एयरो सिटी, अशोक लीलैंड की ई-बस फैक्ट्री, ब्रह्मोस डिफेंस कॉरिडोर, अनंत नगर टाउनशिप, विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, डिजिटल एजुकेशन एवं यूथ एम्पावरमेंट सेंटर्स, ये सभी पहलें सरोजनी नगर को नवाचार, अधोसंरचना और समावेशी विकास का मॉडल बना रही हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 95 ओपन एयर जिम, 34 स्मार्ट क्लासेज, 33 डिजिटल लाइब्रेरी, 162 ताराशक्ति केंद्र (महिलाओं के लिए) और 14 आर.बी.एस. डिजिटल सेंटर (युवाओं के लिए) नए भारत की आत्मविश्वासी तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने बुर्जुगों के संघर्ष के प्रति कृतज्ञ रहें। अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी को जीवन का आधार बनाएं। भविष्य की तकनीकों में दक्षता हासिल करें। भारत को नवाचार, समृद्धि और वैश्विक गौरव की नई ऊँचाइयों तक ले जाएं। उन्होंने कहा, हमारे बुर्जुगों ने हमें सड़कें, स्कूल और उजाला दिया; अब हमारा दायित्व है कि हम भारत को विचार, नवाचार और वैभव दें। अपने संदेश के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने युवाओं से ईश्वर में आस्था, संस्कृति के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति गर्व बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यही युवा भारत को विश्व का पथप्रदर्शक और अजेय राष्ट्र बनाएंगे।

# टाटा समूह उत्तर प्रदेश में ईवी उत्पादन को देगा विस्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच सोमवार को हुई बैठक में उत्तर प्रदेश में टाटा समूह की संचालित परियोजनाओं तथा भविष्य के निवेश प्रस्तावों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि टाटा मोटर्स द्वारा प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग को विस्तार दिया जा रहा है और ईवी के नए मॉडलों के विकास पर भी कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही उन्होंने ऊर्जा अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास से जुड़ी टाटा समूह की प्रमुख पहलों की जानकारी भी साझा की।

उन्होंने बताया कि टाटा पावर प्रयागराज के बारा प्लांट में 1,900 मेगावाट क्षमता की थर्मल इकाई का संचालन कर रहा है, जो प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। समानांतर रूप से उत्तर प्रदेश में सोलर पावर परियोजनाओं के विकास को भी गति दी जा रही है। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान टाटा सन्स के चेयरमैन ने प्रदेश में ईवी विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रिक बसों सहित अन्य ईवी वाहनों की मैन्युफैक्चरिंग का




विस्तार किया जा रहा है, जिससे एक ओर ईवी क्षेत्र में टाटा समूह की उपस्थिति और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। बैठक में टाटा पावर की ओर से प्रदेश में संचालित एवं प्रस्तावित ऊर्जा परियोजनाओं की समग्र रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। टाटा पावर सोलर द्वारा उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है। इसके तहत प्रयागराज और बांदा में 50-50 मेगावाट क्षमता की दो सोलर परियोजनाएं संचालित हैं। साथ ही प्रदेश के सभी 75 जनपदों में सोलर रूफटॉप परियोजनाओं के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो मुख्यमंत्री की सतत विकास की अवधारणा के अनुरूप कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# भाजपा सरकार युवाओं पर दिखा रही ताकत : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** अखिलेश यादव ने प्रयागराज में लोक सेवा आयोग में भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्र-नौजवानों के साथ अमानवीय और दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बेरोजगारी की पीड़ा से गुजर रहे युवाओं के साथ अमानवीय तरीके से मारपीट व बाल पकड़कर अपमानित करने का जो काम उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, वह भाजपा का सत्ता का अहंकार है जो अमानुषिक बनकर अपनी ताकत दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ये न भूले कि पढ़ने वाले युवा लड़ना नहीं चाहते हैं, वो तो बस साफ-सुथरे तरीके से नौकरी की प्रक्रिया का शुद्धीकरण करवाने की मांग कर रहे हैं। हम प्रतियोगी अभ्यर्थियों के साथ नैतिक बल बनकर खड़े हैं। हम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की दोषपूर्ण परीक्षा प्रणाली और भ्रष्ट चयन प्रक्रिया पर लग रहे आरोपों के संदर्भ में एक एसआईआर की पुरजोर मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस बर्बरतापूर्ण व्यवहार के लिए युवा कभी माफ नहीं करेंगे। भाजपा के एजेंडे में नौकरी है ही नहीं। भाजपा जाए तो नौकरी आए। भाजपा ने छात्रों-नौजवानों को धोखा दिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1 करोड़ 30 लाख से अधिक वादों का निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव मनु कालिया ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर को प्रदेशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह आयोजन उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एवं नालसा के कार्यपालक अध्यक्ष विकम नाथ, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक अरुण भंसाली के मार्गदर्शन तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्रदेश के समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 1,30,40,769 वादों का अंतिम रूप से निस्तारण किया गया।

# सीएम धामी ने हनुमानगढ़ी मंदिर में किये दर्शन

## दक्षेश्वर महादेव मंदिर में दुग्धाभिषेक और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति व खुशहाली की कामना की

विशेष संवाददाता (vol)

**हरिद्वार (उत्तराखंड)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कनखल-हरिद्वार में दक्षेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना करने के साथ ही सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के भी दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने दक्षेश्वर महादेव मंदिर में दुग्धाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के साथ ही आगामी कुंभ मेले को दिव्य, भव्य ढंग से आयोजित करने की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारियों एवं साधु-संतो से भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ मेला का आयोजन प्रदेश के लिए बहुत बड़ा सुअवसर है। देश व दुनिया में कुंभ मेला एवं कुंभ नगरी हरिद्वार का अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है।

राज्य सरकार कुंभ मेला के दिव्य एवं भव्य आयोजन के लिए ठोस कार्य कर रही है। कुंभ मेला क्षेत्र को विस्तार देने तथा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगमता और सुरक्षा को लेकर प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। ताकि देश-दुनिया से आने वोल लोग यहां से बेहतर अनुभव लेकर लौट सकें। मुख्यमंत्री ने साधु-संतो से प्रदेश सरकार को मिल रहे आशीर्वाद के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी कुंभ मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सांधु-संतों और स्थानीय लोगों से निरंतर समर्थन व सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया।

इस अवसर पर श्री पंचायती महानिवार्णी अखाड़े के सचिव महंत रवींद्र पुरी ने संस्कृति के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा कि दिव्य एवं भव्य कुंभ आयोजन के लिए संत समाज द्वारा राज्य सरकार को पूर्ण सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर अखाड़ा परिषद के महामंत्री महंत राजेंद्र दास, दिगंबर अखाड़े के वैष्णो दास, निवार्णी अखाड़े के श्रीमहंत मुरलीदास, निर्मल अखाड़े के कोठारी जसविंदर सिंह, बड़ा उदासीन अखाड़े के राघवेंद्र दास, नया अखाड़े से जगतार मुनि, अटल अखाड़े के सत्य गिरी, मनोज गिरी सहित अनेक साधु-संत मौजूद रहे। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कनखल स्थित सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी मंदिर के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, संजय गुप्ता, संजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, दायित्वधारी सुनील सैनी, ओमप्रकाश जमदग्नि, जयपाल सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, आशु चौधरी, आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# दिल्ली-एनसीआर का नया ग्रोथ सेंटर बनेगा हापुड़

## औद्योगिक और शहरी विकास का बना नया केंद्र

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को निवेश और औद्योगिक विकास का बड़ा गंतव्य बनाने की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में अब दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में एक नया निवेश केंद्र तेजी से उभर रहा है और वह हापुड़ है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण की ओर से हाल ही में आयोजित इन्वेस्ट इन हापुड़ समिट 2025 ने यह स्पस्ट कर दिया है कि आने वाले समय में हापुड़ भी गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर बड़े निवेश केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। समिट के दौरान कुल 1300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए हैं।

इस समिट का उद्देश्य हापुड़-पिलखुवा क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को निवेशकों के सामने प्रस्तुत करना और क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश को आकर्षित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना रहे। उन्होंने समिट का उद्घाटन करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी नीतियां, सुदृढ़ कानून-व्यवस्था और निवेश अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के शीर्ष निवेश गंतव्य स्थलों में शामिल हो गया है। वित्त मंत्री ने 100 से अधिक निवेशकों के समक्ष कहा कि दिल्ली-एनसीआर का विकास अब केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। हापुड़ जैसे क्षेत्र अब नए विकास इंजन के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) के वाइस चेयरमैन डॉ नितिन गौड़ (आईएएस) के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्राधिकरण ने सीमित समय में वित्तीय मजबूती और नियोजित विकास का प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। समिट में प्रस्तुत आंकड़ों ने निवेशकों का भरोसा और मजबूत किया है। पिछले दो वर्षों में हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण का कुल लाभ 172 करोड़ रुपये से बढ़कर 435 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं नक्शों व विभिन्न स्वीकृतियों से होने वाली आय 5.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 26.32 करोड़ रुपये हो गई है। यह वृद्धि प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था और तेज निर्णय प्रक्रिया को दशार्ती है। समिट के माध्यम से निवेशकों को यह संदेश दिया गया कि हापुड़ अब केवल ग्रामीण छवि वाला क्षेत्र नहीं है बल्कि यह दिल्ली से लगभग 15 मिनट की दूरी पर स्थित एक उभरता हुआ शहरी और औद्योगिक केंद्र है।

हापुड़ का मास्टर प्लान वर्ष 2024 में स्वीकृत हो चुका है। क्षेत्र की रोड कनेक्टिविटी मजबूत है और यह दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ से कुछ मिनटों की दूरी पर स्थित है। समिट में उद्योगपति, बिल्डर्स, अस्पताल, स्कूल-कॉलेज और ग्रुप हाउसिंग से जुड़े निवेशकों को आमंत्रित किया गया।

संक्षेप

## मारपीट में आधा दर्जन से अधिक पर केस

प्रतापगढ़। रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई गांव निवासी सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र पुत्र स्व0 राज नारायण ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह दिसंबर की शाम करीब चार बजे वह विद्यालय से अपने घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के रास्ते पर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुशील कुमार मिश्र उर्फ रजने पुत्र स्व0 यज्ञ नारायण, दुर्गेश मिश्र पुत्र रमाशंकर तथा चार अज्ञात लोगों ने उसे जबरन रोक कर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों के दौड़ने से पीड़ित की जान बची। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार पर एससीएसटी का केस

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट, धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव निवासी सुनील कुमार पासी पुत्र लाले पासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह दिसंबर की रात करीब आठ बजे उसके पिता अपने खेत में फसल की सिंचाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के धनराज सिंह पुत्र रामआसरे, सुरेन्द्र यादव तथा दो अज्ञात वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे। पीड़ित के पिता द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। गंभीर चोट लगने से घायल लाले पासी बेहोश हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अधिक विद्युत बिल आने की ऊर्जा मंत्री से शिकायत

प्रतापगढ़। स्मार्ट मीटर लगने से आये अधिक बिल के निस्तारण को लेकर पीड़ित उपभोक्ता अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार की है। विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास गांव निवासी जीत लाल वर्मा पुत्र रामसुंदर वर्मा ने ऊर्जा मंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके घर पर बीती आठ अक्टूबर को स्मार्ट मीटर लगाया गया। पूर्व में उसका कोई विद्युत बिल बकाया नहीं था। इसके बावजूद स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन्सठ हजार चार सौ चौरान्वे रुपए बिल आ गया। बिल अधिक आने से विद्युत सप्लाई भी बंद कर दी गयी। पीड़ित समस्या के निस्तारण को लेकर स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र से लेकर अधिशाषी अभियंता तक के चक्कर काट रहा है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। पीड़ित व उसका परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर है। परेशान पीड़ित ने ऊर्जा मंत्री से समस्या के निस्तारण कराए जाने की गुहार लगायी है।

## कोर्ट के आदेश पर दर्जन भर से अधिक पर केस

प्रतापगढ़। कोर्ट के आदेश पर लीलापुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तेलियाही गांव की उन्मतुलनिशा पत्नी अकबर का आरोप है कि बीती चौदह अक्टूबर की शाम गांव के मेले में गया था। जहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव के असलम, शहजाद, अफसरून्निशा, हसीना, रविशुलनिशा, जीशान ने एकराय होकर उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद व दो अज्ञात समेत तेरह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## भगवान वासुदेव की सच्ची भक्ति से मिलती है उनकी कृपा : अनिलेश जी

प्रतापगढ़। क्षेत्र के नया पुरवा पड़री में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास अनिलेश जी महराज ने भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि भगवान वासुदेव के प्रति सच्ची भक्ति से मनुष्य को उनकी कृपा अवश्य प्राप्त होती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने से सदमार्ग की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से जीवन में सुख शांति की प्राप्ति हुआ करती है।

# रामविलास वेदांती के निधन से संत समाज में शोक की लहर

## अयोध्या में आज होगा अंतिम संस्कार

जिला संवाददाता

रीवा/अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती का हृदयाघात के चलते सोमवार को मध्यप्रदेश के रीवा स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वेदांती लंबे समय से बीमार थे और सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। वेदांती 67 वर्ष के थे। उनके निधन के खबर से अयोध्या समेत देश भर के साधु संतों में शोक की लहर दौड़ गयी।



वेदांती के शिष्य छोटे दास महाराज ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार अयोध्या में किया जाएगा। वेदांती के उत्तराधिकारी महंत राघवेश दास ने बताया कि पूर्व सांसद के पार्थिव शरीर को आज अयोध्या लाया जा रहा है।

रीवा स्थित श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के अधीक्षक अक्षय श्रीवास्तव ने कहा कि वेदांती को रविवार सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब उन्हें भर्ती कराया गया तब वेदांती को रक्त विषाक्तता (सेप्टीसीमिया) का संक्रमण था और यह बहुत ज्यादा फैल चुका था। उनका रक्तचाप बेहद कम हो गया था और किडनी ने भी काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने बताया कि रविवार रात उन्हें हृदयाघात आया और चिकित्सकों की टीम ने उपचार का हरसंभव प्रयास किया। इसके लिए वेंटिलेटर पर रखा गया।लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें नहीं बचाया जा सका। सोमवार सुबह उनका निधन हो गया।

श्रीराम जन्मभूमि न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष रहे वेदांती कथा वाचन के लिए 10 दिसंबर से रीवा जिले के भठवा (लालगांव) में थे। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि रविवार को हृदयाघात के बाद उन्हें एयर एंबुलेंस से भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाने का प्रयास किया गया था, लेकिन खराब दृश्यता के कारण यह संभव नहीं हो सका। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक्स पर पोस्ट कर कहा कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख स्तंभ, पूर्व सांसद एवं अयोध्या धाम स्थित वशिष्ठ आश्रम के पूज्य संत डॉ. रामविलास वेदांती महाराज का गोलोकगमन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

उन्होंने कहा कि उनका जाना एक युग का अवसान है। धर्म, समाज व राष्ट्र की सेवा को समर्पित उनका त्यागमय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान और शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। राम विलास वेदांती का जन्म सात अक्टूबर 1958 को रीवा जिले के गुढ़वा (गुढ़) में हुआ था। वह श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से लंबे समय तक जुड़े रहे और अयोध्या में रहकर आंदोलन का नेतृत्व किया। वह उत्तर प्रदेश के मछलीशहर (1996 से 1998 तक) और प्रतापगढ़ (1998 से 1999 तक) से लोकसभा सदस्य रहे। महंत राघवेश दास ने बताया कि राम विलास वेदांती, हनुमानगढ़ी के महंत अभिराम दास के शिष्य थे। माना जाता है कि अभिराम दास ने ही 1949 में बाबरी मस्जिद में रामलला की मूर्ति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई थी।

वेदांती अयोध्या में हिंदू धाम नया घाट पर रहते थे और वशिष्ठ भवन नाम से उनका एक आश्रम भी है।

## अयोध्या में कैंसर उपचार केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा टाटा समूह

अयोध्या। टाटा समूह अयोध्या में एक बड़ा कैंसर उपचार केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को यह जानकारी दी। टाटा कैंसर फाउंडेशन के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रस्तावित परियोजना के वास्ते संभावित स्थलों का निरीक्षण करने के लिए अयोध्या का दौरा किया। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि यह परियोजना दिवंगत रतन टाटा के दृष्टिकोण का हिस्सा थी।

## आतंक मचाने वाली मादा भेड़िया मारी गयी

बहराइच। जिले के कैसरगंज इलाके में वन विभाग के शूटर ने आतंक का पर्याय बनी एक मादा भेड़िया को रविवार शाम मार गिराया, जबकि एक दिन पूर्व नर भेड़िए को मारा गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसरगंज तहसील के गोड़हिया नंबर चार गांव में भेड़िए के एक जोड़े को वन विभाग के शूटर ने दो दिन के भीतर एक-एक कर मार गिराया है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के पश्चात करीब ढाई महीने के दरमियान वन विभाग के शूटरों द्वारा यहां छह भेड़िए मारे जा चुके हैं। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने रविवार शाम को बताया कि आज शाम कैसरगंज तहसील के गांव- गोड़हिया नंबर चार के मजरा- जरूआ में पुनः भेड़िया आने की सूचना मिली थी। वन विभाग की बचाव टीम ड्रोन के साथ गांव में पहुंची। दो ड्रोन कैमरे लगाकर लगातार नजर रखी गयी।

## पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में फरियादियों की सुनी फरियाद




सिद्धार्थनगर।पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/ शिकायतों को सुना। गत सोमवार 15 -दिसम्बर 2025 को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याओ शिकायतों की सुनवाई करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु मातहतों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश दिया गया, जनता दर्शन में पुलिस अधीक्षक के जनसुनवाई मे कुल 13 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे 03 मारपीट व शेष 10 अन्य से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त थे। उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ 0 अभिषेक महाजन ने संबंधित को आदेश किया गया।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर हुआ संवाद कार्यक्रम

### प्रयागराज में रूरल बार एसोसिएसन की मुहिम को मिली धार

जिला संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर सोमवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले इलाहाबाद हाईकोर्ट के समीप अम्बेडकर चौराहे पर संवाद कार्यक्रम हुआ। वहीं हाईकोर्ट परिसर में भी एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने अधिवक्ताओं के चैम्बर में पहुंचकर अधिनियम को पारित कराये जाने की मुहिम को लेकर जानकारियां साझा की।



हाईकोर्ट परिसर तथा अम्बेडकर चौराहे पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एसोसिएसन के द्वारा अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान को समर्थन देने का भरोसा दिलाया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा को लेकर किये गये प्रयासों की विस्तृत जानकारियां प्रदान की। एसोसिएसन के महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने मंगलवार को प्रयागराज में पहुंचने वाली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा के मिशन की जानकारियां दी। संवाद कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ अधिवक्ता अम्बुज कुमार शुक्ल एवं संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता लवलेश शुक्ला ने किया। इस मौके पर आयूष त्रिपाठी, दिनेश सिंह, अरविन्द त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, पंकज श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अखिलेश शुक्ला, जितेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र अवस्थी आदि अधिवक्ता रहे।

## महिलाओं तक पहुंची पुलिस की सुरक्षा पहल

### थाने न पहुंच पाने वाली महिलाओं को गांव में मिला भरोसा



**सिद्धार्थनगर।** जोगिया उदयपुर क्षेत्र स्थित सूपा राजा गांव में सोमवार को महिला थाना की टीम ने उन महिलाओं और बालिकाओं से संपर्क किया, जो संकोच, डर या दूरी के कारण थाने नहीं पहुंच पाती हैं। गांव की चौपाल पर आयोजित इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को यह विश्वास दिलाना था कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए उनके दरवाजे तक पहुंच रही है। इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को साइबर ठगी, छेड़छाड़ और घरेलू उत्पीड़न जैसे मामलों से बचाव के तरीके बताए गए। मोबाइल फोन के गलत इस्तेमाल और सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी के तरीकों को सरल भाषा में समझाया गया। जागरूकता फैलाने के लिए वीडियो का भी उपयोग किया गया, जिसमें छोटी सी सावधानी से बड़े नुकसान से बचने के महत्व पर जोर दिया गया।महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और बताया गया कि मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि उनका अधिकार है। टीम ने उन्हें भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस तुरंत सहायता के लिए उपलब्ध रहेगी। 'मिशन शक्ति' से संबंधित स्टिकर लगाकर गांव में यह संदेश भी दिया गया कि महिला सुरक्षा एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में, गांव और आसपास के क्षेत्रों में एंटी रोमियो अभियान भी चलाया गया। संदिग्ध मनचलों की जांच कर यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में पहुंची टीम ने महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनसे संवाद स्थापित कर उनका विश्वास जीता। इस पहल से गांव की महिलाओं में जागरूकता बढ़ी, और उन्होंने ऐसे अभियानों को जानकारीपूर्ण तथा आत्मविश्वास बढ़ाने वाला बताया।

## महत्वाकांक्षी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना आपत्तिजनक : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम में मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने को घोर आपत्तिजनक कहा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि वर्ष 2009 में यूपीए सरकार ने देश की सबसे बड़ी रोजगारपरक योजना को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जोड़ते हुए कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से गांधी जी की स्मृति को नमन किया। उन्होने कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार की चेयरपर्सन सोनिया गांधी की पहल पर इस महत्वपूर्ण रोजगार गारण्टी योजना का देश में सुखद संचालन शुरू हुआ। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा योजनाओं, कार्यालयों, भवनों का नाम रोज रोज बदला जा रहा है। उन्होने सवालिया अंदाज में कहा कि आखिर भारतीय जनता पार्टी को आखिर महात्मा गांधी के नाम से इतनी चिढ़ क्यो है? उन्होने कहा कि भाजपा गांधी की विचारधारा की जगह गोड़से की विचारधारा को ही सदैव बढ़ावा देती आ रही है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी पूरी दुनिया में एक हैं और पूरी दुनिया आज महात्मा गांधी की विचारधारा को नतमस्तक कर रही है। उन्होने कहा कि राजनैतिक हताशा और कुण्ठा में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने को देशवासी कभी मोदी सरकार को क्षमा नही करेंगे। वही उन्होने पहलगाम आतंकवादी हमले के सही दोषियों का अब तक पता न लगा पाने और उन्हें उनके अक्षम्य अपराध की कठोर सजा न दिला पाने को लेकर भी मोदी सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होने कहा कि केन्द्र शासित कानून व्यवस्था के रहते उस समय निर्दोष भारतीयों को आतंकवादियों के सामने जान की बाजी गंवानी पड़ी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय मसलों को हल करने की जगह सिर्फ देश की जनता का ध्यान बरगलाने की कोशिश मे लगी हुई है।

## पंकज चौधरी के नेतृत्व में तिसरी बार बनेगी भाजपा सरकार : अखिलेश



गोला, गोरखपुर। महराजगंज सांसद व केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी का निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनने पर चिल्लूपार के वरिष्ठ भाजपा नेता अखिलेश उर्फ नन्हे दूबे ने लखनऊ में उनसे मुलाकात कर उन्हें पक्का पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी और उन्हें सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर भाजपा नेता श्री दूबे ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी जी जमीन से जुड़े हुए नेता है। जिनके पास लम्बा राजनीतिक अनुभव है। इनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इनके नेतृत्व में भाजपा यूपी में तिसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। वे अपने सरल स्वभाव और मृदभाषी होने के नाते कार्यकताओं में काफी लोकप्रिय भी है। इनके भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन और पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी।

## मोहाना पुलिस ने छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच' बताया

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर- मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत मोहाना थाना पुलिस ने जूनियर हाई स्कूल खलीलपुर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान उन्हें महिला अपराधों, 'गुड टच-बैड टच' और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। यह जागरूकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के 'महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व महिलाओं की सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान' संबंधी निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद और क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरायान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह अभियान 15 दिसंबर 2025 को चलाया गया। उप निरीक्षक जयमाल यादव, हेड कांस्टेबल विनोद भारती




और महिला कांस्टेबल सुमन सहित पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति सचेत किया। उन्हें 'गुड टच-बैड टच' के महत्व को समझाया गया और साइबर क्राइम से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी गई। 'शक्ति दीदी' अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्पलाइन, 101 अग्निशमन हेल्पलाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शामिल हैं।

## मन्दिर स्थापना उत्सव को लेकर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा



प्रतापगढ़। मंदिर स्थापना उत्सव को लेकर अठेहा में सोमवार को भव्य शोभा यात्रा व कलश यात्रा निकाली गयी। कार्यक्रम को लेकर आज मंगलवार से श्रीराम कथा होगी। श्रीराम कथा से पूर्व निकली शोभा यात्रा में राम दरबार की भव्य झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अठेहा बाजार में भगवान बाला जी की स्थापना मंदिर में सामूहिक रूप से ग्रामीणों के योगदान से की गयी थी। आचार्य शिवम मिश्र जी महराज की अगुवाई में स्थापना उत्सव में शामिल श्रद्धालु भगवान श्री बाला जी का जयघोष करते भक्तिभाव में मंत्रमुग्ध दिखे। मंदिर परिसर से कलश यात्रा भी निकाली गयी। जो दलापटटी, लखहरा, सांगीपुर होते हुए बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची। यहां दर्शन पूजन के पश्चात वापस कथा स्थल पर समाप्त हुई। आचार्य शिवम मिश्र ने कहा कि कलियुग में भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करने से मनुष्य के जीवन में मोक्ष का मार्ग प्रशस्त हुआ करता है। इस मौके पर कृपाशंकर पाठक, प्रवेश मिश्र, सुनील मिश्र, मदन लाल चौरसिया, दयाराम सोनी आदि मौजूद रहे।

## अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने अवैध गांजा व बाइक समेत एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। सांगीपुर थाना के दरोगा विनय प्रताप सिंह सोमवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के जायसवाल तिराहा के समीप से आरोपी सरपतहा मिश्रपुर तारापुर निवासी अनिल मिश्र पुत्र रामराज मिश्र को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक किलो चार सौ पैंसठ ग्राम अवैध गांजा तथा गांजा विक्रय से मिले सैंतालिस हजार दो सौ अस्सी रुपए के साथ ही एक बाइक की बरामदगी भी की। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि पूछतांछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह गांजा की पुड़िया बनाकर उसे जगह जगह जाकर विक्रय करता है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति की रक्षा का आहवान




प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास गांव में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सनातन संस्कृति की रक्षा को लेकर एकजुटता का आहवान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति हिन्दू समाज के एकता की पहचान है। कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उददेश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना है। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी धरोहर है इसे जातिपात में बांटना हिन्दू समाज को विखण्डित करने का कुत्सित प्रयास है, जिसे सफल नही होने दिया जाएगा। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता केके सिंह, सूर्यप्रकाश तिवारी, हरिशंकर तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। रामसजीवन वर्मा ने अतिथियों का स्वागत व वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय गुडडू, राकेश सिंह, श्रीनाथ पासी, अभिषेक सिंह, हिमांशु पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद वेदांती के निधन पर प्रमोद ने जताया दुख

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जिले के पूर्व सांसद डॉ० राम विलास वेदांती के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि डॉ0 वेदान्ती सरल स्वभाव के व्यक्तित्व तथा आध्यात्मिक विचारधारा के ख्यातिप्राप्त संत थे। उन्होंने कहा कि डॉ० वेदान्ती जी के निधन से सामाजिक, आध्यात्मिक, सार्वजनिक लोक सेवा के क्षेत्र को अपूर्णनीय क्षति हुई है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने निर्गत किया है।

## मोटर साइकिल को दुकान के बाहर से ले गए चोर, घटना सीसीटीवी में कैद



सिद्धार्थनगर- नौगढ़ कस्बे में दिनदहाड़े एक बाइक चोरी हो गई। यह घटना रविवार को हुई और पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कौवा, थाना चिल्हिया निवासी चंद्रिका प्रसाद अपने पंपसेट की मरम्मत कराने सिद्धार्थनगर मुख्यालय आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल रेलवे स्टेशन रोड स्थित जनता मशीनरी स्टोर के पास खड़ी की और दुकान के अंदर चले गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चुरा ली। कुछ देर बाद जब चंद्रिका प्रसाद दुकान से बाहर निकले तो उन्हें अपनी बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने पर भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। बाद में, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चोर बाइक चोरी करते हुए साफ दिखाई दिए। फुटेज में चोर बिना किसी बाधा के बाइक लेकर फरार होते दिख रहे हैं। पीड़ित चंद्रिका प्रसाद ने इस संबंध में कोतवाली सिद्धार्थनगर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और निवासियों में नाराजगी है, उनका कहना है कि नौगढ़ क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।कोतवाली सिद्धार्थनगर के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि बाइक चोरी की यह घटना रविवार को हुई थी। उन्होंने पुष्टि की कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश जारी है। निरीक्षक प्रसाद ने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवतियों की मौत

गोंडा। जिले में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में सोमवार को दो युवतियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कटरा बाजार थानाक्षेत्र के महादेव गांव में सुबह करीब नौ बजे राधा (19) ने कथित तौर पर फांसी लगा ली। राधा के रिश्तेदार एवं ग्राम प्रधान फूलचंद मिश्र ने बताया कि वह तीन वर्षो से मानसिक रूप से बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। कटरा के थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला मानसिक बीमारी के चलते आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच की जा रही है। एक अन्य घटना में कौड़िया बाजार निवासी आशु शुक्ला (26) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आशु के पिता दिलीप तिवारी ने इस संबंध में पुलिस को सूचना दी है। कौड़िया के थाना प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

# समस्या समाधान के लिए महिलाओं की मुखरता जरूरी : सत्या पांडेय

## प्रेस क्लब में कार्यक्षेत्र में महिलाओं के समक्ष चुनौतियां विषय पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन

- महिला–पुरुष के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सामंजस्य की हो भावना : प्रो. विनीता पाठक

जिला संवाददाता




गोरखपुर। पूर्व महापौर डॉ. सत्या पांडेय ने कहा कि कार्यक्षेत्र में सामने आ रही समस्याओं के समाधान और चुनौतियों को दूर करने के लिए महिलाओं को मुखर होना पड़ेगा। किसी भी समस्या पर उन्हें सहन करने की प्रवृत्ति से उबरकर, चुप्पी तोड़नी होगी, आवाज उठानी होगी। कार्यक्षेत्र में महिलाओं को संरक्षण देने वाले कानूनी प्रावधान तभी कारगर होंगे जब महिला स्वयं जागरूक होकर आगे आएगी।

पूर्व महापौर सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में कार्यक्षेत्र में महिलाओं के समक्ष चुनौतियां विषय पर आयोजित विमर्श कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हरेक क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही हैं। पर, अपने कार्यक्षेत्र में उन्हें फब्तियों, भेदभाव या हीनता का अनुभव कराने जैसी चुनौती का सामना करना पड़ जाता है। इसके लिए समाज को थोड़ा और बदलना होगा, साथ ही महिलाओं को किसी भी चुनौती को दूर करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। स्वयं मुखर होंगे तभी समस्या पैदा करने वालों का रवैया बदलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी प्रो. विनीता पाठक दार्शनिक प्लेटो के उद्धरण के हवाले से कहा कि महिला और पुरुष में कोई अंतर नहीं होता सिवाय शारीरिक बनावट के। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल रहा है। महिलाएं अपनी ताकत का एहसास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला-पुरुष के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सामंजस्य की भावना होनी चाहिए। प्रो. पाठक ने कहा कि आज महिलाओं के समक्ष दोहरी चुनौती है, उन्हें घर भी संभालना है और अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता भी सिद्ध करनी है।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए सीआरडी पीजी कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. स्वप्निल पांडेय ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं के समाधान का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। पर, शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए महिलाओं को उनके विषय क्षेत्र चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता देनी होगी। अधिवक्ता परिषद की महामंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अजिता पांडेय ने कहा कि सरकार से महिलाओं को अधिकार तो मिले हैं लेकिन सामाजिक दृष्टिकोण से कार्यक्षेत्र में अभी कई चुनौतियां सामने हैं। इन्हें दूर करने के लिए समाज को अपना नजरिया बदलना होगा। वरिष्ठ संचालिका रीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित की है तो इसमें पुरुषों का सहयोग सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम का संयोजन व अभ्यागतों का स्वागत वरिष्ठ पत्रकार कंचन त्रिपाठी और विषय प्रवर्तन के साथ संचालन कवयित्री डॉ. सरिता सिंह ने किया। इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र, मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार राय, वरिष्ठ पत्रकार जगदीश लाल, पंकज कुमार श्रीवास्तव, भूपेंद्र द्विवेदी, प्रिंस कुमार पांडेय, विनय कुमार सिंह, अंगद कुमार प्रजापति, राजीव कुमार पांडेय, ओंकार धर द्विवेदी, विजय कुमार जायसवाल, कुंदन उपाध्याय, बृजेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार पांडेय, सुशील कुमार, आनंद चौधरी, सौम्या दीक्षित, संध्या तिवारी, रीना सिंह, अजीत यादव, धीरेंद्र कुमार गुप्ता, घनश्याम कसौधन, धनेश निषाद, इशरत शमीम सिद्दीकी, रजनीश श्रीवास्तव, इंद्रासन पांडेय, दिनेश पांडेय, रामचंद्र शाही, राजू सैनी, मोहर्रम अली, राजेश सोनकर, आशीष भट्ट, दिलजीत कौर, प्रेमचंद चौहान, राशिद नूर, सुनय पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, राहुल गौड़, प्रवीण कुशवाहा, सतीश शुक्ला, योगेश श्रीवास्तव, बालमुकुंद निषाद, गोविंद कुशवाहा, अशोक पांडेय, मुर्तजा हुसैन रहमानी, एकता माहेश्वरी, अमर राय, अनुराग श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, मोहम्मद, अमरचंद श्रीवास्तव, विवेक अस्थाना सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और मीडियाकर्मियों की उपस्थिति रही।

# 30 फीट गहरे गड्ढे में गिरे दो युवक एक की मौत, दूसरा घायल

इटावा। शहर के पक्का तालाब क्षेत्र में सोमवार दोपहर सनसनीखेज घटना सामने आई। गामा देवी मंदिर के पीछे करीब तीस फीट गहरे गड्ढे में दो युवक संदिग्ध हालत में पड़े मिले। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि एक युवक की मौत हो चुकी थी, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल था। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया वहीं घटना की जानकारी मिलने पर नौरंगाबाद चैकी इंचार्ज राजेश मौर्या पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस ने मृतक युवक की शिनाख्त शिवप्रताप (33) पुत्र लाल सिंह भदोरिया, निवासी शिवा कॉलोनी, थाना सिविल लाइन इटावा के रूप में की। घायल युवक आकाश वर्मा, पुत्र राकेश वर्मा, निवासी प्रभु अड्डा शांति कॉलोनी, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी है। दोनों बचपन के दोस्त थे और साथ पढ़े थे। रविवार शाम दोनों प्रदर्शनी देखने के लिए घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि दोनों प्रदर्शनी स्थल के पास साईं मंदिर के पास पहुंचे थे। देर रात गामा देवी मंदिर के पीछे गहरे गड्ढे में पड़े होने की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। शिव प्रताप की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। आकाश वर्मा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया। स्थिति नाजुक होने पर परिजनों ने उसे आगरा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत कोमा में बताई जा रही है। मृतक के बहनोई रिंकू तोमर ने बताया कि घटनास्थल से शराब की बोतल और जूते मिले, जबकि शिव प्रताप की गले की सोने की चेन गायब थी। परिजन का कहना है कि आकाश वर्मा का अपनी ससुराल पक्ष से तलाक का विवाद चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि ससुराल पहुंचने के बाद किसी तरह का विवाद हुआ और उसके बाद यह घटना हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है, और परिजनों की मांग पर हत्या और हादसा दोनों एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

# किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रहीं नीलगाय

- आमी नदी के कछार क्षेत्र में रबी फसलों पर संकट, किसान रतजगा करने को मजबूर

पिपरौली, गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र के पिपरौली ब्लॉक अंतर्गत आमी नदी के कछार क्षेत्र के दर्जनों गांवों में नीलगायों का आतंक किसानों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। खेतों में दर्जनों की संख्या में घूम रही नीलगायें किसानों की मेहनत पर पानी फेरती नजर आ रही हैं। ये नीलगायें रबी की फसलों को न केवल चर रही हैं, बल्कि रौंद-रौंद कर पूरी तरह बर्बाद कर रही हैं, जिससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।



क्षेत्र के अमटौरा, बनौड़ा, बेलवाडाड़ी, कटका, गाडर, कैली, कोल्हुई, तेनुअन, तिनहरा, उसका, अडिलापार सहित अन्य गांवों के किसानों ने रबी सीजन में गेहूं, तिलहन फसलों में अलसी और सरसों तथा दलहनी फसलों में चना, मटर आदि की बुवाई की है। फसलें अभी शुरूआती अवस्था में हैं, लेकिन नीलगायों के झुंड खेतों में घुसकर उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कई स्थानों पर पूरी की पूरी फसल नष्ट हो चुकी है।

किसानों का कहना है कि महंगाई के इस दौर में खाद, बीज, जुताई और सिंचाई पर भारी लागत आई है। ऐसे में यदि फसल ही नष्ट हो गई तो लागत निकलना भी मुश्किल हो जाएगा। मजबूरी में कई किसान रात-रात भर जागकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं, फिर भी नीलगायों के झुंड को रोक पाना उनके लिए आसान नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के किसान प्रभाकर सिंह, अनुज सिंह (कटका), उमेश पांडेय, समरपाल सिंह, चंद्र भूषण पांडेय, उग्रसेन सिंह, भानु प्रताप सिंह, उदय चंद चौहान, मोनू कन्नौजिया, मोहन सिंह, सुरेंद्र निषाद सहित अन्य किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग किया है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से दो नीलगायों की मौत



मझगांवा, गोरखपुर। बिजली उपकेंद्र मझगांवां अंतर्गत ग्राम सभा पूरे और रानीपुर गांव के बीच ग्यारह हजार बोल्ट की लाईन जाती है जिसका तार जमीन से महज पांच फुट की उंचाई पर लटक रहा था सोमवार की सुबह दो लील गाय उधर से जा रही थी तार की चपेट में आ जाने के कारण उनकी मौत हो गयी । यहां बता दें कि की बार इसकी शिकायत स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों तथा अधिकारों से किया था लेकिन कोई सुनवाई नही हुई।इस पर ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण दीपक शाही, सबलू ओझा, शम्भू तिवारी, बीना देवी, रामसमुझ यादव, अर्जुन, रमेश, आदि लोगों का कहना है कि अगर बिजली तार को जल्द से जल्द टाईट नहीं किया तो बड़ी अन होनी हो सकती है ।जिसका जिम्मेदार विभाग होगा।और हम लोग मजबुरी में आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में हर्ष



उरुवा, गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी उरुवा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र तिवारी के नेतृत्व में उरुवा मंडल कार्यालय पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर बधाई दिया। पूर्व मंडल अध्यक्ष अमित चंद पांडे ने कहा पंकज चौधरी जी के पास भाजपा संगठन का एक बड़ा अनुभव है, जिससे पार्टी और कार्यकताओं को नया दिशा व मार्गदर्शन मिलेगा। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बबलू तिवारी, विकास पाठक, सुशील राय, सुरेंद्र, विजेंद्र पाल सिंह, रणविजय कन्नौजिया, विजय मणि, अतुल पांडे, उत्तम पाण्डेय, अमित श्रीवास्तव व सिद्धार्थ उपस्थित रहे।

# यूपीयूएमएस के पीडियाट्रिक विभाग ने मनाया 20वां स्थापना दिवस



सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई के पीडियाट्रिक बाल रोग विभाग ने सोमवार को अपना 20वां स्थापना दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर ट्रॉमा सेंटर के प्रथम तल पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में कुलपति ने विभाग के सभी पूर्व विभागाध्यक्षों एवं संकाय सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि बीते 20 वर्षों में पीडियाट्रिक विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विभाग को और सशक्त बनाने के लिए सुपर स्पेशलिटी क्लीनिकों का विस्तार, विभाग को विभिन्न यूनिटों में विकसित करना, पीजी सीटों में वृद्धि जैसे कदम उठाए जाने चाहिए, जिससे रोगी देखभाल और अधिक प्रभावी हो सके। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. के.एम. शुक्ला, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ आई के शर्मा, डॉ डी के सिंह, डॉ राजेश यादव (वर्तमान में प्रोफेसर केजीएमयू एवं डॉ एम वी सिंह वर्तमान समय में प्रधानाचार्य औरैया मेडिकल कॉलेज सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने संस्थान में अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और विभाग की विकास यात्रा को स्मरण किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) दिनेश कुमार ने पीडियाट्रिक विभाग की 20 वर्षों की उपलब्धियों एवं विकासक्रम का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभाग के सभी डॉक्टर, एम डी तथा एम बी बी एस स्टूडेंट्स के साथ ही नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे।

# कबाड़ बस को बना दिया रोजगार का जरिया

## महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा डूडा का अभिनव प्रयोग

- गोरखपुर में दो कबाड़ बसों को पिंक टॉयलेट और कैफेटेरिया में तब्दील कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ा डूडा ने
- पिंक बस टॉयलेट व कैफेटेरिया का संचालन कर स्वावलंबी बनीं रानी देवी बनीं औरों के लिए मिसाल

घनश्याम कुमार



गोरखपुर। जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) गोरखपुर ने ने कबाड़ बस को महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बना दिया है। डूडा के इस अभिनव प्रयोग से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल रहा है। डूडा ने गोरखपुर में दो कबाड़ बसों को पिंक टॉयलेट और कैफेटेरिया में तब्दील कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ दिया है। इनमें से एक पिंक बस टॉयलेट और कैफेटेरिया का संचालन कर स्वावलंबी हुई रानी देवी औरों के लिए मिसाल बनीं हैं।

डूडा द्वारा यूपी रोडवेज से कबाड़ घोषित बस लेकर पिंक टॉयलेट बस एवं कैफेटेरिया का निर्माण कराया गया है। पिंक टॉयलेट बस में महिलाओं को बच्चों को दूध पिलाने के लिए फीडिंग एरिया, तीन शौचालय, एक वेस्टर्न शीट शौचालय बनवाया गया है। पीछे की तरफ हाथ धोने का स्थान तथा सबसे अंतिम में एक छोटे से कैफेटेरिया के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। इस बस में बिजली सप्लाई के लिए सोलर सिस्टम तथा 500-500 लीटर क्षमता की दो टंकी लगाई गई है। डूडा के परियोजना अधिकारी राजू कुमार बताते हैं कि नवाचार का यह अभिनव प्रयोग राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर किया जा रहा है। वर्तमान में ऐसी दो बसों का संचालन कराया जा रहा है। एक पिंक टॉयलेट बस एवं कैफेटेरिया का संचालन कृपा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रानी देवी कर रही हैं। वह नौका विहार गेट के पास पिंक टॉयलेट बस व कैफेटेरिया चला रही हैं। रानी के पति बीमार हैं, लिहाजा पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। ऐसे में पिंक टॉयलेट बस व कैफेटेरिया उनकी आत्मनिर्भरता के लिए बहुत मददगार साबित हुआ है। वह बताती हैं कि डूडा द्वारा दी गई सुविधा से वह औसतन 18 हजार रुपये की आय प्रति माह अर्जित कर ले रही हैं। वह बताती हैं कि आने वाले समय में वह बस में स्थानीय प्रचलित व्यंजनों को भी बिक्री हेतु रखेंगी।

# एसएसपी ने पुलिस मॉडर्न स्कूल का निरीक्षण किया



इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल, इटावा में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान एवं तकनीकी विषयों पर आधारित विभिन्न कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिन्हें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गहनता से देखा गया। छात्र-छात्राओं की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, नवाचार एवं प्रस्तुतीकरण क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक होती हैं तथा उनमें तार्किक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करती हैं। उन्होंने बच्चों से मॉडलों के कार्य करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा सरल शब्दों में समझाने की बच्चों की क्षमता की भी सराहना की एवं कहा गया कि वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग है, ऐसे में विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों को प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करती है और उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य करती है। अतं में छात्र-छात्राओं को उनके भविष्य के लिये शुभकामनाएं देते हुये कहा कि वे अपने लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, मेहनत एवं लगन के साथ अध्ययन करें और अपने लक्ष्य को हासिल करें।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश सैयद मो. सादिक हुसैन (SYED MOHD SADIQ HUSSAIN) हो गया है, जबकि उसका सही नाम सैयद मो. सादिक हुसैन (SYED MOHD SADIQ HUSAIN) है। स्कूल के अभिलेखों में उसका नाम (SYED MOHD SADIQ HUSAIN) दर्ज किया जाय। सैयद बकार हुसैन पुत्र सैयद नासिर हुसैन नि.-292/19, पुल फिरंगी महल, चौक, लखनऊ।

# उरुवा पोस्ट ऑफिस पर विभागीय लापरवाही में दो निलंबित

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा डाकघर से संबंधित शाखा बिरई खुर्द में कार्यरत बीपीएम और एबीपीएम को विभागीय लापरवाही में आंशिक रूप से निलंबित कर दिया गया है। इस बाबत डाकघर उरुवा के सब डिविजनल इंस्पेक्टर अभिनव पांडेय ने बताया कि क्षेत्र की महिला सरोज गुप्ता सुकन्या योजना के तहत पैसा जमा करती है। उनकी शिकायत पर बीपीएम उदय नरायण तिवारी और एबीपीएम राम सुंदर शर्मा को आंशिक रूप से निलंबित किया गया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुमाई विकास खण्ड महुआ, बांदा

पत्रांक मेमो/15.12.2025-26 दिनांक-15.12.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुमाई में विभिन्न स्थानों पर 51 नग स्ट्रीट लाईट लगाए जाने का कार्य, ग्राम पंचायत गुमाई में विभिन्न स्थानों पर 5 नग सोलर लाइट स्थापना के कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, पी0डब्लू0 डी0, लघु सिंचाई एवं जिला पंचायत आदि में पंजीकृत ठेकेदार/पंजीकृत आपूर्तिकताओं से दिनांक 16.12.2025 से 20.12.2025 के समय 04.00 बजे तक मुहरबंद निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है, जो उस दिन अपरान्ह 05.00 बजे तक आपूर्तिकताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 16.12.2025 से 20.12.2025 तक ग्राम पंचायत गुमाई से की जाएगी। बिना कारण बताए सभी निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की लागत | योजना का नाम | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गुमाई में विभिन्न स्थानों पर 51 नग स्ट्रीट लाईट लगाए जाने का कार्य। | 1.99 लाख | पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग | एक माह |
| 2 | ग्राम पंचायत गुमाई में विभिन्न स्थानों पर 5 नग सोलर लाइट स्थापना का कार्य | 1.11 लाख | पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग | एक माह |

**शर्तें**- 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होंगी। 3.सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता/कुटेशन डालने से पहले कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री आपूर्ति निर्धारित अवधि मे पूर्ण न करने पर बिना नोटिस दिए अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा। 6. नियमानुसार स्टांप ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वयं वहन किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत गुमाई**
**विकास खण्ड महुआ, बांदा**

# इटावा महोत्सव में हुआ स्थानीय मुशायरे का आयोजन

## कन्वीनर इम्तियाज अहमद ने पूर्व चेयरमैन फुरकान अहमद का किया स्वागत




इटावा। इटावा महोत्सव एव प्रदर्शनी के पंडाल में देर रात आयोजित स्थानीय मुशायरे में एक से बढ़कर एक कलाम पढ़कर वाहवाही लूटी। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि फुरकान अहमद पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका का मुशायरा कन्वीनर इम्तियाज अहमद अंसारी एडवोकेट ने फूल माला, बैज लगाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। अध्यक्षता कर रहे उस्ताद शायर सलीम वारसी का स्वागत मास्टर असलम अंसारी ने किया। संचालन शायर यासीन अंसारी ने किया। इस मौके पर फुरकान अहमद ने कहा कि मुशायरे समाज की सही तस्वीर पेश करते है। उन्होंने ऊर्दू की तरक्की के लिए इस तरह के मुशायरों का आयोजन वर्ष में दो तीन बार करने का सुझाव दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत में उस्ताद शायर साबिर इटावी ने नात पाक पढ़ी। नवोदित शायर तालिब लईकी ने पढ़ा मैं छोटा हूं मगर दिल में अरमान बड़े रखता हूं। आमिर अंसारी ने पढ़ा अपने जज्बात को दिल में ही दबा लेते है हम तो दुश्मन को भी गले लगा लेते है। सुहेल अहमद सुहेल ने कहा अज्म फौलाद है सरहद भी गवाही देगी किसकी हिम्मत है जो भारत को मिटाने आए। आरिफ सिद्दीकी नूर ने पढ़ा अपना पैगाम है सभी के लिए वक्त रूकता नहीं किसी के लिए। रौनक इटावी ने पढ़ा माना ए दिल से हमने की फनकारी आप है हम जानते है कि कितने कलाकारी आप है। नईस भारती ने पढ़ा पहन के मोम के कपड़े कहां चले हो मियां ये पतता सूरज है ठंडा बिलाल थोड़े ही है। रियाज कलवारी ने पढ़ा छू रही है आजकल आसमां बेटियां लिख रही नई दास्तां बेटियां। नदीम अहमद एडवोकेट ने कहा फिर उसकी जद में अपने चिरागों को रख दिया देखें खिलाफ कितनी हवा हम से हुई है। अंत में कन्वीनर ने सभी का आभार व्यक्त किया। हरिओम सिंह विमल, सरदार हाशिम नईमी, शाहरूख अंसारी, वैभव यादव, नबाब अहमद अजहर, शकील सागर, इरफान आदिल, हिरा कासमी, आमिर इटावी ने कलाम पेश किये। कार्यक्रम में मास्टर असलम अंसारी, मास्टर सुल्तान, इसरार मास्टर, फिरोज अंसारी, सलीम अंसारी, राजू, डुल्ले राजपूत, मुईन अंसारी, रिजवान अहमद, सतेन्द्र वर्मा, सलिल वर्मा, ओमकार वर्मा, शाहिद सिद्दीकी, सभासद शरद बाजपेयी, दिलाशाद, लल्ला अंसारी, सचिन कठेरिया, जैनुल अंसारी, सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।

# 68 टीमों ने 3,278 बच्चों को पिलाई दवा

जसवंतनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र में रविवार को पल्स पोलियो अभियान के तहत व्यापक स्तर पर घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान में कुल 68 गांवों को शामिल किया गया, जहां 68 टीमों ने डोर-टू-डोर भ्रमण कर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3,178 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। इसके साथ ही क्षेत्र में संचालित 9 ईंट-भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों सहित 100 बच्चों को भी दवा दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अभियान के दौरान एक्स-हाउस अनुपस्थित, बंद घर की संख्या 291 रही, जिन्हें चिह्नित कर अगली विजिट में कवर करने की रणनीति बनाई गई है। अभियान की मॉनिटरिंग अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह और डॉ. विकास अग्निहोत्री द्वारा की गई। इसके अलावा बीएचडब्ल्यू केशव सिंह, अमित कुमार तथा एनजीओ प्रतिनिधि रज्जाक सहित करीब डेढ़ दर्जन सुपरवाइजरों ने टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अभियान में 68 टीमों के अंतर्गत एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आशा बहुएं शामिल रहीं, जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ डोर-टू-डोर कार्य किया। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर बच्चे तक दवा पहुंचाना प्राथमिकता है।

# ग्राम पंचायत सचिवों ने किया सांकेतिक आंदोलन




जसवंतनगर, इटावा। ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित अतिरिक्त विभागीय कार्यों के विरोध में ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों ने सांकेतिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू कर दिया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिवों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित एक पत्र सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।

पत्र में बताया गया कि पंचायत कार्यकारिणी के आह्वान पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर 2025 से मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों तथा ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध में सहयोग आंदोलन चलाया जा रहा है। सचिवों का कहना है कि आंदोलन के तहत रखी गई मांगें अब तक पूरी नहीं की गई हैं, जिससे कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। आंदोलन के तहत ग्राम पंचायत सचिवों ने अपनी डीएससी और डोंगल जमा कराते हुए सामूहिक रूप से उपस्थिति दर्ज कराई। सचिवों ने स्पष्ट किया कि वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन अतिरिक्त कार्यों का बढ़ता बोझ और ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। पत्र के माध्यम से यह भी अनुरोध किया गया है कि जब तक आंदोलन शांतिपूर्वक जारी है, तब तक किसी भी प्रकार की दंडात्मक या न्यायिक कार्रवाई न की जाए। डोंगल जमा करने वालों में सचिव नीरज यादव, संजीव श्रीवास्तव, वरुण, सुमित, राहुल श्रीवास्तव, आनंदकंद, आकांक्षा, सुमित कुमार, अवनीश कुमार, हेमंत कुमार, रजनीश कुमार, विवेक तिवारी, वर्षा यादव, सुषमा यादव सहित अन्य शामिल रहे।

संक्षेप

## घर लौटते समय लापता हुई छात्रा गुमशुदगी दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखनऊ में पढ़ाई कर रही एक छात्रा घर आते समय रास्ते से लापता हो गई। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी निवासी रामकिशोर पुत्र अनन्तराम ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री शिवांगी लखनऊ में पढ़ाई करती है। वह दोपहर करीब 12 बजे लखनऊ से ट्रेन द्वारा गोला के लिए रवाना हुई थी। गोला रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद वह अपनी सहेलियों के साथ अशोक चैराहे तक आई, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने सहेलियों और लखनऊ में शिक्षिका से संपर्क किया, जहां से जानकारी मिली कि शिवांगी सुबह ही ट्रेन से गोला के लिए निकल चुकी थी। छात्रा का मोबाइल फोन बंद आ रहा है, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ गई है। पिता ने पुत्री के साथ किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए पुलिस से तलाश कराने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और संभावित स्थानों पर पूछताछ व खोजबीन की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

धौरहरा खीरी। तहसील धौरहरा क्षेत्र के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदन पुत्र स्वामी दयाल, निवासी पचासा सुजानपुर, थाना पढुआ, कल रात लगभग 8:00 बजे के आसपास बाईपास रोड, धौरहरा पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल चंदन को तुरंत सीएचसी धौरहरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान आज उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## दहेज हत्या के आरोपी को भेजा जेल

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भगनापुर में नव विवाहिता की हत्या में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है वही ससुर और देवर की तलाश कर रही है। गांव अकोहरा पिहानी निवासी सुधीर ने अपनी बहन आरती 24 वर्षीय की संदिग्ध परिस्थिति 12 दिसंबर को मौत हो गई थी मृतका के भाई सुधीर कुमार ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने निरीक्षक उमेश चौरसिया ने पति रोहित को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मुकदमे में सास आरती ससुर रामचंद्र और देवर मोहित कुमार को पुलिस तलाश करने में जुटी है।

# सचिवों ने डीएससी जमा कर ऑनलाइन हाजिरी का जताया विरोध





- ऑनलाइन उपस्थिति व अन्य विभागों के कार्यों के विरोध में चल रहा सत्याग्रह आंदोलन

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी कि समस्त विकास खण्डो में प्रांतीय कार्यकारिणी के अवाहन पर पूर्व में दिए गए ज्ञापन पर अभी तक कोई कार्यवाही न होने से आक्रोषित सचिवों ने डोंगल जमा कर दिया है। बताया जाता है 01 दिसम्बर 2025 के क्रम में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के विरोध में चल रहे सांकेतिक शॉन्तिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन के परिपालन मे 15 दिसंबर 2025 तक हम सभी ग्राम पंचायत सचिव की कोई भी मॉग पूर्ण न हाने के कारण सभी सचिव अपना-अपना डी.एस.सी. सामूहिक रूप से उपस्थित होकर बीडीओ व एडीओ पंचायत को देकर ज्ञापन सौंपा।

**मोहम्मदी।** ब्लॉक मुख्यालय पर ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में पंचायत सचिवों ने पहले काला फीता बांधकर विरोध, हड़ताल, साइकिल चलाई और अब सामूहिक रूप से डोंगल जमा किए जिससे विकास कार्यों का पहिया थम गया है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पांडे और प्रदीप चौधरी के आवाहन पर ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ प्रकाश और मंत्री दिलीप के आवाहन पर सरकार की ऑनलाइन हाजिरी योजना के विरोध में डीएससी डोंगल जमा कर दिए हैं। उनका कहना है ब्लॉक मुख्यालय पर उपस्थित रहने वाले कर्मचारी और अधिकारियों की ऑनलाइन हाजिरी नहीं हो रही है जबकि एक ग्राम पंचायत सचिव के पास कई चार्ज होने के बाद भी ऑनलाइन उपस्थिति के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जिसे सार्वजनिक रूप से विरोध जताते हुए डोंगल जमा कर करने से वित्तीय लेनदेन ठप्प हो गए हैं।

**फूलबेहड़।** विकास खण्ड फूलबेहड़ में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताते हुए एडीओ पंचायत को डीएससी देकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी दीपक श्रीवास्तव, सौरभ वर्मा, ललित यादव, दिनेश वर्मा, प्रताप राना, डाली अवस्थी, गायत्री प्रसाद राना, शौर्य श्रीवास्तव, प्रियंका सिंह, इन्द्राणी सहित आदि मौजूद रहे।

**ईसानगर।** विकास खण्ड ईसानगर में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताते हुए एडीओ पंचायत को डीएससी देकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी शुनील मौर्य, शशि मौर्य, पुष्पा रानी, रजनी राना, राहुल भारती, राहुल कटियार, मो० आसिफ खान, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, मनीष कुमार, अनमोल वर्मा, आशीष कुमार, आकाश, अमन कुमार, अनूप कुमार, उत्तम बंसवार मौजूद रहे।

**रमियाबेहड़।** विकास खण्ड रमियाबेहड में ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जताते हुए बीडीओ श्रद्धा गुप्ता व एडीओ पंचायत सर्वेश कुमार को डीएससी देकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी होरेश राना, दिलीप गुप्ता, अजय राना, उपदेश वर्मा, तौसीफ अहमद, अमित कुमार, विनीत बरनवाल, दुर्गेश नंदिनी, अन्नू सिंह, अभिषेक वर्मा, राममिलन, रामनिवास, स्वाति लोधी आदि मौजूद रही।

# ट्राई साइकिल मिलने पर दिव्यांगों के खिले चेहरे



मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक मुख्यालय पर दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई मौजूद रहे संचालन बी डी ओ अश्वनी सिंह ने किया है।

आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 46 दिव्यांग जनों के जीवन को सरल और सरल बनाने के लिए कर ट्राई साइकिल में वितरित की हैं दिव्यांग जनों से संवाद करते हुए उनकी सभी समस्याओं को प्राथमिकता की तौर पर निस्तारण करने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर कमलेश वर्मा, सामोद सिंह समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे हैं।

# दिल्ली में मंदिर तोड़फोड़ के विरोध में गोला में पदयात्रा, ज्ञापन सौंपा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नई दिल्ली के झंडेवालान क्षेत्र स्थित मंदिर दरगाह बाबा श्री पीर रतन नाथ जी (पेशावर वाले) पर डीडीए व एमसीडी द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में गोला में श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रोष जताया। पदयात्रा के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया।



सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे दरगाह मंदिर के अनुयायी बड़ी संख्या में श्री दरगाह मंदिर पंजाबी कॉलोनी में एकत्र हुए। महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने राम नाम जाप करते हुए पंजाबी कॉलोनी से सदर/बड़े चैराहे तक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के पश्चात पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू की मौजूदगी में श्रद्धालु तहसील पहुंचे और एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा।

श्रद्धालुओं का आरोप है कि दिल्ली में की गई कार्रवाई में मंदिर परिसर की तुलसी वाटिका और भंडारा स्थल को क्षति पहुंची है, जिससे आस्था को ठेस लगी है। ज्ञापन में मांग की गई कि मंदिर की भूमि तत्काल मंदिर को वापस सौंपी जाए, तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो तथा धार्मिक स्थल को हुई क्षति की भरपाई कराई जाए। दरगाह मंदिर के प्रधान गोल्डी भसीन ने कहा कि यह विषय श्रद्धा और आस्था से जुड़ा है, इसलिए विरोध पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से किया गया। उन्होंने सरकार से मामले में गंभीरता से संज्ञान लेने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के दौरान हरिओम भसीन, हरीश भसीन, आकाश साहनी, गगन साहनी, मनीष सूरी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# डीएम ने की जल जीवन मिशन की परियोजनाओं की समीक्षा, दिए निर्देश



- पूर्ण योजनाओं की ज्वाइटिंग टेस्टिंग कर 22 दिसंबर तक जलापूर्ति के निर्देश
- संचालन संबंधी शिकायतें टॉप प्रायोरिटी पर, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। जल जीवन मिशन (ग्रामीण) की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों व कार्यदायी संस्थाओं की अहम बैठक ली। साफ शब्दों में डीएम ने कहा कि जहां पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां प्रत्येक दशा में 22 दिसंबर तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में वितरण प्रणाली का कार्य पूरा हो चुका है, उनकी ज्वाइटिंग टेस्टिंग कर 22 दिसंबर तक जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। संचालन से जुड़ी शिकायतों को टॉप प्रायोरिटी पर लेते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के आदेश दिए गए।

डीएम ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की फ्लैगशिप योजना है, इसमें ढिलाई, लापरवाही और बहानेबाजी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण, योजनाओं की वास्तविक प्रगति की रिपोर्ट और जवाबदेही तय करने के निर्देश देते हुए डीएम ने संकेत दिए कि तय समयसीमा में परिणाम न देने वालों पर कार्रवाई होगी। डीएम ने अफसरों से कहा कि लक्ष्य सिर्फ निर्माण पूरा करना नहीं, बल्कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। शिकायतों के समाधान में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, ताकि ग्रामीणों का भरोसा बना रहे। बैठक का संचालन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। इस मौके पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अविनाश गुप्ता, कार्यदायी संस्था एनसीसी के मोहम्मद जमाल, वीटीएल-गाजा के प्रियांशु, सहायक अभियंता प्रभाकर समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# आजमानी इंटर नेशनल स्कूल में पहुंचीं पूनम ढिल्लो

लखीमपुर खीरी। अजमानी इंटरनेशनल स्कूल में 17 वं वार्षिकोत्सव फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लों की मौजूदगी में मनाया गया। 13 एवं 14 दिसंबर को आयोजित इस आयोजन में परविंदर सिंह (यू.पी.स्टेट माइनोरिटी कमीशन)



एवं फिल्म अभिनेत्री पूनम ढिल्लो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सरदार जसमीत सिंह अजमानी, मैनेजिंग डायरेक्टर हरविंदर कौर, डायरेक्टर ब्रह्मजीत अजमानी, प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। 13 दिसंबर को कक्षा 1 से 5 एवं अजमानी किडजी (आजमानी किडजी) के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी रंग-बिरंगी एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से समारोह की शानदार शुरूआत की। इस अवसर पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत ह्ममोबाइल वाला बंदर कार्यक्रम ने मोबाइल की बढ़ती लत पर प्रभावशाली संदेश दिया। वही ह्महौसलों की उड़ान ने आत्मविश्वास और सपनों की उड़ान को दशार्या। देशभक्ति से ओतप्रोत 'Our Pride-जवान और किसान प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही आसरा तथा आकर्षक टॉलीवुड डांस ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर हरविंदर कौर, डायरेक्टर ब्रह्मदीप अजमानी एवं प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

# जाम से मिली राहत 15 दिन में हवा, फिर रेंगने लगी शहर की रफ्तार

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में जाम की समस्या एक बार फिर गंभीर होती जा रही है। 29 नवम्बर को जाम को लेकर खबर प्रकाशित होने और 30 नवम्बर को विधायक अमन गिरि की पहल पर प्रशासनिक बैठक के बाद कुछ दिनों तक राहत जरूर मिली, लेकिन करीब 15 दिन बीतते ही हालात फिर पहले जैसे बनने लगे हैं। सबसे अधिक परेशानी दोपहर के समय देखने को मिल रही है। स्कूलों की छुट्टी के दौरान सड़कों पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ जाता है, जिससे मोहम्मदी रोड पुरानी बाईपास, खुटार रोड और विकास चैराहे पर लंबा जाम लग रहा है। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक भी चिंतित नजर आ रहे हैं। विकास चैराहे पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए तैनात पुलिस कर्मी और चीनी मिल के कर्मचारी जाम नियंत्रण में प्रभावी भूमिका निभाते नहीं दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि समन्वय और सख्ती की कमी के कारण भारी वाहन और छोटे वाहन



- दोपहर की छुट्टी में फंस रही शहर की सांस, जाम फिर बना मुसीबत

अव्यवस्थित तरीके से निकलते हैं, जिससे जाम की स्थिति और बिगड़ जाती है।

गौरतलब है कि 30 नवम्बर को शिवम कॉम्प्लेक्स में हुई बैठक में सीओ रमेश कुमार तिवारी, तहसीलदार भीमचंद, कोतवाल अम्बर सिंह सहित पुलिस व नगर प्रशासन के अधिकारी तथा बजाज चीनी मिल के प्रतिनिधि मौजूद रहे थे। उस दौरान खुटार रोड और बांकेगंज रोड से आने वाले भारी वाहनों को तहसील के पीछे वाले मार्ग से डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया था, जिसका शुरूआती असर दिखा भी था। अब फिर से भारी वाहनों की मुख्य मार्गों पर आवाजाही बढ़ने से बाजार और चैराहों पर जाम लग रहा है। लोगों की मांग है कि प्रशासन पहले लिए गए निर्णयों को सख्ती से लागू कराए और मौके पर तैनात कर्मियों की जिम्मेदारी तय करे, ताकि शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके।

**जाम और अतिक्रमण पर एसडीएम करेंगी व्यापारियों से संवाद**

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में बढ़ती जाम की समस्या और नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने को लेकर एसडीएम प्रतिक्षा त्रिपाठी मंगलवार को व्यापारियों के साथ बैठक करेंगी। बैठक अपरान्ह चार बजे पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिन्कू की मौजूदगी में आयोजित होगी।

एसडीएम का मानना है कि शहर में जाम की प्रमुख वजह दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर किया गया अतिक्रमण है, जिससे पैदल चलने वालों को सड़क पर उतरना पड़ता है और यातायात बाधित होता है। इसी को लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से व्यापारियों से संवाद किया जाएगा। बैठक में व्यापारियों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन द्वारा जाम से निजात दिलाने के लिए साझा रणनीति बनाने पर जोर दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि सहयोगात्मक रवैये से ही शहर को जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहत दिलाई जा सकती है।

# धर्मान्तरण के आरोप में महिला पुरुष सहित दस गिरफ्तार



मीरजापुर। जिले की देहात कोतवाली पुलिस ने धर्मान्तरण कराए जाने के मामले महिलाओं सहित कुल 10 लोगों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से धार्मिक पुस्तक इत्यादि बरामद किया है। बताते चलें कि 14 दिसंबर 2025 को वादी आनन्द दूबे पुत्र रामेश्वर दूबे निवासी कुरकुठिया थाना कोतवाली देहात द्वारा नामजद लोगों के विरूद्ध धर्म विशेष का प्रचार करने के बहाने गांव के भोले-भाले लोगों को पैसा इत्यादि का प्रलोभन व लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्ध में तहरीर दी थी। जिस पर जांच कर कार्यवाही करते हुए सोमवार को पुलिस टीम ने कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खरहरा चर्च के पास से सभी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 4 धार्मिक पुस्तक बाइबिल, 10 कॉपी किताब, 3 स्मार्ट मोबाइल फोन व 1 की-पैड मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में भोला पटेल पुत्र जयशंकर निवासी तिलवां थाना रेवतीपुर थाना गाजीपुर (हालपता पादरी ग्राम खरहरा चर्च), कृष्णकान्त तिवारी पुत्र स्वर्गीय सीताराम तिवारी निवासी बढ़ौली थाना कोतवाली, अगनू प्रसाद पुत्र विश्राम निवासी लेढ़ू, माया पटेल (पादरी की पत्नी) पत्नी भोलानाथ पटेल निवासिनी खरहरा, फूलपत्ती पत्नी गौतम निवासिनी जसोवर पहाड़ी खरहरा, सुशीला देवी पत्नी संतोष निवासिनी किरतारतारा, हीरावती देवी पत्नी भगवान निवासिनी खरहरा, रेनू पत्नी प्रदीप तिवारी निवासिनी बढ़ौली, लक्ष्मी पत्नी बब्बू निवासिनी किरतारतारा एवं साधना पत्नी राजेन्द्र निवासिनी विश्वनाथपुर शामिल रहे हैं।

# नशे में कार चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मोहम्मदी रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मोहल्ला हफीजपुर स्टेशन के सामने निवासी राजनंदनी पत्नी अतुल कुमार ने कोतवाली गोला में दी तहरीर में बताया कि उनके पति अतुल कुमार कंजा स्थित अपने मेडिकल स्टोर को बंद कर पिता अनिल कुमार के साथ स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मोहम्मदी रोड स्थित मित्तल पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार हुंडई कार ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक शराब के नशे में था और कार में एक बालक सहित तीन लोग सवार थे। हादसे में अतुल कुमार का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि पिता अनिल कुमार की कमर से ऊपर रीढ़ की हड्डी टूट गई। सूचना पर पहुंची डायल 108 एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी गोला ले जाया गया, जहां से अनिल कुमार की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। अतुल कुमार का इलाज नगर के निजी अस्पताल में चल रहा है।

## नौ दिवसीय क्रिकेट का पालिका अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषद एवं क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे नौ दिवसीय ₹लखीमपुर खेल महोत्सव सीजन-2₹ का भव्य उद्घाटन दीप प्रज्वलन, तिरंगें गुब्बारों संग खेल महोत्सव के प्रतीक को उड़ाकर तथा कुश्ती के मैदान अर्थात रिंग का फीता काटकर किया। दर्शकों और खेल प्रेमियों से भरा पूरा मैदान मिनी स्टेडियम के रूप में नजर आ रहा था, जिसको सजाने संवारने में नगर पालिका अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आयोजन में संयोजन की मुख्य भूमिका निभा रहे विधायक योगेश वर्मा, क्रीड़ा भारती के कपिल श्रीवास्तव, आशीष सिंह चौहान, कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा आदि की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विभिन्न सभासद, समाज सेवी, अतिथि एवं भारी संख्या में दर्शक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। तत्पश्चात बालिका वर्ग के प्रथम मैच बालिका विद्या मंदिर और सी.वी. सिंह गौड के मध्य खेला गया। मैच बालिका विद्या मंदिर 10 विकेट से विजयी हुई। इस मैच में वूमेन ऑफ द मैच महक कौर, बेस्ट फील्डर रुची, बेस्ट बॉलर रागिनी को प्राप्त हुआ और वूमेन ऑफ द मैच का खिताब कोमल शर्मा को प्राप्त हुआ। दूसरा मैच बालिका वर्ग में डॉन वास्?को और तो महीना विद्यालय के मध्य बिला गया जिस मैच को डॉन बहको ने 9 विकेट से जीत लिया। इस मोके पर नगर पालिका अध्यक्ष डाक्टर ईरा श्रीवास्तव, ईओ संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पवन कुमार गौतम, कपिल श्रीवास्तव सहित आदि मौजूद रहे।

## बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र व पत्रकार के निधन पर हुई शोक सभा

पलियाकलां खीरी। बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र रहे अभिजीत मिश्रा उर्फ रजत के निधन पर बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति ने शोक जताया है। इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया। तथा ईश्वर से प्रार्थना की मृतक की आत्मा को शांति एवं पारिवारी जनों को असीम दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। विद्यालय प्रबंधक राजेश भारतीय एडवोकेट आज पलिया में नहीं उपस्थित थे परंतु उन्होंने रजत के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## डीएम की अध्यक्षता में खेल विकास व प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

मीरजापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उप्र खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला स्तर पर सांसद खेल स्पर्धा यथा-एथलेक्टिक्स, वालीबाल, कबड्डी, कुश्ती, भारतोल्लन, बैडमिंटन, फुटबाल एवं जूड़ो आदि के खेलों के आयोजन पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि कराए जाने वाले खेल स्पर्धाओ की रूप रेखा तैयार कर सांसद से समय लेते हुए खेलो को सुनिश्चित करायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के उद्यमी कारपेट व्यवसायी, विभिन्न कालेजो, बैंकर्स व अन्य व्यवसायियों तथा एनजीओ को खेल प्रतियोगिताओ में जोड़ते हुए स्पांशरशिप भी कराया जाए ताकि लोगों को रूझान खेल प्रतियोगिताओं के तरफ बढ़े तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हो सके। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के संबंध में व उनके अनुभवो अथवा विभिन्न खेलों के बारे मे उन लोगो से लेख, फीचर आदि लेकर जनपद के बारे में भी लेख फीचर तैयार करते हुए वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन करवाने की दिशा में कार्य किया जाए ताकि खिलाड़ियो व आने वाले प्रतिभाओं का प्रचार प्रसार किया जा सके। बैठक मे दिव्यांग जन क्रिकेट खिलाड़ियो के लिए क्रिकेट किट जेल पोर्टल के माध्यम किये जाने पर चर्चा, मेजर ध्यानचंद जी जन्म दिवस पर आयोजित होने वाले वृहद खेल क्रिया कलापो पर चर्चा खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ीकरण किए जाने पर विचार विर्मश सहित अन्य बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक मे अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मवीर सिंह, जिला युवा कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार सिंह, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षक निधि पटेल, अवर अभियंत सिंचाई अंकित, जिला व्यायाम शिक्षक विनोद कुमार, सचिव जिला ओलम्पिक संघ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## मोबाइल की उपयोगिता विषय पर शिक्षक-छात्र संवाद गोष्ठी आयोजित

लालगंज, मीरजापुर। भारतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सोमवार को कैसे सीखें, पढ़ें, सोचें और मोबाइल की उपयोगिता विषय पर शिक्षक-छात्र संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने शिक्षा के बदलते स्वरूप, स्वाध्याय की भूमिका और मोबाइल के संतुलित उपयोग पर विस्तार से विचार रखे। मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक त्राण कर्ता ने कहा कि कक्षा की किताबें केवल पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य निर्माण की मूल पूंजी हैं। विद्यार्थी जब स्वाध्याय को आदत बनाता है और शिक्षक के मार्गदर्शन को सही दिशा में अपनाता है तभी वह योग्य और आत्मनिर्भर बन पाता है। मोबाइल ज्ञान का साधन है, लेकिन उसका विवेकपूर्ण उपयोग ही छात्र को आगे बढ़ाता है। विशिष्ट वक्ता राजेश कुमार ने कहा कि आज का विद्यार्थी तकनीक से घिरा है। ऐसे में सोचने की क्षमता विकसित करना सबसे बड़ी चुनौती है। पढ़ाई के साथ चिंतन और प्रश्न करने की आदत ही सच्ची शिक्षा की पहचान है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पप्पू यादव ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं बल्कि समाज को दिशा देने का औजार है। यदि छात्र मोबाइल का उपयोग सीखने के लिए करें तो वही मोबाइल उनके भविष्य का सहायक बन सकता है। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामराज त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक और छात्र के बीच संवाद जितना मजबूत होगा सीखने की प्रक्रिया उतनी ही प्रभावी होगी। आज की पीढ़ी को पुस्तकों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश द्विवेदी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रविकांत शुक्ला, सूफिया, संजय कुमार, तनु अग्रहरि, ओम प्रकाश मिश्रा, प्रियंका पांडे, अदिति आदि ने विचार रखें।

## बीड़ी मजदूरों का ई-श्रम कार्ड बनवाने की मांग

आजमगढ़। नगर में स्थित तकिया चकला पहाड़पुर मुहल्ले में असंगठित बीड़ी मजदूर कल्याण समिति के कार्यालय पर एक बैठक हुई। बीड़ी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कैलाश प्रसाद गोड़ ने कहा कि जिले में करीब 12 हजार महिला और पुरुष बीड़ी बनाने के काम में लगे हुए है। सुबह से शाम तक एक हजार बीड़ी बनाने की मजदूरी आज भी सत्तर रुपये से 80 रुपये तक मजदूरी दी जाती है। इतने कम मजदूरी में इनके परिवार का भरण पोषण करना काफी मुश्किल है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बीड़ी मजदूरों को ई-श्रम कार्ड बनवाकर उन्हे परिचय पत्र दिया जाये।

संक्षेप

## युवक ने लगायी फांसी

आजमगढ़। जनपद के सगड़ी थाना क्षेत्र के रौनापार अंतर्गत कांखभार ग्राम पंचायत के भोजपुर गांव में एक 25 वर्षीय युवक पिंटू यादव ने घर से महज 100 मीटर दूर आम के पेड़ पर गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची दाम महुला पुलिस चैकी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रविवार शाम धान की कुटाई के बाद पिंटू यादव ने बाजार से मछली लाकर पत्नी सरिता के साथ खाना बनाया और दोनों ने साथ मिलकर भोजन किया। रात करीब 12 बजे पिंटू ने पत्नी से कहा कि उनका पेट खराब हो रहा है और वे शौच के लिए जा रहे हैं। इसके बाद वे घर लौटकर नहीं आए। पत्नी ने सोचा कि शायद किसी काम से कहीं चले गए होंगे और सो गईं। सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए गए ग्रामीणों ने घर से पश्चिम दिशा में 100 मीटर दूर आम के पेड़ पर पिंटू का शव लटकता देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और रोते-बिलखते विलाप करने लगे। पत्नी सरिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक पिंटू यादव अपने पिता मुन्नीलाल यादव से काफी समय से अलग रह रहा था। वह तीन बहनों में सबसे छोटा और परिवार का इकलौता पुत्र था। उसकी दो छोटी बेटियां हैं, एक तीन साल की और दूसरी मात्र तीन महीने की। पिंटू मकान की शटरिंग का काम करता था और इसी से परिवार का भरण-पोषण चलाता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुबह घटना की जानकारी फैलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई और सभी लोग स्तब्ध थे।

## शार्ट सर्किट से आग आधा दर्जन वाहन राख

जौनपुर। सुइथाकला क्षेत्र के सरायमोहिउद्दीनपुर पुलिस चैकी के सामने स्थित सर्विस सेंटर में रविवार रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग ने आधा दर्जन बाइक, ई-रिक्शा और पुराने टायर समेत हजारों रुपये का सामान निगल लिया। सर्विस सेंटर मालिक को सोमवार सुबह घटना की जानकारी हुई, उन्होंने पुलिस को सूचना दी।महमूदपुर निवासी कमलेश मौर्य बाजार स्थित इस सर्विस सेंटर पर गाड़ियों की धुलाई व मरम्मत का काम करते हैं। रोजाना की तरह रविवार रात वे तीन बाइक और तीन ई-रिक्शा अंदर खड़ी कर घर चले गए। रात में शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी, जो तेजी से फैल गई। सुबह पहुंचे मालिक ने देखा तो सब कुछ जलकर खाक हो चुका था।

## दुष्कर्म में युवक गिरफ्तार

जौनपुर। थाना सिकरारा पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन संबंध बनाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार सिकरारा के उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मुखबिर की सूचना पर शनिवार को थाना सिकरारा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 439/25, धारा 69/115(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त रवि विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गुलजारगंज बाजार से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रवि विश्वकर्मा पुत्र स्व. रामप्रताप विश्वकर्मा निवासी ग्राम सरायपुल, थाना पवई, जनपद आजमगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी की जा रही है।

# भुगतान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन



विंढमगंज,सोनभद्र। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत आशा कार्यकताओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार को एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से आशा बहनों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाग का ध्यान समस्याओं की ओर आकृष्ट कराया। आशा कार्यकताओं का आरोप है कि लंबे समय से उन्हें प्रोत्साहन राशि, मानदेय तथा वर्ष 2025 के अंतर्गत किए गए कार्यों का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है।

प्रदर्शन में शामिल आशा कार्यकर्ताओं में शाहजहां बेगम, रुक्मिणी देवी, विंदा देवी, सुनीता देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, रूपा देवी, कुसुम देवी, उषा देवी, मीरा देवी, चिंता देवी, प्रतिमा देवी, रिंकू देवी, ममता देवी एवं मीना देवी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कहा कि वे वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीकाकरण, परिवार नियोजन, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं को सफल बनाने में दिन-रात मेहनत कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें समय पर उनका मेहनताना नहीं मिल पा रहा है भुगतान को लेकर कई बार उच्चाधिकारियों और संबंधित विभागों को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। उनका कहना है कि समय पर भुगतान नहीं होने के कारण घर-परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर कार्य का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अधिकारियों द्वारा केवल आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। प्रदर्शन कर रहीं आशा कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सभी लंबित प्रोत्साहन राशि एवं मानदेय का तत्काल भुगतान किया जाए, भविष्य में भुगतान की समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा आशा बहनों को न्यूनतम मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक सुविधाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन को और व्यापक रूप देंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को उच्च अधिकारियों तक भेजने तथा समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

## पंचायत की आय बढ़ाने की कार्यशाला



दुद्धी, सोनभद्र। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत पंचायत सहायकों/ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव को पंचायत के आय बढ़ाने को (ओसीआर) की दो दिवसीय ट्रेनिंग उप निदेशक (पंचायत), विंध्याचल मंडल मिजापुर, के निर्देशन में इंडिको प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के द्वारा देने का शुभारंभ सोमवार को ब्लाक सभागार में एडीओ पंचायत आशुतोष श्रीवास्तव ने द्वीप प्रज्वलन कर किया।

इस दौरान वरिष्ठ फैकल्टी डीपीआरसी राजेश त्रिपाठी ट्रेनर संदीप कश्यप एवं भास्कर प्रसाद ने बताया कि बताया कि पंचायत एक स्वतंत्र इकाई के रूप में कार्य करती है विकास कार्य में धन राशि की आवश्यकता पड़ती है राज्य सरकार एवं केंद्र से जो धनराशि प्राप्त होती है उसमे कराए जाने वाले कार्य निश्चित कर दिया जाता है जिसके कारण पंचायत बहुत से कार्य नहीं कर पाती। अगर पंचायत स्वयं के श्रोत से आय करती है तो उस पैसे से अपने पंचायत के आवश्यकतानुसार कोई भी कार्य कर पाएगी। पंचायत के स्वयं के कौन कौन से श्रोत है उसके बारे में भी संक्षिप्त जानकारी देते हुए यह भी बताए कि अगर 1500 के नीचे की आबादी वाली पंचायतें रुपए 10000 तक की स्वयं के श्रोत से आय करती है तो उन्हें रुपए 50000 तक सरकार द्वारा आत्म निर्भर पंचायत पुरस्कार अंतर्गत प्रोत्साहन धनराशि पंचायत के विकास कार्य हेतु दिया जा रहा है रुपया 10 हजार से जितना रुपया ज्यादा पंचायतें स्वयं के श्रोत से आय करेंगी उस राशि का पांच गुना प्रोत्साहन की धनराशि सरकार द्वारा दी जा रही है। अतः आप लोग जो 1500 से नीचे के आवादी की पंचायतें है वे ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन राशि पाने हेतु पंचायतों में स्वयं के श्रोत से आय अर्जित करने हेतु प्रयास करे जिससे पंचायते अपने विकास विकास कार्यों को इच्छानुरूप कर सकती है।बताया गया कि पंचायत सहायक जाति प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड आर आर सी सेंटर आदि क्षेत्रों से आय को बढ़ा सकते है।

## धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो गिरफ्तार



जौनपुर। धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। यह पूरा मामला सुरेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देहुआ का है। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि देहुआ गांव की हरिजन बस्ती में लोगों को धन व प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है। एक घर में लोगों को इकट्ठा करके बाइबल पढ़ाई जा रही थी। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान पुलिस ने कृष्णा सोनी पुत्र श्याम कुमार सोनी और प्रमोद कुमार पुत्र पारसनाथ को हिरासत में लिया। दोनों आरोपी ग्राम भानपुर ढुंढापुर, थाना सुरेरी के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से 20 बाइबल और एक बोतल पवित्र जल बरामद किया है। आरोपी करीब 20 से 25 महिलाओं को एकत्र करके ईसाई धर्म में परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहे थे। इस मामले में थाना सुरेरी में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/5(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार डायल 112 पर इस संबंध में सूचना मिली थी। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## अनंतपुरा में लगा निःशुल्क फाइलेरिया जांच शिविर, 105 लोगों की हुई जांच

आजमगढ़। संकल्प फाउंडेशन के शहर के गुरुटोला अनंतपुरा स्थित कार्यालय पर सदस्य जिला योजना समिति एवं सभासद मोहम्मद अफजल के तत्वावधान में निःशुल्क फाइलेरिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 105 महिला एवं पुरुषों की जांच की गई, जिसमें अधिकांश लोग नेगेटिव पाए गए, जबकि दो व्यक्ति पॉजिटिव चिन्हित किए गए। सभासद मोहम्मद अफजल ने कहा कि स्वस्थ्य आजमगढ़ की परिकल्पना को साकार करने के लिए संकल्प फाउंडेशन की यह पहल सराहनीय है। अनंतपुरा वार्डवासियों के लिए निरंतर ऐसे कार्य किये जाते रहे है और आगे जारी रहेगा। उन्होंने फाइलेरिया रोग की जांच हेतु समय देने वाले सभी स्टाफ के प्रति आभार जताया। सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष कृष्णा साहिल ने कहाकि फाइलेरिया जांच शिविर के प्रति सजगकता और जागरूकता का प्रयास किया गया है। अच्छी बात है कि इस वार्ड के लोगों ने जांच कराने में सहयोग किया है आगे भी शिविर के माध्यम से लोगों को लाभांवित किया जायेगा। कार्यक्रम में नेशनल फाइलेरिया लैब टेक्नीशियन प्रतिभा सिंह, स्टाफ नर्स रंजीत कुमार शर्मा, वार्ड बॉय राम सरन, स्पॉटिंग स्टाफ राम खेलावन, ए.एन.एम. माया राय, आशा बहू नीतू सिंह सहित नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम मौजूद रही। शिविर में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने भाग लिया।

## पिता की प्रेरणा से शुरू हुए निःशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर के 16 साल पूरेः डॉ. डी.डी. सिंह



आजमगढ़। कहते हैं जज्बा हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता। इसी जज्बे को लिए अजमतगढ़ ब्लॉक क्षेत्र के छपरा सुल्तानपुर गाँव निवासी शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ डी डी सिंह विगत 16 वर्षों से अनवरत निःशुल्क परामर्श व दवाएं शिशुओं को देते आ रहे हैं। जनपद के ख्यातिलब्ध शिशु व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. डी.डी. सिंह 13 दिसम्बर 2009 से लगातार 16 वर्षों से प्रत्येक रविवार अपने पैतृक गांव छपरा सुल्तानपुर आवास पर ग्रामीण शिशुओं का इलाज कर रहे हैं। क्षेत्र के साल्हेपुर, अजगरा, हरई इस्माइलपुर, खर्रा रास्तीपुर, इमिलिया, टनकपुरा, कठरा, कोठिया, छपरा, रसूलपुर, भटौली, कंजरा, मेघई आदि गाँवों के लोग इस शिविर से लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही दूर दराज के मरीज भी पता लगाकर पहुंचते हैं।

लगातार 16 वर्षों से निःशुल्क इलाज कर रहे डॉ. डी.डी. सिंह के सामने कई शिशु ऐसे आये जो धनाभाव के कारण इलाज नहीं कर पाते। उन बच्चों को इनके इलाज से जीवनदान मिला। उनके सामने कई ऐसे बच्चे आये जिनको इलाज कर वे अपने आप को धन्य मानते हैं। आज भी बहुत लोग ऐसे हैं, जिनके पास धनाभाव के कारण बच्चे बीमार पड़ने पर समुचित इलाज नहीं करा पाते। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति अभिभावक हमेशा सतर्क रहते हैं, क्योंकि ये ही घर, गाँव, जिले, प्रदेश व देश के आने वाले कल को संवारते हैं। ऐसे में इनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहना अति आवश्यक है, जो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से ही संभव है। पूरे देश, प्रदेश को तो नहीं, एक गांव व आसपास के लोगों के ही शिशुओं को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा देकर डॉ. डी.डी. सिंह इस कड़ी में अपना अमूल्य योगदान प्रदान कर रहे हैं। डॉ. डी.डी. सिंह कहते हैं कि माता-पिता की प्रेरणा से यह कार्य हमने शुरू किया। आज अबोध बच्चों का इलाज कर हमें आत्म संतुष्टि मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिताजी के आशीर्वाद से शुरू हुए निःशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर के आज 16 वर्ष पूरे हो गए। आज पिताजी की याद बहुत आ रही है। दुर्भाग्य से आज पिताजी हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका संस्कार सदा हमारे साथ रहेगा। पिताजी के आशीर्वाद स्वरूप यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर आगे भी ऐसे ही चलता रहेगा, जिससे कुछ जरूरतमंद बच्चों का इलाज तो हम कर सकेंगे। विदित हो कि यह क्षेत्र ग्रामीण इलाका है, जहाँ अभी भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है। ऐसे में डॉ. सिंह द्वारा निःशुल्क इलाज किए जाने से शिशुओं को काफी राहत मिल रही है। 16 वर्ष पूरे होने पर डॉ. सिंह के घर मरीज बच्चों व शुभचिंतकों का जमावड़ा लगा हुआ था।

## आईपीए ने मजबूती से भरी हुंकार



जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन की प्रतिनिधि मंडल की बैठक रविवार को कुंवर सिंह उद्यान में सकुशल संपन्न हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक को सम्बोधित करते हुए आईपीए के डा मुकेश यादव ने कहा संगठन के पदाधिकारियों को जो जिम्मेदारी मिली है उस सभी को ध्यान देने की जरूरत है। संगठन को मजबूत बनाने के लिए हम लोगों को लामबंद होने की जरूरत है। आगे कहाकि लंबे समय से सरकार से मांग की जा रही है कि पैराचिकित्सकों एवं अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को प्राथमिक उपचार करने का अधिकार प्रदान किया जाए। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के हर विभाग की भर्ती निकाली जाए। अनुभवशील ग्रामीण चिकित्सकों को शासन द्वारा अधिकृत कुशल चिकित्सकों जैसे (जिला चिकित्सालय, सामुदायिक केंद्र एवं मान्यता प्राप्त चिकित्सालय) द्वारा 6 से 12 माह का प्रशिक्षण दिलाकर प्राथमिक उपचार करने की स्वीकृति प्रदान की जाए।

इस मौक पर डॉ मुकेश यादव, डॉ रामकेश यादव, डॉ प्रमोद विश्वकर्मा, डॉ नविशान अहमद, डॉ विवेक प्रकाश, डॉ राणा शर्मा, डॉ अवधेश, डॉ संतोष आदि लोगों उपस्थित थे।

## पेशनरों ने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया



जौनपुर। केन्द्र सरकार के गठित आठवे वेतन आयोग के जारी राजपत्र में पेंशन पुनरीक्षण सम्मिलित नही किए जाने के विरोध मे पेंशनर्स सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति उत्तर प्रदेश एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान मे जनपद जिलाध्यक्ष सी बी सिंह की अध्यक्षता मे जनपद मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर पेन्शनर्स ने विरोध प्रदर्शन किया। सी बी सिंह ने पेंशनर्स के पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभ के मुद्दे को सामिल करने,एवं गजट नोटीफिकेशन के बिन्दु तीन पर उल्लिखित गैर अशंदायी गैर वित्त पोषित क्लाज को हटाने की सरकार से मांग किया ,जिससे पुराने पेंशन रूल के बदले जाने की शंका का समाधान हो सके, अन्यथा पेंशनर्स बडा आन्दोलन करेगे जिसकी जिम्मेदार सरकार खुद होगी। सभा में ज्ञापन पढ कर जिला मन्त्री कृपाशंकर उपाध्याय ने सुनाया जिसे सर्व सम्मत से पेंशनर्स सभा ने पारित किया । शिक्षक पेंशनर्स के जिलाध्यक्ष सुबेदार यादव एवं मन्त्री शिवजोर ने अपने सम्बोधन मे सरकार की पेंशनर्स बिरोधी निति की आलोचना करते हुए ,सरकार से पेंशन पुनरीक्षण को वेतन आयोग के टर्म्स रिफरेन्स मे सम्मिलित करने की मांग करते हुए ,संघर्ष के लिए पेंशनर्स का आव्हान किया।प्रदर्शन स्थल पर प्रधान मन्त्री भारत सरकार व मुख्य मन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार को समबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिह को सौपा गया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक राकेशकुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष सत्य देव सिह सुबेदार यादव, कंचनसिंह, ओंकार नाथ मिश्र, राजपति विश्र्वकर्मा, कृष्ण कुमार तिवारी, नरेन्द्र कुमार सिह, राजेश कुमार श्रीवास्तव, इ0बेचन मिश्र, नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, राम प्रताप यादव, बिक्रमाजीत यादव, सन्तोष कुमार श्रीवास्तव, रमेश, अशोक कुमार मौर्य, चन्द्र शेखर सिंह, इ0 राम सहाय यादव, इ0 प्रमोद कुमार सिह, दिनेश कुमार सिंह, शेषनाथसिह, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह, शम्भूनाथ यादव, राजेन्द्र प्रसाद सिंह जे डी सिंह, इ0 विकास चन्द्र श्रीवास्तव आदि रहे ।

## सचिवों ने एडीओ पंचायत को सौंपा डोंगल

सोनभद्र। ऑनलाइन अटेंडेंस प्रणाली एवं अन्य विभागों का कार्य जबरन कराए जाने का क्रमिक विरोध के बाद 15 दिसम्बर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना-अपना डोंगल एडीओ पंचायत को सौंप दिया। इसके पूर्व सचिवों ने 5 दिसम्बर को काली पट्टी बांधकर विरोध जताया था इसके 10 दिसम्बर को भी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा था। ग्राम पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों की कार्यप्रणाली के अनुकूल नहीं है और इससे फील्ड वर्क तथा पंचायत के नियमित कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य सचिवों पर अनावश्यक भार डाल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर 15 दिसम्बर को सभी पंचायत सचिव अपना-अपना डोंगल ब्लॉक में जमा कर दिए हैं। इस दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार, अरुण कुमार यादव, राकेश कुमार, राम नारायण, सचिन गिरी, सुनील श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, अनीश कुमार सहित अन्य सचिव मौजूद रहे। इसी प्रकार विकासखंड करमा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने सोमवार को अपने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार ए, डी, ओ, पंचायत, को डोंगल जमा कर दिया। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की माना जाए तो इन लोगों का विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण एवं सत्याग्रह के रूप में चल रहा है। जिसमें मुख्य रूप से विभिन्न बिंदुओ ऑनलाइन उपस्थिति, अन्य विभागों के कार्यों में लगाने, साइकिल भत्ता जो अब से लगभग 40 से 50 वर्ष पूर्व दिया जाता रहा है वहीं आज भी जारी होने, शैक्षिक योग्यता एवं ग्रेड पे बढ़ाने, की मांग को लेकर प्रदेश नेतृत्व सरकार से मांग कर रहा है कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हमारी मांगों को पूर्ण किया जाए ।

## श्रद्धांजलि देकर निकल गये मुख्यमंत्री मोहन यादव



जौनपुर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को जिले के समसपुर पनियरिया पहुंचे। उन्होंने राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव के घर आयोजित तेरहवीं में शामिल होकर उनके दिवंगत पिता स्वर्गीय सवधु यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री तीन घंटे विलंब से पहुंच सके।

श्रद्धांजलि के बाद मुख्यमंत्री ने घर के अंदर दिवंगत सवधु यादव की माता रजपत्ती सहित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिवार को सांत्वना दी। लगभग आधे घंटे तक परिजनों से मिलने के बाद मुख्यमंत्री बाहर आए और भीड़ तथा कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। उन्होंने पंडाल में उपस्थित लोगों और जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत की और कुछ लोगों के साथ सेल्फी भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा कि वह महाकाल की धरती से बाबा विश्वनाथ की धरती पर आए थे। उन्होंने मीडिया के अन्य सवालों का जवाब दिए बिना प्रस्थान किया। मुख्यमंत्री मोहन यादव इसके बाद सीधे अपनी फॉरच्यूनर कार से हेलीपैड स्थल के लिए रवाना हो गए। दोपहर लगभग सवा दो बजे वह हेलिकॉप्टर से वाराणसी एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर गए। हेलीपैड पर उन्होंने भाजपा के कई नेताओं, जनप्रतिनिधियों और विधायकों से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही। मुख्यमंत्री ने राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव से व्यक्तिगत रूप से बात कर उन्हें सांत्वना दी और दुख व्यक्त किय विधायक रमेश सिंह, विधायक रमेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर हरिश्चंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, सहित तमाम लोग मौजूद रहे। ज्ञज्ञत हो कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां सभी प्रशासनिक विभाग हाईअलर्ट पर रहे। एक किलोमीटर के राउंड पर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही थी। खेत खलिहानों से लेकर छत व पेड़ों पर पुलिस मुस्तैद रही वहां से पैनी नजर लोगों पर रख रही थी। इसके साथ ही सड़क या किसी भी मार्ग से आने जाने वालों की सघन जांच भी की जा रही थी, लोगों की छानबीन कर ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा था।हेलिकॉप्टर स्थल पर उतरते ही दूर से देखने वाले लोग चिल्लाने लगे, लेकिन सुरक्षा के बीच हेलीपैड स्थल तक कोई नहीं पहुंच सका दूर से ही शोर करते रहे।

# बिना विवाह के फर्जी खाते में दिलाये गये हितलाभ योजना का लाभ

मीरजापुर। श्रम विभाग मीरजापुर में व्याप्त भ्रष्टाचार का मामला जोर पकड़ा जा रहा है। सोमवार को श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में किए गए लाखों के भ्रष्टाचार घोटाले में संलिप्त अधिकारियों कर्मचारियों एवं बिचौलियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मीरजापुर के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने जिलाधिकारी पंकज कुमार गंगवार को पत्रक सौंपा है। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि श्रम विभाग मीरजापुर कार्यालय से कुछ असंगठित गिरोह, बिचौलिए द्वारा अपने निजी लाभ के लिए दुरभिसंधि कर निर्माण श्रमिको, मजदूरों एवं सीधे-साधे लोगों को लुभावना प्रस्ताव देकर अपने जाल में फसाते हैं। फंसाने के बाद उनके बैंक खाते, आधार कार्ड व व्यक्तिगत दस्तावेज लेकर उनका दुरूपयोग करते हुए जान बूझकर कूटरचित दस्तावेज जैसे, बिना शिशु के जन्मे, सरकारी अस्पताल का जन्म प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल तथा बिना प्रसव के ही सरकारी अस्पताल का प्रसव प्रमाण पत्र सहित आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों का फर्जी सत्यापन एवं प्रमाण पत्र तैयार कर कराकर निर्माण श्रमिकों के लिए संचालित, श्रम विभाग की योजनाएं मसलन, मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना तथा पुत्री विवाह अनुदान योजना में लाभ दिलाया गया है, जो बिना श्रम विभाग के जांचकर्ता, सत्यापन अधिकारी से सांठ-गांठ किए संभव प्रतीत नहीं होता।

उदाहरण के तौर पर बताया गया है कि कार्यालय उप श्रमायुक्त, उप्र, मिजार्पुर क्षेत्र, पिपरी सोनभद्र पंकज सिंह राणा की रिपोर्ट कार्यालय आदेश पत्र संख्या 992-98 एमआर. पिप भ.नि., (जांच) -2024 01 मई 2024 संलग्न है, रिपोर्ट के अनुसार 12 आवेदनों की जांच में सभी 12 फर्जी पाये गये जिसमें कूट रचित कागजाज के आधार पर 11 के खाते में फर्जी लाभ लिये दिये गये थे। जांचकर्ता अधिकारी, उप श्रमायुक्त राणा ने भी अपने जांच, आदेश में उक्त लाभार्थियों तथा कूट रचित दस्तावेज तैयार करने वाले अज्ञात के विरूद्ध तत्कालिन भादवि की धारा-120 बी, 192, 197, 420, 464, 467, 468 तथा 471 तथा अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कराये जाने का आदेश तत्कालिन सहायक श्रमायुक्त मीरजापुर सुविज्ञ सिंह को दिया था, जो शायद इसलिए नहीं कराया गया कि विभाग के लोग बुरी तरह फंस सकतें हैं। हालांकि इस प्रकरण में आदेश उपरान्त श्रम विभाग मीरजापुर द्वारा 10 खातेदारों के नाम से रूपए. 05'14,416- की वसूली की कार्यवाही की गयी है। इस प्रकरण में गोपालपुर के ग्राम प्रधान व जांच अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी का भी जिक्र किया गया है। जांच रिपोर्ट में यह अपने आप में स्पष्ट है कि गोपालपुर, विंध्याचल प्रकरण में लाभ गलत तरीके से लिए गये थे जिसमें जांच अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने अपने पद का दुरूपयोग किया है।

### बिना विवाह के बांट दी हितलाभ योजना

उक्त अधिकारी ने अपने स्थलीय जांच में फर्जी आवेदन गीता देवी पत्नी भजन निषाद में जानबुझकर रेनु गुप्ता को भजन निषाद की पुत्री माना और निजी लाभ देखते हुए अपने स्थलीय जांच रिपोर्ट में सत्यापन कर कन्या विवाह सहायता योजना का हितलाम बैंक खाते में भेजने की संस्तुती की, जबकि वास्तव में आवेदक को रेनु नाम की कोई पुत्री है ही नहीं तथा जांच के समय भजन निषाद की सबसे बड़ी पुत्री की आयु लगभग 14 वर्ष थी अर्थात बिना विवाह के फर्जी खाते में हितलाभ दिलाये गये। मजे कि बात है कि सत्यापन कर्ता, जांच अधिकारी कौशलेन्द्र कुमार सिंह ने ज्यादातर मामले की स्थलीय जांच की है बावजूद इसके लाभ देने की संस्तुति की।

गौरतलब हो कि इस संबंध में श्रम विभाग की सचिव, बोर्ड श्रीमती पूजा यादव उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, लखनऊ ने 10 सितंबर 2025 को मीरजापुर में कार्यरत विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से लाभ लिए जाने सम्बन्धी शिकायती प्रकरणों की जांच के सम्बन्ध में व अन्य में अपर, उप श्रमायुक्त वाराणसी क्षेत्र, धर्मेन्द्र कुमार सिंह के 05 जून 2025 के जांच रिपोर्ट का जिक्र करते हुए मामले में 9 सदस्यीय टीम गठित की थी।उक्त जांच रिपोर्ट के अनुसार 105 आवेदनों की जांच की गयी थी जिसमें, 90 आवेदन फर्जी पाये गये, कि रिपोर्ट श्रम आयुक्त उप्र कार्यालय कानपुर को तथा वहीं से यूपीबीओसी बोर्ड को प्रस्तुत की गयी। इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया गया है कि 90 आवेदको के खाते में फर्जी तरीके से हितलाभ की धनराशि भेजे गये हैं।

### फर्जी दस्तावेज लगाकर लिया गया लाभ

विश्वसनीय जानकारी मिली है कि कुछ को छोड़कर अनेक आवेदनों में बिचौलियों की मदद से कूटरचित दस्तावेज, जिसमें सरकारी अस्पताल का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, फर्जी परिवार रजिस्टर नकल, फर्जी प्रसव प्रमाण पत्र सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा जारी की जाने वाली सत्यापन एवं प्रमाण पत्र आदि भी फर्जी लगाकर मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना का लाभ बैंक खाते में लिया, दिलाया गया है, जो एक संगीन अपराध है। इस प्रकार कूटरचित दस्तावेत के चलते निर्माण श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा संचालित करोड़ो रुपए के बोर्ड के बजट जो श्रमिकों के खुन पसीने के कमाई की है को मिजार्पुर श्रम विभाग द्वारा बंदरबॉट कर दिया गया है जो पात्र निर्माण श्रमिकों के साथ घोर अन्याय है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मीरजापुर के जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि श्रम विभाग में कूटरचित सरकारी दस्तावेज का दुरूपयोग कर सरकारी योजना में धनलाभ लेने व दिलाने वाले जैसे गंभीर मामले को देखते हुए सर्व प्रथम प्राथमिकी दर्ज कर मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराकर ज्ञात-अज्ञात अधिकारी, कर्मचारी एवं बिचौलिए व दोषी आवेदको के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने का आदेश देने की मांग कि है।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता ने दी जान

हलिया, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में सोमवार सुबह घर से दो सौ मीटर दूर आम के पेड़ में महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। बंजारी कलां गांव निवासी जोगिंदर पाल की 23 वर्षीया पत्नी उर्मिला पाल सोमवार सुबह घर से दो सौ मीटर दूर आम के पेड़ की डाल में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।सुबह शौच के लिए गए ग्रामीणों ने महिला को आम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटका देखा तो हैरान रह गए। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी महिला के परिजनों को दी। आम के पेड़ के पास पहुंचे परिजनों ने महिला को फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे कार्यवाहक थानाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय, एस आई टीपी सिंह ने घटना की जांच पड़ताल की। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी घटना की जांच की। मृतका की दो वर्ष पूर्व बंजारी कलां निवासी जोगिंदर पाल से शादी हुई थी। पति जोगिंदर पाल एक सप्ताह पूर्व किसी प्राइवेट कंपनी में काम करने के लिए दिल्ली गया है। मृतका को एक वर्षीया पुत्री है।

## पूर्व सांसद रामविलास वेदांती के निधन से जौनपुर में शोक



जौनपुर। राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने सोमवार को रीवा में अंतिम सांस डॉ0 रामविलास वेदांती का जन्म रीवा जिले के गुढ़वा गांव में 7 अक्टूबर 1958 को हुआ था। वह 10 दिसंबर से रीवा के भठवा गांव में कथा कर रहे थे। उसी दौरान उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई थी और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शिष्य राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि पूर्व सांसद डॉ0 रामविलास वेदांती 1996 में मछलीशहर सीट से सांसद रह चुके हैं, और 1998 में प्रतापगढ़ से भी सांसद रहे। राम मंदिर आंदोलन में उनकी सक्रियता को देखते हुए उन्हें राम मंदिर जन्मभूमि न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष पद भी सौंपा गया था।डॉ. वेदांती को भठवा में सीने में दर्द और घबराहट की वजह से उपचार के लिए रीवा लाया गया। सुपर स्पेशलिटी में प्राथमिक परीक्षण भी किए गए। इस बीच उनके शिष्यों ने भोपाल के एम्स ले जाने का निर्णय लिया और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई। जिसके चलते दोपहर बाद उन्हें एयर एंबुलेंस से भोपाल के लिए रवाना किया गया था। भोपाल में विजिबिलिटी कम होने से एयर एंबुलेंस वहां पर नहीं उतर पाया। इस कारण से उन्हें फिर रीवा लाया गया और सुपर स्पेशलिटी में भर्ती किया गया है जहां उनकी मौत हो गई। सोमवार को निधन की सूचना पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक सभाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष हरि गुप्ता, भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष संतोष जायसवाल, डा.रामचंद बिंद, अभिषेक सिंह, जयानंद चौबे राकेश जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## सर्दी से आम जन जीवन अस्त-व्यस्त

शाहगंज, सोनभद्र। स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतो में इस समय घना कूहरा एवं ठंडक दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिससे आम जनजीवन को परेशानियां बढ़ने लगी है। जिससे बचाव के लिए अभी तक देखा जाए तो किसी ग्राम पंचायतो में अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे राहगीरों, बुजुर्गों आम लोगों के ऊपर इसका काफी असर देखने मिलने लगा है। ग्रामीणों ने संबंधित का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में तत्काल घने कूहरे एवं ठंडक से बचने के लिए अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है जिससे राहत मिल सके।

संक्षेप

## रेलवे का अण्डरपास में गड्ढा बना जानलेवा

**भटनी(देवरिया)।** भटनी - भरथुआ सडक मार्ग के साहोपार के हरिजन बस्ती के सामने बाईपास भटनी-वाराणसी रेलमार्ग पर बना अण्डरपास पहले तो बरसात के पानी और अब अण्डरपास के अन्दर बने बडे बडे गड्ढे बन गये जानतेवा।

बताया गया हे कि रेलवे का अण्डरपास टु लेन हे ।जिससे बाहन आते व जाते रहते है ।टुलेन पुल का जो बीच का पीलर जो डिवाइडर का कार्य करता है ।

दोनो लेन के पूरब बडा गड्ढा बीच के पीलर के पास बडा गड्ढा फिर पीलर के सटे पश्चिम गड्ढा और सबसे पश्चिम दीवाल के पास गड्ढा बडा रुप ले लिया है ।

ऐसी स्थित मे वाहनो का आना व जाना खतरनाक बन गया ।कोई बचने के प्रयास में गड्ढे में ही बाईक या बडे गाडियो के चक्के फंस जाने है तो निकालना बडा मुश्किल हो जाता है ।

क्षेत्रीय जनता ने रेल के अधिकारियों से शीघ्र अण्डरपास मे गड्ढे को ठीक कराने की माँग किया ।

# पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर पटाखे फोड़ जतायी खुशी



**देवरिया ।** भाजपा नेता विजय पटेल के नेतृत्व में आतिशबाजी/पटाखा जला कर महराजगंज के सांसद माननीय पंकज चौधरी को भाजपा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष बनाये जाने की खुशी का इजहार किया गया ' विजय पटेल ने कहा कि वर्तमान में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज द्वारा समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर सबके सम्मान का ख्याल रखते हुए भारत को विश्व के पटल पर सशक्त व विकसित बनाने में प्रयासरत हैं ।

जिसका परिणाम है कि विपक्षी समाजवादी पार्टी के साथ पूरा ठगबंधन हतप्रभ है ' जातिगत राजनीति आधारित सभी दल परेशान है ' भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में श्री पंकज चौधरी जी का बनाया जाना आगामी विधानसभा चुनाव को प्रचंड बहुमत की जीत हासिल कर नया इतिहास बनाने का कार्य करेगा ' संगठनात्मक दृष्टि से भी अगर श्री चौधरी जी का अनुभव लगभग तीन दशक से भी अधिक का है ' सरल स्वभाव के धनी, कार्यकताओं के सम्मान के प्रतीक श्री चौधरी जी के साथ निश्चित तौर पर बूथ से लेकिन उच्चस्थ पदाधिकारी अपने को ऊर्जावान महसूस कर संगठन को ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा 'इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय, भारतीय कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज पटेल, खब्र देवरिया के जिलाध्यक्ष परमेश्वर पटेल, भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री अनिल गुप्ता, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, गोविंद मणि, ओमप्रकाश कुशवाहा, प्रबन्धक संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश पांडेय, मयंक श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दवा संघ के कोषाध्यक्ष श्री अजय जायसवाल अध्यक्ष श्री रंजीत सिंह, भाजपा नेता पुनीत सिंह अमेठीया, अखिलेश मिश्रा, प्रभाकर तिवारी, संजय पटेल, प्रबन्धक ओमप्रकाश कुशवाहा, रंजय राय, सूरज पटेल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें ।

# मिशन शक्तिः बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर

कुशीनगर।मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेजझ5.0) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने हेतु अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए संचालित अभियान के क्रम में आज जनपद के विकास खंड रामकोला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जनता इंटर कॉलेज, रामकोला में किया गया ।जिला प्रोवेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम में हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा बाल विवाह विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके सामाजिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी छात्रझछात्राओं को दी गई तथा उन्हें बाल विवाह न करने के लिए प्रेरित किया गया ।इस अवसर पर श्रीमती प्रीति सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग की विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे– निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि की जानकारी दी गई।वहीं वन स्टॉप सेंटर से मानस मिश्रा, काउंसलर द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया तथा श्रीमती बन्दना गुप्ता द्वारा विशेष दत्तक ग्रहण इकाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती बन्दना कुशवाहा, जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा प्रदेश में संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों– चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वन स्टॉप सेंटर 181, महिला हेल्पलाइन 1090, 112, 108 एवं 102 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित छात्रझछात्राओं एवं जनसमूह को बाल विवाह न करने एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई।

## ग्रामीण क्षेत्रों में लीगल एड क्लीनिक का उद्घाटन



**देवरिया ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान एवं माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया द्वारा तहसील रूद्रपुर के अन्तर्गत 05 ग्राम पंचयात क्रमशः नकईल, एकौना, पचरूखा, सिलहटा एवं डाला में विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। क्लीनिक के उद्घाटन के पश्चात आम जनमानस को विधिक अधिकार प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा दौरान उपस्थित लोगों को सरकारी तथा कानूनी जानकारी प्रदान की गई। जरूरत मंदों को न्याय तक पहुँचने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों, महिलाओं, विधवाओं, वृद्धजनों और बच्चों से संबंधित कानूनों तथा उन पर होने वाले शोषण के प्रति भी जागरूक किया। विधिक सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और न्यायालय तक पहुँच के बारे में भी बताया गया ।इस अवसर पर तहसीलदार रुद्रपुर, पंचायत सचिव आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा ग्रामीण उपस्थित रहे

## 8 पेटी देशी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

**देवरिया।** खामपार पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल से बिहार जा रही 8 पेटी देशी शराब (कुल 72 लीटर) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।साथ ही फर्जी नंबर प्लेट भी बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं अवैध शराब तस्करी की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये गये अभियान के तहत खामपार पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर प्राथमिक विद्यालय विरमापट्टी तिराहे के पास एक चोरी की दोपहिया मोटर साइकिल हीरो स्पेलेण्डर प्लस वाहन जिस पर फर्जी व कुटरचित नम्बर प्लेट संख्या यूपी 52जे ए 9728 सही वाहन संख्या यूपी 53 ई डी 3421 से बिहार ले जायी जा रही दो जुट के बोरे मे 8 पेटी बन्टी बबली प्रत्येक पेटी मे 45-45 पाउच बन्टी बबली प्रत्येक 200 एमएल. कुल 72 लीटर अवैध देशी शराब के साथ अभियुक्त केश कुमार पुत्र पुत्र जयनारायण गोड़ ग्राम दमकिया थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार को गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध में थाना खामपार पर मु0अ0सं0 249/2025 धारा 341(2), 340(2), 336(3), 338, 317(2) इठर व 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अनित कुमार राय, अम्ब्रेश राव गौतम, संतोष कुमार, गोनेश कुशवाहा और अनिल राजभर शामिल रहे।

# सुधरेगी क्षय रोगियों की सेहत, 563 लोगों को मिला पौष्टिक आहार सहयोग



**मथुरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह पर मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से जिला क्षय रोग विभाग द्वारा दो दिवसीय जागरूकता एवं पौष्टिक आहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत फरह, गोवर्धन, बलदेव एवं बरसाना क्षेत्रों के कुल 563 उपचाररत क्षय रोगियों को पौष्टिक सामग्री का वितरण किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राधा वल्लभ ने रोगियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी क्षय रोगी समय से दवाओं का सेवन करें और पौष्टिक आहार को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, तभी पूर्ण उपचार संभव है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरह के चिकित्सा अधीक्षक डा. रामवीर सिंह ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वस्थ तन के साथ-साथ स्वस्थ मन भी आवश्यक है।जिला पीपीएम समन्वयक आलोक तिवारी ने बताया कि मंडोना रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा जनपद मथुरा के तीन ब्लॉककृफरह, गोवर्धन, बलदेव तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरसाना के चिन्हित क्षय रोगियों को गोद लिया गया है। संस्था के निदेशक लक्ष्मीकांत गौर ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य केवल पोषण सामग्री का वितरण नहीं, बल्कि क्षय रोगियों को सामाजिक, मानसिक एवं पोषण संबंधी संपूर्ण सहयोग प्रदान करना है। लक्ष्य है कि प्रत्येक रोगी उपचार पूरा कर आगे चलकर अन्य रोगियों को प्रेरित करने वाला ह्यटीबी चैम्पियनह्न बने। कार्यक्रम के दौरान रोगियों को स्वच्छता बनाए रखने, दवा नियमित लेने, परिजनों की जांच कराने तथा अपने अनुभव साझा कर समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्तियों, संस्थाओं एवं समूहों से अपील की कि वे किसी क्षय रोगी को गोद लेकर उसके पोषण, दवा पालन एवं मानसिक सहयोग में योगदान दें। लक्षण दिखने पर तुरंत जांच एवं चेकअप कराएं। कार्यक्रम में सत्यवीर, अनूप, राजेश, पुष्पेन्द्र, दीपक, मंजीत, पंकज यादव, दुष्यंत, निश्चल दिवाकर, शिव कुमार, तेजवीर, मुकेश कुमार, संजय शर्मा, प्रेम कुमार आदि मौजूद रहे।

# महान संत गुरु घासीदास की जयंती पर 18 को समारोह

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट, बिशुनपुरा बुजुर्ग, नोनियापट्टी, पोस्ट किन्नरपट्टी, जनपद कुशीनगर द्वारा *बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय प्रतिष्ठान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली* के सहयोग से दिनांक 18 दिसंबर 2025 (बृहस्पतिवार) को महान संत गुरु घासीदास जी की जन्म जयंती के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एम.एम. एजुकेशन कॉलेज, किन्नरपट्टी, जनपद कुशीनगर में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 4:00 बजे तक आयोजित होगा।

उक्त समारोह में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। वहीं मनीष जायसवाल, माननीय विधायक पडरौना, बिंदवासनी श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख बिशुनपुरा, शेषनाथ यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नेबुआ नौरंगिया, एस.पी. पाण्डेय (सेवानिवृत्त) जिला जज, बिहार सरकार, मो. अनीस, अध्यक्ष आईसीटीई, लखनऊ, शफाअत हुसैन, निदेशक वक्फ विकास निगम, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ तथा रमाशंकर यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे। इसके अतिरिक्त अनेक गणमान्य व्यक्ति, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी भी समारोह में उपस्थित रहेंगे।

समारोह के दौरान डॉ. (प्रो.) प्रेमचंद सिंह (सेवानिवृत्त), पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष, यू.एन. पी.जी. कॉलेज पडरौना, डॉ. राधेगोविंद शाही, प्रवक्ता, जनता इंटर कॉलेज, रामकोला तथा जनाब सगीर अहमद, एडीजे (सेवानिवृत्त), बिहार सरकार मुख्य वक्ता के रूप में महान संत गुरु घासीदास जी के जीवन, दर्शन एवं सामाजिक योगदान पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. आलमीन अली ने उक्त की जानकारी देते हुए बताया कि महान संत गुरु घासीदास जी का जन्म वर्ष 1756 में छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी (जनपद बलौदा बाजार-भाटापारा) में एक साधारण एवं वंचित वर्ग से संबंधित परिवार में हुआ था तथा उनका देहावसान वर्ष 1850 में हुआ। संत गुरु घासीदास जी का दर्शन सत्य, करुणा और समानता पर आधारित था। उन्होंने आडंबरपूर्ण पूजा-पद्धतियों, अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए समाज को सत्य और मानवता के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने सतनामी समाज की स्थापना कर सत्य को जीवन का मूल आधार बनाया तथा सत्य और शांति के प्रतीक स्वरूप जैतखंभ की स्थापना की, जो आज भी उनके आदर्शों का अडिग प्रतीक है। यह जयंती समारोह संत गुरु घासीदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने तथा सत्य, न्याय और समानता के मूल्यों को आत्मसात करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास होगा।

## खेतों के प्राकृतिक उर्वरता के लिए आवश्यक है गोबर : निशाकान्त तिवारी

**देवरिया।** विकास खंड बैतालपुर के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने बताया कि खेतों के प्राकृतिक उर्वरता के लिए गोबर आवश्यक है।? गोबर को खाद के रूप में इस्तेमाल करने से कृषि और पशुपालन के बीच एक सहजीवी संबंध स्थापित होता है। गोबर का उपयोग करके किसान एक चक्रीय प्रणाली बना सकते हैं, जिसमें पशुओं द्वारा उत्पन्न अपशिष्ट को मिट्टी में पुनर्चक्रित किया जाता है, जो फसलों के लिए मूल्यवान पोषक तत्व बन जाता है। पशुपालन और कृषि के बीच यह जुड़ाव अधिक टिकाऊ और एकीकृत कृषि पद्धति को बढ़ावा देता है ।गोबर पोषक तत्वों से भरपूर जैविक पदार्थ है, जो इसे पौधों के लिए एक उत्कृष्ट उर्वरक बनाता है। इसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम और सूक्ष्म पोषक तत्व जैसे आवश्यक तत्व मौजूद होते हैं, जो पौधों के स्वस्थ विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये पोषक तत्व धीरे-धीरे मुक्त होते हैं, जिससे पौधों को निरंतर पोषण मिलता रहता है और पोषक तत्वों की कमी का खतरा कम हो जाता है ।पोषक तत्व प्रदान करने के साथ-साथ, गोबर मिट्टी की भौतिक संरचना में भी सुधार करता है। मिट्टी में मिलाने पर यह उसकी जल धारण क्षमता और वायु संचार को बढ़ाता है। गोबर में मौजूद कार्बनिक पदार्थ मिट्टी में छिद्र बनाने में मदद करते हैं, जिससे पानी और हवा अधिक प्रभावी ढंग से प्रवेश कर पाते हैं, जड़ों के विकास को बढ़ावा मिलता है और मिट्टी का संघनन रुकता है। किसानों और बागवानों के लिए, गोबर रासायनिक उर्वरकों का एक किफायती विकल्प है।

# शीतलहर से निपटने को प्रशासन सतर्क, जन-धन सुरक्षा के लिए डीएम के निर्देश

कुशीनगर। जिलाधिकारी/ अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा वर्ष 2025झ26 में संभावित शीतलहर, घना कोहरा एवं अत्यधिक ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत जन-धन की सुरक्षा हेतु समस्त संबंधित विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जनपद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ठंड एवं कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं, स्वास्थ्य समस्याओं, पशुहानि तथा जनजीवन प्रभावित होने की आशंका रहती है, जिस पर समय रहते ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं ।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत एवं गड्ढों को तत्काल भरा जाए, रोड सर्फेस मार्किंग, रिफ्लेक्टर, जेब्रा क्रॉसिंग, संकेतक बोर्ड एवं स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त रखा जाए। प्रमुख चौराहों, ब्लैक स्पॉट्स, मोड़ों व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। नगर निकाय/लोक निर्माण विभाग/एनएचएआई/जिला पंचायत द्वारा सभी कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। कोहरे के दौरान सड़क सुरक्षा के लिए चेतावनी संकेत, वाहनों में रिफ्लेक्टर, ह्यस्लो स्पीडह्न एवं ह्यहेडलाइट ऑनह्न जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पुलिस, परिवहन विभाग एवं संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखें। ठंड से बचाव हेतु असहाय, निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अलाव/कंबल वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रैन बसेरे पूर्ण संसाधनों के साथ संचालित रहें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय स्टाफ व सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए सेवाएं सुनिश्चित की जाएं।अग्निकांड की आशंका को देखते हुए लोगों को हीटर, अंगीठी, कोयला, लकड़ी आदि के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। अग्निशमन विभाग आवश्यक संसाधनों के साथ सतर्क रहे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं।पशुओं के संरक्षण हेतु पशु चिकित्सालयों में दवाइयों की उपलब्धता, टीकाकरण, पशु शेड/आश्रय की व्यवस्था तथा पशुपालकों को ठंड से बचाव संबंधी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं ।शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठंड से बचाव, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाए। कृषि विभाग किसानों के लिए मौसम आधारित फसल परामर्श (क्रॉप एडवाइजरी) समय-समय पर जारी करे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

# 17 से 19 तक आयोजित होगा अभाविप का प्रांत अधिवेशन

**बहराइच।** शैक्षणिक दुर्व्यवस्था के निराकरण का हरसंभव प्रयास करेगी अभाविप : पुष्पेन्द्र वाजपेई अखिल भारतीय विद्यार्थी पारिषद अवध प्रांत का 65 वाँ प्रांत अधिवेशन किसान डिग्री कॉलेज, बहराइच मे आगामी 17 से 19 दिसम्बर तक आयोजित होने वाला है अखिल भारतीय विद्यार्थी पारिषद शिक्षा क्षेत्र मे कार्य करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो वर्ष पर कैम्पस को आधार बनाकर विद्यार्थियो के व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां करती है वहीं शिक्षा क्षेत्र मे आ रही समस्याओं के निवारण हेतु हर सम्भव प्रयास करती है पारिषद का अधिवेशन वर्ष भर कार्य का प्रकटीकरण और कार्यकताओं के उत्साह एवं नवाचार का केंद्र होता ही यह अधिवेशन निश्चित तौर पर आगामी वर्ष में संगठन विस्तार को एक नई दिशा देने वाला है ।16 दिसंबर को शाम 5 बजे अभाविप की वार्षिक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा व 17 दिसंबर से विधिवत उद्घाटन के पश्चात शिक्षा की आगामी दिशा व समाज परिवर्तन में कार्यकताओं की भूमिका सहित नगर में शोभा यात्रा व विभिन्न सम सामयिक विषयों पर छात्र नेताओं के भाषण के साथ 19 दिसंबर को नूतन पुरातन कार्यकारिणी बैठक के साथ अधिवेशन का समापन होगा ।इस अधिवेशन में पुनः निर्वाचित प्रांत अध्यक्ष प्रो.नीतू सिंह व नवनिर्वाचित प्रांत मंत्री अर्पण कुशवाहा कार्यभार ग्रहण करेंगे ।इस अधिवेशन में शिक्षा एवं सामाजिक विषयों को लेकर 4 प्रस्ताव भी पास होंगे जिसमें उच्च शिक्षा में व्याप्त विसंगतियों के नियमन , प्रतियोगी परीक्षाओं




अनियमिता, पर्यावरण संरक्षण व डिजिटल प्लेटफार्म सहित अकके अनुप्रयोगों पर चर्चा होगी ,इस अधिवेशन में पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषयों पर आगामी दिशा पर चर्चा होगी प्रांत मंत्री पुष्पेन्द्र वाजपेई ने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शैक्षणिक दुर्व्यवस्था के विरुद्ध काम करते करते विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण हेतु प्रयासरत दुनिया का एकमात्र ऐसा अनूठा छात्र संगठन है जो शैक्षणिक परिवार की परिकल्पना करता है ।विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण की एक ऐसी पाठशाला है जो विद्यार्थी को समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने हेतु एक सशक्त राष्ट्रवादी युवा के रूप में तैयार करती है ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 65 वा अधिवेशन जहां कार्यकताओं को उत्साहित और रोमांचित करने वाला है वहीं आगामी वर्ष में संगठन विस्तार की एक नई दिशा देने को पूर्णतः तैयार है ।पत्रकार वार्ता में जिला संयोजक देवाशीष सिंह, नगर मंत्री शिवम गौड़ किसान डिग्री कॉलेज की इकाई सह मंत्री अंशी सिंह मौजूद रहे।

## निर्माण श्रमिक 31 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से करायें पंजीकरण का नवीनीकरणः श्रम परिवर्तन अधिकारी

**कुशीनगर।** श्रम परिवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) के अंतर्गत पंजीकृत एवं अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाता है। इनमें प्रमुख रूप से मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना, तथा निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना शामिल हैं। इन योजनाओं का लाभ निर्धारित पात्रता के अनुसार बोर्ड के पोर्टल पर आवेदन करने पर दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि बोर्ड की योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु निर्माण श्रमिकों को अपने पंजीकरण के उपरान्त प्रतिवर्ष निर्धारित अंशदान पोर्टल पर जमा कराते हुए नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। श्रम परिवर्तन अधिकारी ने सर्वसाधारण को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत ऐसे श्रमिक, जिनका नवीनीकरण अथवा अंशदान पिछले चार वर्षों से लंबित है और जिन्होंने अब तक नवीनीकरण/अंशदान जमा नहीं किया है, वे सहज जन सेवा केंद्रों अथवा पोर्टल के माध्यम से करे।

# विनियमितकरण से पूर्व ले रहे हैं चयन वेतनमान का लाभ

- फर्जी तरीके से वर्ष 2008 से चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त कर लाखो रुपये सरकारी खजाना लूटने का सनसनीखेज मामले का खुलासा।
- कप्तानगंज स्थित गंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज के सहायक अध्यापको की कारस्तानी
- श्याम नरायण, वीरेंद्र और देवेन्द्र का फर्जीवाड़ा

**कुशीनगर।** जिले का कनोडिया इंटरमीडिएट कालेज कप्तानगंज में तैनात सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय, विरेन्द्र पाण्डेय व बर्खास्तगी के बाद तथ्य गोपन कर नौकरी कर रहे देवेन्द्र पाण्डेय द्वारा विनियमितकरण से पूर्व फर्जी तरीके से चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त कर लाखो रुपये सरकारी खजाना लूटने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। सूत्रो का दावा है कि इन शिक्षको की कारस्तानी का फेहरिस्त बहुत लंबी है यह वही शिक्षक है जिन्होंने जुलाई - 2012 से जून-2014 तक बिना कार्य किये एरियर के रूप मे लाखो रुपये सरकार का चूना लगाया है जिसमे डीआईओएस की भूमिका भी संदिग्ध बतायी जा रही।

काबिलेगौर है कि गंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज कप्तानगंज के सहायक अध्यापक श्याम नारायण पाण्डेय, विरेंद्र पाण्डेय व बर्खास्तगी के बाद फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय ने वर्ष 2018 मे तथ्य गोपन कर बडा खेल किया था। सूत्रो के मुताबिक इन शिक्षको ने तथ्य छुपाकर नियम विरुद्ध तरीके से अपना विनियमितकरण कराया था। सूत्रो बताते है कि विरेन्द्र पाण्डेय, श्याम नरायण पाण्डेय व देवेन्द्र ने तथ्य गोपन व कूटरचित कर दिनांक 23-4-2018 को संयुक्त शिक्षा निदेशक, सप्तम मण्डल, गोरखपुर से अपनी सेवा नियमित करा लिया, जबकि जुलाई-2012 से मार्च-2014 तक इन शिक्षको का हस्ताक्षर विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका पर अंकित ही नही है। मतलब यह कि यह सभी शिक्षक दो वर्षो तक अपने शिक्षण कार्य से विरत रहे इन्होंने विद्यालय में अपनी सेवा नही दी। ऐसे मे सवाल यह उठता है जब सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अध्यापक विरेंद्र पाण्डेय व सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय दो वर्ष कार्य ही नही किये और सर्विस कार्यकाल नियमित नही रहा तो फिर इन सभी शिक्षकों का नौकरी स्थायी (विनियमित) कैसे हो गया ? विशेषज्ञों का कहना है कि विनियमितीकरण, शिक्षकों की सेवाओं को नियमित करने की प्रक्रिया है। जानकार बताते है कि विनियमितकरण के लिए शिक्षको का सर्विस कार्यकाल नियमित होना जरूरी है और प्रति माह वेतन आहरण होना चाहिए, जबकि श्याम नरायण पाण्डेय, देवेन्द्र पाण्डेय, विरेन्द्र का न तो सर्विस कार्यकाल नियमित रहा है और न ही इनका नियमित रूप से प्रति माह वेतन आहरण हुआ है। जुलाई- 2012 से मार्च- 2014 तक इनका विद्यालय के मूल उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर नही है। सूत्रो ने बताया कि इन शिक्षको ने तथ्य गोपन व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बिना कार्य किये दो वर्ष का वेतन एरियर के रुप मे वर्ष 2025 में प्राप्त किया है। ऐसे मे सवाल उठना मुनासिब है कि वर्ष - 2018 में यह सभी अध्यापक स्थायी कैसे हो गये?

### वर्ष 2018 में हुआ विनियमतीकरण तो फिर साल मे 2008 कैसे हुआ चयन वेतनमान

बेशक ! इन शिक्षको के फजीर्वाड़े का फेहरिस्त बहुत लंबी है। सूत्र बताते है कि एक के बाद एक फजीर्वाड़ा कर सरकारी खजाना लूटने का रिकार्ड इन शिक्षको के नाम है। बात चाहे दो वर्ष बिना विद्यालय गये लाखो रुपये एरियर प्राप्त करनेयका हो या कूटरचित कर विनियमितकरण का मामला हो या फिर कूटरचित, फर्जी दस्तावेज के सहारे तथ्य गोपन कर चयन वेतनमान का लाभ लेकर लाखो रुपये सरकारी खजाना लूटने का हो है। इनके द्वारा फजीर्वाड़ा खूब की गयी है। जानकारों की माने तो एक के बाद एक फजीर्वाड़े को अंजाम देना जघन्य अपराध के श्रेणी में आता है। सूत्र बताते है कि श्याम नरायण पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व देवेन्द्र पाण्डेय ने फजीर्वाड़ा व तथ्य गोपन कर तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर पुष्पा रानी श्रीवास्तव के समक्ष अपनी पत्रावली प्रस्तुत कर वर्ष 2008 में चयन वेतनमान का लाभ प्राप्त किया जबकि बिना विनियमितकरण का चयन वेतनमान का लाभ नही मिल सकता है। विभागीय जानकारो की माने तो सहायक अध्यापक श्याम नरायण पाण्डेय, वीरेंद्र पाण्डेय व देवेन्द्र पाण्डेय का विनियमितकरण वर्ष 2018 मे हुआ है शासनादेश के मुताबिक इन शिक्षको को वर्ष 2028 में चयन वेतनमान का लाभ मिलना चाहिए, फिर वर्ष 2008 से यह तीनो शिक्षक चयन वेतनमान का लाभ कैसे प्राप्त कर रहे है ? बताया जाता है फर्जी तरीके से चयन वेतनमान का लाभ उठा रहे इन शिक्षको ने अब तक लाखो लाख रुपये सरकार का चूना लगाया है जिसकी रिकबरी जनहित मे लाजमी होगा।

### डीआईओएस कार्यालय में पदोन्नति की पत्रावली

जानकार कहते है कि जब विनियमितकरण और चयन वेतनमान ही गलत तरीके से हुआ है तो इन शिक्षको का पदोन्नति कैसे हो सकता है? सूत्र बताते है कि श्याम नरायण पाण्डेय और वीरेंद्र पाण्डेय ने एक बार फिर तथ्य गोपन कर अपनी पदोन्नति के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में आवेदन किया है जिसे संज्ञान में लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने गंगा बक्श कनोडिया इंटर कालेज के प्रबन्ध /प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर इन शिक्षको के पदोन्नति संबंधित पत्रावली उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सूत्रो का कहना है कि इतने फजीर्वाड़े के बाद अगर इन शिक्षको का पदोन्नति होता है तो मतलब साफ है डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्त और इन शिक्षको के बीच हुई मोटी डिलिंग की हो रही चर्चा मे कही न कही कुछ सच्चाई है जो जांच का विषय है।

## कोहरे में छिपा ताजमहल, राजस्थान सीएम के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

आगरा। सोमवार सुबह से मौसम अचानक बदल गया। शहर में घना कोहरा छाने के साथ ही गलन भी बढ़ गई। कोहरा इतना घना था कि ताजमहल दिखाई नहीं दिया। हालात ऐसे रहे कि 10 कदम की दूरी पर खड़े पर्यटकों को भी ताजमहल नजर नहीं आया, जिससे वे मायूस दिखे। घने कोहरे के कारण पर्यटक न तो ताजमहल पर सेल्फी ले सके और न ही कोई यादगार फोटो खिंचवा सके। कोहरे की वजह से आम दिनों की तुलना में सोमवार को मॉर्निंग वॉक पर निकलने वालों की संख्या भी कम रही। तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 20 दिसंबर तक घने कोहरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग आगरा एयरपोर्ट पर हुई, तो अधिकारी सतर्क हो गए। तुरंत अधिकारी आगरा एयरपोर्ट पहुंच गए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा गोवर्धन जा रहे थे। आगरा के साथ ही गोवर्धन और मथुरा में सुबह से ही भीषण कोहरा रहा। ऐसे में दृश्यता कम होने की वजह से उनका हेलिकाप्टर गोवर्धन नहीं पहुंच सका। इस दौरान आगरा एयरपोर्ट पर उनके हेलिकाप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। सोमवार सुबह से ही शहर और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। विजिबिलिटी काफी कम रही। स्थिति यह थी कि 100 मीटर दूर तक भी ठीक से दिखाई नहीं दे रहा था। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर हालात और भी खराब रहे। विजिबिलिटी कम होने के कारण वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गए और वाहन बेहद धीमी गति से चलते नजर आए।

वहीं, तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। रविवार सुबह का तापमान लगभग 11 डिग्री सेल्सियस था, जबकि सुबह तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस रह गया। इसकी वजह से लोगों को ठंड का अहसास अधिक हुआ। ट्रेनों के संचालन पर भी कोहरे का असर दिखाई दिया। सुबह आने वाले ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट चलीं। इसकी वजह से यात्रियों को प्लेटफार्म पर ही काफी इंतजार करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, 20 दिसंबर तक सुबह घना कोहरा होगा। दोपहर में हल्की धूप निकल सकती है। इससे तापमान में गिरावट आएगी और ठंड का अधिक एहसास होगा।

संक्षेप

## पानकुंवर खेड़ा में हुए मिट्टी के अवैध खनन पर होगी कार्रवाई

मौरावा, उन्नाव। थाना क्षेत्र में अवैध खनन का मामला सामने आया है बीती रात करीब 11 बजे पानकुंवर खेड़ा गांव में सरायठकुरि मार्ग पर एक मकान निर्माण के लिए अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और खनन रुकवाया। इस संबंध में लेखपाल आशीष ने जानकारी दी कि गांव पानकुंवरखेड़ा निवासी दीपू पुत्र चंद्रभूषण ने गाटा संख्या 675 से बिना किसी अनुमति के 36 घन मीटर मिट्टी का खनन किया है। उन्होंने बताया कि दीपू के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, लेखपाल आशीष ने उस जेसीबी मशीन के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया जिससे यह खनन किया गया था। सूत्रों के अनुसार इस अवैध खनन की जानकारी सरकारी तंत्र में लेखपाल और मौरावां थाने की पुलिस को पहले से थी मीडिया के संज्ञान में आने के बाद ही लेखपाल ने कार्रवाई की बात कही है।

## डीसी मनरेगा ने कार्यों का किया निरीक्षण

पहला (सीतापुर)। विकासखंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत बैदौरा तथा लौना में डीसी मनरेगा ने सोमवार दोपहर मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा शौचालय में गंदगी देख सुधार के निर्देश दिए। मिली जानकारी अनुसार सोमवार दोपहर विकास खंड पहला कार्यालय में बैठ शिकायतों का निस्तारण किया तथा फिर ग्राम पंचायत बैदौरा में मौके पर पहुंच में इंटर लॉकिंग की जांच की। जिसकी ग्राम के एक व्यक्ति द्वारा आईजीआरएस के तहत शिकायत की गई थी लिए संबंध में सेक्रेटरी को तलब किया है। खेत समतलीकरण के नाम फर्जी बड़े की शिकायत सुनी। मनरेगा में फर्जी हाजिरी सामुदायिक शौचालय में गंदगी मिली। समर खराब मिला और खोला नहीं जाता है। इसकी मौके पर शिकायत सचिन कुमार तथा जय प्रकाश तथा बिजनेश कुमार ने शौचालय की। मौके पर शिकायत की मौके पर टीए और एडीओ पंचायत रोजगार सेवक थी। फिर वह ग्राम पंचायत लौना में मिनी स्टेडियम के लिए जमीन देखी और आर आर सेंटर नहीं चल रहा था। उसे जल्द चलवाने को कहा तथा अमृत वाटिका में पेड़ लगाने को कहा।

## वित्तीय कार्य बहिष्कार करने का ऐलान

सेउता (सीतापुर)। सोमवार को विकासखण्ड रेउसा के सभागार में ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई। बैठक में सरकार द्वारा बिना संसाधन के आनलाइन उपस्थित तथा गैर बिभागीय कार्यो का बहिष्कार करने, पूर्व प्रेषित 1 दिसम्बर के ज्ञापन के सम्बन्ध में शांतिपूर्ण सांकेतिक सत्याग्रह के समर्थन में रेउसा विकासखण्ड के सभी ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा अपना अपना डोंगल संगठन के अग्रिम आदेशों तक शासन को वापस कर वित्तीय कार्य बहिष्कार करने का एलान किया है। इस अवसर पर संगठन के राहुल आनंद, जगदेव प्रसाद, मुकेश नाथ त्रिवेदी, विनोद कुमार यादव, महेन्द्र कुमार रावत, संतलाल पटेल, शिवेंद्र प्रताप सिंह, नरेंद्र सिंह यादव, अवनीश शुक्ला, रिषभ वर्मा, विनीत यादव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय पीरपुर पेंट से नहीं हो रही है पुताई ग्रामीणों ने लगाया आरोप

परसेण्डी (सीतापुर)। विकासखण्ड परसेण्डी क्षेत्र के पीरपुर कंपोजिट विद्यालय में पेंट से रंगाई पुताई का कार्य नहीं हो रही है। जिससे ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया पिछले वर्ष भी रंगाई पुताई का कार्य नहीं हुआ था। इस बार हो भी रहा है तो पेंट से नही। आखिर किसके आदेश से पीरपुर कंपोजिट विद्यालय में रंगाई पुताई का कार्य हो रहा है। संबंधित विधानसभा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही की विधानसभा क्षेत्र हर गांव में आता है। जो भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री के निकट हैं।

# डीएम ने बिसवां नगर पालिका का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

बिसवां नगर (सीतापुर)। जिलाधिकारी ने रविवार को बिसवां नगर पालिका का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका के सभी पटलो का बारीकी से निरीक्षण कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया। निरीक्षण के समय बड़ी संख्या में फरियादी नगर पालिका परिसर के बाहर एकत्रित हुये। जिनसे जिलाधिकारी ने स्वयं प्रार्थना पत्र लेकर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने महमूदाबाद रोड स्थित एचआरडी इंटर कॉलेज के निकट निमार्णाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होंने अमृत सरोवर के चारों ओर लगी

### अमृत सरोवर की गुणवत्ता पर जतायी नाराजगी

इंटरलॉकिंग टाइल्स को हटवाकर कार्य की गुणवत्ता की जांच कराई। जांच में इंटरलॉकिंग के नीचे बजड़ी न मिलने पर जिलाधिकारी नाराज हो गए और मौके पर मौजूद ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चैधरी को इंटरलॉकिंग दोबारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से लगवाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मंशाराम मंदिर के निकट बिछाई जा रही पानी की पाइपलाइन का निरीक्षण किया। जमीन खुदवाकर कार्य की गुणवत्ता परखी, जिस पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। अंत में मोहल्ला अमर नगर में नवनिर्मित नाले का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं विकलांग कक्ष को देखते हुये जन्म प्रमाण-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के आवेदनकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सेवापुस्तिका में अर्जित अवकाश दर्ज न होने पर अजीत सिंह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई रजिस्टर एवं आईजीआरएस रजिस्टर को देखा। आईजीआरएस पर शिकायतकर्ता द्वारा की गयी शिकायत के निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ता से दूरभाष के माध्यम से वार्ता भी की। जल कल कक्ष को देखते हुये जलापूर्ति हेतु पानी की टंकी एवं गाड़ियों की लागबुक भी देखी। जिलाधिकारी ने लिपिक निर्माण कक्ष में रजिस्टर का अवलोकन करते हुये कमी मिलने पर जेई0 राजेश पाल को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने महमूदाबाद रोड पर एचआरडी स्कूल के निकट तालाब की खुदाई व मिट्टी पटान, आरसीसी कार्य एवं इंटरलाकिंग व सीसी कार्य को देखते हुये तालाब के आस-पास इंटरलाकिंग सड़क क्षतिग्रस्त होने पर उसको सही कराने के निर्देश संबंधित को दिये। पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों एवं मा0 अमर नगर में लवकुश के मकान से अली अहमद के मकान तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य व सोक पिट तथा जाली लगाने के कार्यों को भी देखा। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से नगर पालिका में हड़कंप मचा रहा और अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता व पारदर्शिता बरतने का सख्त संदेश मिला।

## शहर के पांच प्रमुख चौराहों का होगा सुंदरीकरण

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ० राजागणपति आर० के निर्देश के क्रम में सीतापुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत शहर के पाँच प्रमुख चौराहों, लालबाग चौराहा, ऑख अस्पताल तिराहा, बस स्टैण्ड तिराहा, कैप्टन मनोज पाण्डे चौराहा एवं कोतवाली चौराहा का आधुनिक एवं सुव्यवस्थित सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चिन्हित चैराहों के चारों ओर 150 मीटर की परिधि में स्थित समस्त स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को नियमानुसार हटवाया जाये। स्थायी अतिक्रमण के प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके तथा आमजनमानस को जाम की समस्या से राहत मिल सके। उक्त चैराहों का विकास महानगरों की तर्ज पर किया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने हेतु फोर-वे ट्रैफिक सिग्नल, ऑटोमैटिक चालान प्रणाली के लिए एएनपीआर कैमरे तथा आधुनिक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। साथ ही अवैध पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टोइंग वाहनों की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में संचालित ई-रिक्शा के पंजीकरण हेतु नगर पालिका परिषद में विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है।

# तकिया मेले में कठपुतली नृत्य बना आकर्षण का केंद्र




पाटन, उन्नाव। सर्व धर्म संभव की ज्योति जगाने वाले प्रसिद्ध तकिया मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की परंपरा में सोमवार को राज्य मध्य निषेध विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा सरकारी मेला कैंप पर कठपुतली का नृत्य, हरि ओम पपेट एण्ड मेरेकिल ग्रुप के मनमोहन श्रीवास्तव, के० के० राय द्वारा प्रस्तुत किया गया वही जादू का सुंदर कार्यक्रम जादूगर एस के सिंह, आदित्य कुमार तिवारी द्वारा दिखाया गया। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को दर्शकों ने खूब सराहा। दोनों कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सफाई, भारत की आजादी में अन्य प्रांतों का सहयोग तथा मध्य निषेध से संबंधित कार्यक्रम रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अपजिला धिकारी रनवीर सिंह व तहसीलदार गणेश सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया तथा कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के मेला प्रभारी सुनील दीक्षित, विजय अमीन, अजय सिंह कानून गो व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने आज जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय खैराबाद का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डाक डिस्पैच कक्ष, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष, नोडल अधिकारी कक्ष, जिला सर्विलांस कक्ष, लेखा अनुभाग, उप मुख्य चिकित्साधिकारी कक्ष, प्रशासनिक अधिकारी कक्ष, मेडिकल अनुभाग कक्ष आदि को देखा। उन्होंने डाक डिस्पैच कक्ष में पहुंचकर डिस्पैच रजिस्टर, डाक रजिस्टर का अवलोकन करते हुये रजिस्टर में त्रुटियां मिलने पर मुख्य चिकित्साधिकारी को सुधार के निर्देश दिये तथा लिपिक कमल हसन के अनुपस्थित होने पर आज का वेतन काटने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कक्ष में निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी डा0 विकास अनुपस्थित पाये जाने पर आज का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित जे0ई0 निर्देश दिये कि सप्ताह में एक दिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बैठें। मेडिकल अनुभाग कक्ष में रजिस्टर का अवलोकन किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि मुख्यालय छोड़ने वाले चिकित्सकों को मुख्यालय पर ही निवास करने हेतु कार्यालय आदेश जारी करें, आदेश का पालन न करने वाले चिकित्सकों पर अनुशासनिक कार्यवाही करें। आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। लेखा अनुभाग के निरीक्षण के दौरान भुगतान संबंधी रजिस्टर एवं अन्य रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं वर्तमान बजट की जानकारी ली। कैशबुक रजिस्टर में त्रुटि होने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वयं भी रजिस्टरों का अवलोकन करें। रजिस्टर में त्रुटि मिलने पर लेखाकार मनीष कुमार को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पैथोलॉजी की प्रपत्र पर्ची मरीजों के लिए बनी मुसीबत




जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। जिला अस्पताल अपने नए-नए प्रयोगों को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है, लेकिन ये प्रयोग कई बार व्यवस्थागत सुधार की जगह मरीजों की परेशानी का कारण बनते नजर आ रहे हैं। कभी पत्रकारों के आवागमन पर इस आशंका में रोक लगा दी जाती है कि कहीं कोई कमी उजागर न हो जाए, तो कभी महिला सीएमएस द्वारा मोबाइल फोन लेकर अस्पताल परिसर में प्रवेश को गुस्ताखी मानते हुए सख्त नोटिस चस्पा कर दिया जाता है, जिसका कड़ाई से पालन भी कराया जाता है। इन नियमों की मार कई बार सीधे मरीजों पर पड़ती है। इन दिनों जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में ब्लड जांच के लिए आने वाले मरीजों को एक नया झंझट झेलना पड़ रहा है। जांच कराने पहुंचे मरीजों को वहां मौजूद कर्मी एक प्रपत्र (फार्म) थमा देते हैं, जिसे भरना अनिवार्य बताया जा रहा है।

फार्म में मरीज की व्यक्तिगत जानकारी सहित अन्य विवरण भरने होते हैं। समस्या यह है कि बड़ी संख्या में मरीज कम पढ़े-लिखे या पूरी तरह अनपढ़ होते हैं। ऐसे मरीज फार्म भरवाने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। कई मरीजों का कहना है कि फार्म भरवाने के लिए उन्हें दूसरों से मदद मांगनी पड़ती है, कई बार गिड़गिड़ाना भी पड़ता है। पहले से ही सरकारी अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ रहती है, ऊपर से इस तरह के नए तामझाम मरीजों की परेशानी को और बढ़ा रहे हैं। समय पर जांच न हो पाने से मरीजों में नाराजगी भी देखी जा रही है। मरीजों का कहना है कि यदि यह व्यवस्था वास्तव में जरूरी है तो इसके लिए अलग से काउंटर या कर्मचारियों की तैनाती की जानी चाहिए, ताकि अनपढ़ या बुजुर्ग मरीजों को भटकना न पड़े। मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि पैथोलॉजी में सुविधाओं के नाम पर थोपे जा रहे प्रयोगों की समीक्षा की जाए और ऐसी व्यवस्था लागू की जाए, जिससे मरीजों को राहत मिले, न कि नई मुसीबत। अब देखना यह है कि जिला अस्पताल प्रशासन मरीजों की इस जायज मांग पर कब तक ध्यान देता है या फिर यह नया प्रयोग भी बाकी प्रयोगों की तरह केवल फाइलों तक ही सीमित रह जाएगा।

### क्या बोले सीएमएस

मामले में जब सीएमएस डा0 राजीव गुप्ता से बात की गयी तो उन्होने बताया कि इस तरह की कोई जानकारी हमें नही है। मरीजों को हो रही दिक्कत को देखते हुए इसको बंद करवाया जाएगा।

## अधिकारियों ने किया परिषदीय विद्यालय का संयुक्त निरीक्षण



पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। परिषदीय विद्यालयों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी निशा सागर एवं खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने प्राथमिक विद्यालय कंदरपुर का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने बच्चों के साथ टाट-पट्टी पर बैठकर मध्याह्न भोजन ग्रहण किया और भोजन की गुणवत्ता व मेन्यू की जांच की।

खंड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह ने बच्चों से मिड डे मील के बारे में जानकारी ली, जिस पर बच्चों ने मेन्यू व मानक के अनुसार भोजन मिलने की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन बच्चों का अधिकार है तथा अच्छी, रुचिवर्धक शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन और स्वच्छ, सुंदर व आकर्षक विद्यालय उनकी प्राथमिकता है। खंड विकास अधिकारी निशा सागर ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण मिड डे मील से बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति और सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को अमरूद काटकर वितरित किए, जिससे बच्चे प्रसन्न नजर आए। निरीक्षण के दौरान शिक्षण कार्य, विद्यालयी स्वच्छता एवं किचन गार्डन की भी समीक्षा की गई तथा प्रधान शिक्षिका आराधना सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दोनों अधिकारी विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं मिड डे मील संचालन से संतुष्ट दिखाई दिए।

## विकास खण्डों में स्टेडियम का कराया जायेगा निर्माणः डीएम

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने युवाओं उत्थान हेतु एक बड़ा कदम उठाया है। जिस हेतु सभी विकास खण्डों में 1-1 मिनी स्टेडियम का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया है। सभी विकास खण्डों में 1-1 मिनी स्टेडियम का निर्माण क्षेत्रनिधिध्योजना में क्षेत्रनिधि, मनरेगा, ग्राम निधि एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से निर्माण कराया जायेगा। विकासखण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत हेमपुर, विकासखण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत मीरापुर, विकास खण्ड हरगांव की ग्राम पंचायत गुरधपा, विकासखण्ड कसमण्डा की ग्राम पंचायत गरौणा, विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत अर्जुनपुर (मुलायमपुर), विकास खण्ड लहरपुर की ग्राम पंचायत खैरूल्लापुर, विकासखण्ड मछरेटा की ग्राम पंचायत पैदापुर, विकास खण्ड महमूदाबाद की ग्राम पंचायत शाहीनपुर, विकास खण्ड महोली की ग्राम पंचायत कुसैला, विकास खण्ड मिश्रिख की ग्राम पंचायत लिखनापुर, विकास खण्ड पहला की ग्राम पंचायत लौना, विकास खण्ड परसेण्डी की ग्राम पंचायत इटारी, विकास खण्ड पिसावां की ग्राम पंचायत बरगांवा, विकास खण्ड रामपुरमथुरा की ग्राम पंचायत देसी लौकिया, विकास खण्ड रेउसा की ग्राम पंचायत रेउसा, विकास खण्ड सकरन की ग्राम पंचायत उमराकलां तथा विकास खण्ड सिधौली की ग्राम पंचायत छावन में मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जाना है। विकास खण्ड बेहटा एवं बिसवां में मिनी स्टेडियम स्थल का चयन प्रक्रियाधीन है। जनपद में मनरेगाध्क्षेत्र निधिध्ग्राम निधि से मिनी स्टेडियमों का निर्माण होने से जनपद के ग्रामीण क्षेत्र की जनताध्निवासियों के साथ-साथ जनपद, प्रदेश व देश की भी निरन्तर उन्नति व प्रगति होगी।

## इन्द्रौली में लगा मुख्यमंत्री आरोग्य मेला



महोली (सीतापुर)। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इदरौली में हर सप्ताह निःशुल्क मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। सीएचसी अधीक्षक दीपांशु शुक्ला के निर्देश पर इस स्वास्थ्य मेले में मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण कर, उनकी जांच की गई और उचित परामर्श लेकर उपचार किया गया। मेले के दौरान मेडिकल ऑफीसर डॉ ज्योती सिंह, तारा मिश्रा एएनएम अमरीश त्रिवेदी एलटी रंजीत श्रीवास्तव काउंसलर आदि स्टाफ की मौजूदगी रही। इस कार्यक्रम में 25 मरीजों का इलाज हेतु स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जिसमें मंजूलता 60, राजकमल 32, सुधा देवी 55, किरन 47, हीरालाल 45 आदि मरीजों की जांच की गई। इस परीक्षण में ज्यादातर मरीज सर्दी जुकाम बुखार के मिले पांच मरीजों की मलेरिया की जांच की गई। जिसमें कोई भी पॉजिटिव नहीं निकला।

## होमियोपैथिक दवा वितरित जागरूकता अभियान आयोजित

जिला संवाददाता(vol)



फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी और आरोग्य भारती के तत्वावधान में डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में एक महत्वपूर्ण चिकनपॉक्स बचाव व जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

चेयरमैन फतेहपुर व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम 12वीं वाहिनी पीएसी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने सभी 900 जवानों को चिकनपॉक्स से बचाव हेतु होमियोपैथिक औषधि का वितरण किया। उन्होंने जवानों को स्वच्छता के महत्व पर विस्तार से जागरूक किया, बताया कि नियमित हाथ धोना, साफ-सफाई बनाए रखना और भीड़भाड़ से बचना इस बीमारी से सुरक्षा का प्रमुख साधन है। डॉ. श्रीवास्तव ने कहा कि मौसमी बदलाव में चिकनपॉक्स का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सतर्कता जरूरी है। इस अवसर पर सेनानायक मनोज कुमार अवस्थी, सैन्य सहायक प्रतिमा सिंह, शिविरपाल विजय कुमार चौधरी तथा पीसी कुलदीप पुष्पाकर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जवानों ने डॉ. श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया और अभियान को सराहनीय बताया।

# कृषि अधिकारी ने आधा दर्जन खाद दुकानों का किया निरीक्षण



उन्नाव (वीओएल)। जिला कृषि अधिकारी ने आधा दर्जन से अधिक उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर पांच दुकानदारों को नोटिस एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

नवाबगंज क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी शशांक चैधरी ने करीब आधा दर्जन से अधिक उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंह खाद भंडार भल्ला फार्म, रुखसार एग्री जंक्शन जाकिम खेड़ा, साधन सहकारी समिति

### खामियां मिलने पर पांच दुकानों को नोटिस थमाकर निर्देश दिए

ईटबरपुर, तिवारी खाद्य केंद्र नवाबगंज, रामघाट केंद्र सिरसा रोड, साधन सहकारी समिति नवाबगंज एवं द्विवेदी खाद भंडार कुसुंबी रोड का औचक निरीक्षण किया गया गया। निरीक्षण के दौरान सिंह कर भंडार भल्ला फार्म पर संस्तुत मात्रा का बैनर न लगा होने के कारण नोटिस निर्गत की संस्तुति की गई। रुखसार एग्री जंक्शन नवाबगंज के वितरण रजिस्टर के निरीक्षण के दौरान रेंडम आधार पर कृषक से वार्ता की गई इसमें कृषक द्वारा अवगत कराया गया कि विक्रेता द्वारा अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की गई है विक्रेता को नोटिस निर्गत की गई। तिवारी खाद भंडार नवाबगंज द्वारा वितरण रजिस्टर प्रमाणित ना होने के कारण तथा कृषकों का मोबाइल नंबर ना लिखे जाने का नोटिस निर्गत की गई। राम खाद केंद्र सिरसा रोड द्वारा संस्तुत मात्रा का बैनर नहीं लगा पाया गया। तथा द्विवेदी खाद भंडार नवाबगंज द्वारा बैनर न लगा होने के कारण तथा वितरण रजिस्टर में कृषकों का मोबाइल नंबर न लिखे जाने का नोटिस निर्गत की गई। इस दौरान उन्होंने समस्त उर्वरक विक्रेता को निर्देशित किया कि कृषकों को उनकी जोत एवं भूमि के अनुसार ही उर्वरक का वितरण करें। स्टॉक व वितरण रजिस्टर पूर्ण रखें तथा उर्वरकों का रखरखाव सही ढंग से रखे। कमियां मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## मृतक की पत्नी बनकर फर्जी बैनामा कराने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

पुरवा, उन्नाव। मृतक की भूमि पर फर्जी पत्नी बनकर बैनामा कराए जाने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर एडीजी जोन के निर्देश पर पुरवा पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित चार नामजद व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। तहसील क्षेत्र के गांव कंचनपुर निवासी, वर्तमान में कोलकाता में रह रहे लोकनाथ गुप्ता ने एडीजी जोन को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके चाचा रामेश्वर का कभी विवाह नहीं हुआ था और वह कोलकाता में रहते थे। रामेश्वर की वर्ष 1983 में मृत्यु हो गई थी, इससे पूर्व उन्होंने अपनी भूमि अपने भाई शंकर दयाल के नाम वरासत कर दी थी, जिस पर परिवार का कब्जा था। आरोप है कि करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा रामेश्वर की कथित पत्नी कलावती बताते हुए नायब तहसीलदार हिलौली के न्यायालय में आपत्ति दाखिल की गई, जिस पर दस्तावेजों के आधार पर कलावती को उत्तराधिकारी घोषित कर दिया गया। इसके कुछ ही दिन बाद कलावती ने ग्राम प्रधान किशोर रावत, आनंद सिंह, शुभम सिंह आदि की मदद से उक्त भूमि का बैनामा करा दिया। पीड़ित का आरोप है कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर मृतक की पत्नी बनाकर अवैध रूप से भूमि की वरासत और बैनामा कराया गया है।

# खंड शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण होने के बावजूद कार्यमुक्त न होना चर्चा का बना विषय

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़ा एक मामला सामने आया है। नियमों के अनुसार कोई भी खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) एक ही ब्लॉक में तीन वर्ष से अधिक समय तक तैनात नहीं रह सकता है, लेकिन सफीपुर ब्लॉक में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह पर नियमों की अनदेखी और मनमानी की चर्चाएं सुनने को मिल रही है।

बताया जा रहा है कि खंड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह का तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है और उनका स्थानांतरण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 को कर दिया गया था। इसके बावजूद वे अब तक सफीपुर ब्लॉक छोड़ने को तैयार नहीं हैं और अपने पद पर बनी हुई हैं। आरोप है कि उनके तानाशाही रवैये के चलते ब्लॉक की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। सूत्रों के अनुसार, कार्यकाल के शुरूआती दौर में उन्होंने ऑक्सीजन गैस सिलेंडर के नाम पर कथित रूप से मनमानी की थी। इसकी शिकायत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिलाधिकारी तक पहुंचने की चचाएं हुई थी। जांच भी शुरू हुई, लेकिन बाद में क्या हुआ पता नही चला। इसके बाद बीआरसी कार्यालय में एसी लगवाने के नाम पर धनराशि एकत्र करने संबन्धी शिकायत हुई, लेकिन उसे भी दबा दिए जाने की चर्चा है। मामला यहीं तक सीमित नहीं है। जुलाई 2025 में शासन द्वारा किए गए अंतरजनपदीय स्थानांतरण एवं समायोजन के तहत प्राथमिक विद्यालय मवईभान, ब्लॉक सफीपुर के प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार का स्थानांतरण पीएम-उच्च प्राथमिक विद्यालय सिहोरा, ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी में किया गया था। सूची में उनका क्रमांक 20071 बताया जा रहा है। यह समायोजन 150 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को जूनियर प्राथमिक विद्यालयों में समायोजित करने के शासनादेश के तहत किया गया था। आरोप है कि खंड शिक्षा अधिकारी ने अवधेश कुमार को सफीपुर से सिकंदरपुर सरोसी तो रिलीव कर दिया, लेकिन उनकी मानव संपदा आईडी का ट्रांसफर नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, वे लगभग दो माह तक सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक में अध्यापन कार्य करते रहे, जबकि उनका वेतन सफीपुर ब्लॉक से ही निर्गत होता रहा। इतना ही नहीं, दो माह बाद बिना किसी उच्च अधिकारी को सूचित किए, खंड शिक्षा अधिकारी सफीपुर द्वारा अवधेश कुमार को पुनः प्राथमिक विद्यालय मवईभान, ब्लॉक सफीपुर में ज्वाइन करा दिया गया। सचिव स्तर से हुए स्थानांतरण एवं समायोजन आदेशों को भी अपने स्तर से मनमाने ढंग से प्रभावित किया जा रहा हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी होने के बावजूद उनके द्वारा ब्लॉक न छोड़ना विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

### क्या बोले बीएसए

मामले में जब बीएसए शैलेश कुमार पाण्डेय से बात की गयी तो उन्होने एसआईआर फार्म कार्य का हवाला देते हुए बताया कि अभी इसी वजह से नहीं हुआ है। जैसे ही यह कार्य संपन्न होगा उनका स्थानांतरण कर दिया जाएगा।

संक्षेप

## बंटवारे को लेकर एकराय होकर मारपीट

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बिगारी में रहने वाले करनसिंह पुत्र स्व. बागराज सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि रविवार को सुबह उसकी पत्नी राजकुमारी घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी उसके बड़े भाई चन्दन की पत्नी अवधरानी व भतीजे की लड़की प्रिंसी व दिव्यांशी, शेयजल पुत्री देवेन्द्र लोधी आये और उसकी पत्नी को बटवारे को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जीआरपी पुलिस ने सर्कुलेटिंग एरिया से पकड़ी शराब

**ललितपुर।** जीआरपी थाना पुलिस ने गश्त के दौरान माल गोदाम के पास से महिला को हिरासत में लिया है। पुलिस ने महिला के पास से पीला डिब्बा में रखी शराब बरामद की है। जीआरपी में तैनात उप निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि वह हमराह कां.पंकज कुमार व कां. पूजा दिवाकर के साथ गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वह रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में पहुंचे, जहां माल गोदाम के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे दविश देकर ग्राम मऊ मैनवारा निवासी प्रियंका पत्नी प्रदीप कबूतरा को हिरासत में लिया है। जीआरपी पुलिस ने उसके पास से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 (1) के तहत मामला दर्ज किया है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र में रविवार शाम हनुमान गढ़ी मंदिर के पास सौजना-महरौनी रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में चंदू पुत्र दुर्जू अहिरवार (45), निवासी हनुमान गढ़ी मोहल्ला, की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक सवार अशोक कुशवाहा (42) निवासी ग्राम दलपतपुर थाना मड़ावरा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को उपचार के लिए महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## जखौरा पुलिस ने लौटाए खोए हुए मोबाइल

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई, पोर्टल पर गिरे/खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी। थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित सीईआईआर पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 अदद गिरे हुए/खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर, उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक व थाना जखौरा पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस, , हे.का.प्रेमबाबू, का.मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

## बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत, एफआईआर

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सतगता में रहने वाले रामस्वरूप पुत्र सुल्तान सिंह ने पुलिस को अवगत कराया है कि बीती 12 दिसम्बर को शाम करीब 6.30 बजे उसका भाई 72 वर्षीय रघुवीर सिंह खेत से पैदल आ रहे थे। जैसे ही वह मोहल्ला 9 नम्बर सतगता में पहुंचे कि ट्रान्सफार्मर के पीछे से तेज गति व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये आ रहे सीरोंनखुर्द निवासी गनेश पुत्र गनपत लोधी ने अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.एच. 2875 से उसके भाई रघुवीर को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायलावस्था में रघुवीर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। झांसी मेडीकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में उनके भाई की मृत्यु हो गयी।

# गौवंशों के रखरखाव व प्रबंधन में न हो कोई लापरवाही: डीएम

जिला संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को जनपद की गौशालाओं के संचालन, गौवंशों के प्रबंधन, ठण्ड से बचाव सहित भोजन पानी की उपलब्धता सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए नोडल अधिकाधिकारियों व सभी लाइन विभागों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही अपेक्षित बस्तियों व मजरों में विकास कार्यों व सरकारी

- **गौशालाओं में भोजन, पानी, ठण्ड से बचाव सहित बीमार पशुओं को अलग शेड में रखने के दिये निर्देश**
- **हरा चारा बोआई के लिए गौशालाओं के आसपास चारागाह की भूमि तलाशे बीडीओ**

योजनाओं के अच्छादन हेतु 01 जनवरी तक प्रस्ताव भी मांगे। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों सहित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि रैण्डम आधार पर गौशालाओं का निरीक्षण कर गौशालाओं में भूसा, हरा चारा, चोकर, चूनी, साईजेल, पानी आदि की उपलब्धता, बीमार पशुओं के लिए अलग शेड सहित सभी व्यवस्थाओं की स्थलीय सत्यापन करें, स्टॉक रजिस्टर मेन्टेन करायें, साथ ही बीमार पशुओं को अलग शेड में रखकर उपचार की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जहां अलग शेड उपलब्ध नहीं है, वहां अस्थायी शेड की व्यवस्था करायी जाए।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि कार्यदायी विभागों के जूनियर इंजीनियरों से गौशालों का सर्वे कराकर ढलान की स्थिति के अनुसार तालाबों का निर्माण करायें, जिससे गर्मी के मौसम में भी पर्याप्त पानी की उपलब्धता रहे। साथ ही तालाबों के किनारे सघन वृक्षारोपण भी करायें और प्रत्येक पौधे के लिए शासनादेश के अनुसार अनुरक्षण श्रमिक भी रखे जायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जिन गौशालाओं में भूमि के अभाव में हरे चारे की बुआई नहीं की जा रही है, वहां आसपास चारागाह की भूमि को अगली बैठक से पहले चिन्हित करें।

ताकि वहां हरे चारे की बुआई सुनिश्चित करायी जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी नोडल अधिकारियों से गौशालाओं में उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की, जिसमें नोडल अधिकारियों द्वारा किये गए निरीक्षणों की रिपोर्ट के आधार पर जानकारी दी गई। उपरोक्त के अलावा जिलाधिकारी ने जनपद के क्रय केन्द्रों पर मूंगफली उठान, भुगतान व दुकानों पर उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उप निदेशक कृषि को निर्देश दिये कि प्रतिदिन मूंगफली उठान, भुगतान व उर्वरक की उपलब्धता की निगरानी करें और शाम को रिपोर्ट उपलब्ध करायें। किसी भी दशा में पेन्डेंसी नहीं रहनी चाहिए अन्यथा कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के आच्छादन की समीक्षा की, उन्होंने दौरान उप निदेशक कृषि को फार्मर रजिस्ट्री की ग्राम पंचायतवार सूची, आयुष्मान योजना के ऐसे लाभार्थी जिनका कार्ड नहीं बना है, उनकी सूची जिला पंचायत राज अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये, साथ ही डीपीआरओ को अपने माध्यम से इन सूचियों को ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराते हुए ऐसे छूटे हुए परिवारों की मैपिंग कराने के निर्देश दिये, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

## रैन बसेरों और शहर के मुख्य चौराहों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था करें: डीएम



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय एवं नगर विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में रैन बसेरों का तथा शहर के मुख्य चैराहा पर अलाव जलाने वाले स्थान का निरीक्षण करें।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक में सर्दी के दृष्टिगत सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकायों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सभी गो आश्रय स्थलों का निरीक्षण करते हुए गोवंशों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी गो आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरों को संचालित करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी गो वंश रात्रि में आश्रय स्थल के टीनशेड से बाहर न रहने पाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को यह भी निर्देश दिए कि जिन नगर निकायों में चारागाह की भूमि मौजूद है, वहां पर संपूर्णना घास, नेपियर घास अथवा कोई भी हरा चारा नियमित रूप से उगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि नगर निकायों में स्थापित गौशालाओं में मौजूद गोवंशों के लिए चारे की समुचित व्यवस्था हो सके। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन तथा गीला कूड़ा व सूखा कूड़े का सही प्रकार से निस्तारण करना करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं भी कूड़ा जलता हुआ नहीं पाया जाना चाहिए।

उन्होंने सभी को ईओ निर्देशित किया कि अपनी ओर से सफाई कार्मिकों को निर्देशित करें कि कूड़ा कलेक्शन के बाद उसको न जलाएं और उसका सही प्रकार से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर पालिकाओं एवं ग्रामों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि कोई भी साप्ताहिक बाजार सार्वजनिक स्थल या रोड पर न लगे जिससे कि वहां आवागम बाधित न हो तथा अपने निकाय क्षेत्र अंतर्गत लगने वाले साप्ताहिक बाजारों से शत प्रतिशत शुल्क वसूलना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें और निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली करें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में रैन बसेरों का तथा शहर के मुख्य चैराहा पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ रात्रि में लावत जलने वाले स्थान का भी निरीक्षण करें। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिजनौर विकास कुमार सहित सभी नगर निकाय क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

## डॉ. बृजेश इटली के पोएट्री कॉन्टेस्ट डिप्लोमा से पुरस्कृत



**बांदा।** जिले के साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता मेवादेव को इटली में आयोजित एमिलकेयर सोल्फेरिनि पोएट्री कॉन्टेस्ट डिप्लोमा से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम की ज्यूरी ने कहा कि हमें आपको एमिलकेयर सोल्फेरिनि पोएट्री कॉन्टेस्ट 2025 का डिप्लोमा भेजते हुए खुशी हो रही है। आपकी कविता के साथ हमारी मुलाकात एक ऐसा पल था जिसे हम कभी नहीं भूलेंगे, आपकी कविता से मिले इमोशन के लिए धन्यवाद, यह एक ऐसी कविता थी जिसकी जूरी ने बहुत तारीफ की। डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता जिन्हें ह्यमेवादेवह्ल के नाम से भी जाना जाता है को हाल ही में उनके साहित्यिक योगदान के लिए ह्यलेबनान के साहित्य जगत में प्रतिष्ठित पुरस्कार ह्यनाजी नामनह्ल से सम्मानित किया गया है। डॉ. बृजेश पर अतर्रा पी.जी. कॉलेज, बाँदा के एम.एड. छात्र मान सिंह ने हाल ही में एक लघु शोध भी प्रस्तुत किया है। शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुके डॉ. बृजेश वर्तमान में वर्ल्ड यूनियन ऑफ पोएट्स, इटली में सेक्रेटरी जनरल पद पर कार्यरत हैं। उन्हें वर्ष 2024 में प्रतिष्ठित इतालवी सम्मान ह्य 1 1 वें अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार ह्यसिटा डेला गैलेटियो - एंटोनियो डी फेरारीसह्ल से भी नवाजा गया है। अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. बृजेश को हैती, नाइजीरिया, ब्राजील एवं सर्बिया की विभिन्न अकादमियों से मानद डॉक्टरेट की उपाधियाँ भी प्रदान की जा चुकी हैं। अफ्रीकी देश बिरलैंड ने उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया है। डॉ. बृजेश अब तक तीन अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का सफल आयोजन कर चुके हैं और वर्तमान में सुकदेव सिंह लवकुश महाविद्यालय, बबेरू में प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। इन्हे पुरस्कार मिलने पर पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, सुधीर कुशवाहा, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, प्राचार्या दीपाली गुप्ता, डॉ प्रमोद सैरहा, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, अशोक त्रिपाठी जीतू, अमित सेठ भोलू, दिनेश दीक्षित, संघ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र पाठक ने बधाई दी है।

## वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा 21 दिसंबर से आप पार्टी शुरू करेगी: कमांडो



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने ज्ञान विहार कालोनी पहुंचकर पत्रकार वार्ता की। उन्होने कहा कि एसआईआर के नाम पर भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश में लगभग 3 करोड़ मतदाताओं के वोट काटने की साजिश कर रही है।

आम आदमी पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कमांडो ने प्रेसवार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एसआईआर के नाम पर चोरी-छिपे और शातिराना तरीके से धर्म, जाति और क्षेत्र के आधार पर उत्तर प्रदेश में लगभग 3 करोड़ मतदाताओं के वोट काटने की साजिश कर रही है। उन्होने कहा कि इसके खिलाफ पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में 21 से 26 दिसंबर तक रामपुर से अमरोहा के बीच वोट बचाओ संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

इस पदयात्रा में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा उत्तर प्रदेश की जागरूक जनता बड़ी संख्या में सहभागिता करेगी। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर छोटी-बड़ी जनसभाएं आयोजित की जाएंगी तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होने अपील करते हुए कहा कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारमताधिकार की रक्षा के लिए इस पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और संविधान बचाने की इस आवाज को बुलंद करें। इस मौके पर मौ0 अजहर (प्रदेश सचिव), जिलाअध्यक्ष जितेंदर सिंह चैहान, निर्मल मिश्रा, आरसी चैहान, रवि, अर्जुन कुमार, ममता अग्रवाल, अबरार अहमद, आदेश राजपूत, अफजाल, सन्नावर शेख, अरबाज, फैजान, मौ0 अहसान, नौशाद आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया बैंक, एटीएम में चेकिंग अभियान



**बांदा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस. के आदेश, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं आसपास होने वाली घटनाओं लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी को रोकने के लिए सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने जिले भर के एटीएम, बैंक शाखाओं एवं अन्य वित्तीय संस्थानों की गहनता से चेकिंग की। इस दौरान बैंकों, एटीएम में लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग तथा अग्निशामक यंत्रों की स्थिति का निरीक्षण किया तथा सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए। बैंक सुरक्षा गार्डों को निर्देश दिए कि बैंक में आने वाले ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराएं, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित न हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान बैंकों, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों तथा वाहनों की चेकिंग की तथा संदिग्ध अवस्था में मिलने पर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई।

## घर से टहलने निकले कपड़ा व्यापारी की तेज रफ्तार कार की टक्कर से मौत

**धामपुर, बिजनौर।** घर से टहलने के लिए निकले कपड़ा व्यापारी को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद तेज गति से दौड़ रही अनियंत्रित कार सडक पर खड़ी रोडवेज की अनुबंधित बस से जा टकराई। घटना में कपडा व्यापारी की मौत हो गई। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना धामपुर क्षेत्र के मोहल्ला साहूवान निवासी कपड़ा व्यापारी सतपाल सिंह सिड़ाना (73 वर्ष) रविवार की देर शाम को करीब नौ बजे घर से पैदल सुभाष चैक तक टहलने के लिए निकले। जैसे ही वह रोडवेज मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कपडा व्यापारी को काफी दूर तक खींच कर ले गई और फिर सड़क किनारे खड़ी रोडवेज बस से जा टकराई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस गंभीर रूप से घायल सतपाल सिंह सिडाना को राहगीर की मदद से तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने फिलहाल कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में देखे गये मरीज



ललितपुर। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मेले में नागरिकों को अनेक प्रकार की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिनमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषण और स्वास्थ्य परामर्श, टीकाकरण संबंधी जानकारी एवं सुविधा आयुष्मान भारत योजना और अन्य सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है।

डीएम सत्य प्रकाश ने नागरिकों से अपील की कि वह रविवार को अपने परिवार के साथ मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में पहुँचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला जिले में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और रोगों की प्रारंभिक पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है। इस पहल के माध्यम से स्वस्थ समाज और रोगमुक्त जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

जिले में आयोजित किये गये मेले में मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इन मेले के माध्यम से जनपदवासियों को उनके घर के नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। मेलों में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये परामर्श भी दिया जा रहा है। आयोजित किये गये मेले में सर्वाधिक मरीज पी.एच.सी. गदयाना में देखे गये।

## कस्तूरबा विद्यालय में 5 मिले नदारद, कार्रवाई के निर्देश



**बांदा।** महुआ ब्लाक के कस्तूरबा गांधी विद्यालय का डीएम ने आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय की फुल टाइम शिक्षिका दीपिका तिवारी, लेखाकार श्यामकली कुशवाहा व हेड कुक सुनीता तिवारी अनुपस्थित मिलीं। जिलाधिकारी ने तीनों के विरूद्ध अनुपस्थित दिनों का वेतन रोकते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। विद्यालय की स्थाई शिक्षिका गीता देवी के 1 दिसम्बर से लगातार विद्यालय से अनुपस्थित रहने पर इनके विरूद्ध बेसिक शिक्षाधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर 8 तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं। निरीक्षण के दौरान कक्षा 8 के क्लास में शिक्षिका अंजू वर्मा मौजूद नही मिलीं, इन्हे भी कठोर चेतावनी देते हुए सचेत किया गया। उन्होने कक्षा 6 से 8 तक की बालिकाओं के लिए बनाई गई कम्प्यूटर लैब व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बालिकाओं से विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं एवं शिक्षण कार्य संबंधी जानकारी ली और प्रधानाचार्या को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने किचन में खाद्य सामग्री चावल, आटा व मसाले को देखा तथा वार्डेन को निर्देश दिए कि बच्चों को नास्ता, लंच एवं डिनर में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री दी जाए। इसमें किसी प्रकार की कमी न रहे। इस दौरान विद्यालय की वार्डेन व अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

## फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न करने की डीएम से मांग

**बांदा।** विकासखंड महुआ की ग्राम पंचायत मसुरी के बच्चा उर्फ देव कुमार ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आधार विहीन, अभिलेख विहीन मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर रोक लगाने की मांग की है। डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि

- **सीडीओ करेंगे मामले की जांच**

मृत्यु प्रमाण पत्र सरकारी अभिलेखों के अनुसार ही जारी कराया जाए। बउवा उर्फ देव कुमार पुत्र बाबू उर्फ शैलेन्द्र ने कहा है कि गांव के नाते बाबा स्वर्गीय मदन गोपाल पुत्र बद्री प्रसाद निवासी मसुरी का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने के लिए एसडीएम नरैनी को 13 दिसम्बर 2023 को शपथ पत्र देकर जांच के दौरान अभिलेखों में दर्ज रिकॉर्ड सहित मौजूद रहा। जिसमें तत्कालीन सचिव मिजाजी लाल ने जारी मृत्यु प्रमाण पत्र 4 अप्रैल 1979, 19 दिसम्बर 1983 को किया तथा सरकारी अभिलेखों में दर्ज वर्ष 2019 व 2024 की परिवार रजिस्टर की सत्यापित नकलें जारी कीं। इनमें मृत्यु की तारीख 4 अप्रैल 1979 दर्ज है। गांव के 75 वर्षीय बुजुर्ग के शपथ पत्र सहित बयान दर्ज किए गये। इस आधार पर प्रमाणित है कि स्वर्गीय मदन गोपाल पुत्र बद्री प्रसाद की मृत्यु 4 अप्रैल 1979 को घर पर हुई थी। शिकायती पत्र में यह भी बताया कि मृतक का भूमि संबंधी वाद हाई कोर्ट में विचाराधीन है।

यही वजह है कि विरोधी अनैतिक दबाव बनाकर फर्जी प्रमाणपत्र 30 मार्च 1981 का जारी कराना चाहते हैं ताकि मृत्यु की तिथि विवादित हो सके। बच्चा उर्फ देव कुमार ने कहा है कि विरोधी पंचायत सचिव पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अनैतिक दबाव बना रहे हैं इस पर रोक लगाई जाए।

## प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष हो त्वरित कार्यवाही, लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करें

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन व मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में किया गया। जिसके अन्तर्गत वर्ष 2025-26 एवं 2024-25 में राजकीय,निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य की प्रगति एवं सेवायोजन पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष त्वरित कार्यवाही कराते हुए लक्ष्य की पूर्ति अविलम्ब पूर्ण करें।

लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समयावधि में पूर्ण नहीं किये जाने पर लक्ष्य को निरस्त करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों पर संचालित पाठ्यक्रमों का नियमित निरीक्षण, अनुश्रवण किया जाना भी सुनिश्चित करें।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कौशल समिति, जिला कार्यकारिणी समिति के सदस्यगण, राजपाल सिंह, प्रधानाचार्य, रा0औ0प्र0सं0, जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, आरिफ खांन, जिला कौशल प्रबन्धक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, रोहित यादव, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, शाहरूख खांन, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, नितीश कुमार दुबे, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, प्रेमचन्द्र प्रजापति, कार्यालय सहायक, कमलेश सेन, सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधियों इत्यादि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बालू खदान मर्का खादर की जांच, नहीं मिली खामियां




**बांदा।** तहसील बबेरू की ग्राम मर्का खादर के खण्ड संख्या 4 में बालू के स्वीकृत खनन पट्टा क्षेत्र की औचक जांच की गयी। जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र व खनन अधिकारी ने खनन क्षेत्र में हुए खनन की जांच निर्धारित जियो कार्डिनेट्स के अनुसार तैयार की गयी के एम फाइल, गाटा संख्या व क्षेत्रफल के माध्यम से मिलान करने की बात की गयी। जांच में मिला कि पट्टाधारक ने अपने स्वीकृत क्षेत्र के अंदर खनन व परिवहन कार्य किया है और इस खनन पट्टा क्षेत्र में सीमा स्तंभ पिलर भी अपने निर्धारित स्थान पर लगे हुए हैं। निरीक्षण में यह भी मिला कि ग्राम मर्का खादर के खण्ड संख्या 3 में बालू के स्वीकृत खनन क्षेत्र में ई. सी. प्राप्त होने की प्रक्रिया में हैं। रिप्लेनिसमेंट स्टडी में उल्लिखित मात्रा की जांच ड्रोन कैमरा और जीपीएस के माध्यम से की गयी। अधिकारियों को मर्का खादर खदान में निरीक्षण के दौरान अनियमितता नही मिली।

## साइबर ठक ने फर्जी मेसेज के सहारे लिपिक के खाते से हजारो रुपये उड़ाए

**बिजनौर।** साइबर अपराधियों ने सीएमओ कार्यालय में कार्यरत एक लिपिक के खाते से फर्जी मेसेज के सहारे 47512 रुपये निकाल ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली शहर के गोविंद पुरम आवास विकास निवासी नितिन कुमार गौड़ सीएमओ कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात हैं। पीडित नितिन का आरोप है कि बीती 09 दिसंबर की शाम 4:46 बजे उनके मोबाइल पर एसबीआई के नाम से एक एसएमएस आया। इस संदेश में एक लिंक दिया गया था। नितिन ने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया, उनसे यूजरनेम और नेट बैंकिंग पासवर्ड मांगा गया। विवरण भरते ही कुछदेर बाद उनके खाते से 47512 रुपये का अनधिकृत लेनदेन हो गया। ठगी का पता चलते ही नितिन ने तुरंत साइबर सेल के हेल्पलाइन नंबर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराई। कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

# कूपन का मरहम या नमक

यह दरअसल किसी भी कारोबार में एकाधिकार का परिणाम है। जब कोई कंपनी किसी कारोबार में दबदबा बना लेती है और वह मनमानी करने की स्थिति में आ जाती है, तो अपने हिसाब से नियमों-कानूनों को घुमाने या न मानने की दुस्साहस करती है। इंडिगो अपनी गलतियों के लिए भले ही कूपन ऑफर करे या माफी मांगे, लेकिन दरअसल यह पीड़ितों के जख्म पर नमक डालने जैसी हरकत है। अब इंडिगो ने अपनी अराजकता पर पर्दा डालने के मद्देनजर 'कूपन' (वाउचर) बांटने की पेशकश की है। ये कूपन 10,000 रुपये के होंगे और गंभीर रूप से प्रभावित यात्रियों को ही दिए जाएंगे। क्या ऐसे यात्रियों की परिभाषा और पात्रता इंडिगो ने स्पष्ट की है? क्या सरकारी तंत्र भी 9 लाख से अधिक यात्रियों की परेशानी और नुकसान की कीमत की भरपाई इस कूपन को स्वीकार कर रहा है? क्या अदालत इस कूपन को मान्यता देगी? फिलहाल मौखिक बयान आ रहे हैं कि ये कूपन मुआवजे से अतिरिक्त होंगे। यात्री अगले 12 माह तक इंडिगो की किसी भी यात्रा में इन कूपन का उपयोग कर सकेंगे, लेकिन इंडिगो ने डीजीसीए के नियमानुसार अभी तक मुआवजा नीति को अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक नहीं किया है। यह अनिवार्य नियम है।




सरकारी निर्देश ये भी हैं कि मुआवजा नकद, बैंक ट्रांसफर अथवा यात्री की सहमति पर ही कूपन के रूप में दिया जा सकता है। एक तरफा कूपन की पेशकश नियमानुसार नहीं है। बहरहाल देश ने टीवी चैनलों पर एक चित्र देखा होगा, जिसमें इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स हाथ जोड़े केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू के पास बैठे हैं, मानो देश से माफी मांग रहे हों। देश ऐसे माफ नहीं करेगा। इंडिगो ने उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती का शैड्यूल सरकारी तंत्र के सामने रखा है, लेकिन कई दिनों तक उड़ानें भी कंपनी ने रद्द की हैं। ऐसा क्यों किया गया? क्या यह पूर्वघोषित था? नतीजा यह रहा कि यात्रियों को एक बार फिर तकलीफ, परेशानी उठानी पड़ी। इंडिगो की कार्य-प्रणाली और गवर्नेंस मॉडल की जांच सेबी और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने भी शुरू कर दी है। इंडिगो का संचालन मॉडल ही संदेह के घेरे में माना जा रहा है। सेबी का बयान आया है कि सूचीबद्ध कंपनियों को नोटिस जैसी संवेदनशील जानकारी स्टॉक एक्सचेंज को देनी होती है। इंडिगो को डीजीसीए ने ही दो गंभीर नोटिस जारी कर रखे हैं। चार सदस्यीय समिति ने भी कंपनी के सीईओ से सवाल-जवाब किए हैं। इंडिगो के मुख्यालय में डीजीसीए की निगरानी टीम तैनात कर दी गई है, जिसमें तकनीकी अधिकारी भी हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक न तो कोई जुर्माना थोपा है और न ही कोई अन्य दंड दिया है, बल्कि गुरुवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से संसद को बताया गया कि इंडिगो ने 2024-25 में कुल 7253 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जबकि अन्य विमानन कंपनियां घाटे में रहीं। सरकार को इस पहलू की भी चिंता करनी पड़ेगी कि विमानन कंपनियां घाटे में क्यों हैं? क्या इंडिगो उनकी उड़ानों पर कब्जा करके मुनाफा कमा रही है? यही कारण हो सकता है कि इंडिगो का विमानन क्षेत्र में एकाधिकार है। क्या इससे देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित नहीं होती? जब इंडिगो के कारण देश के लाखों यात्री बंधक की स्थिति में थे, तो दूसरी कंपनियों ने खूब कालाबाजारी की। यह सवाल दिल्ली उच्च न्यायालय में भी उठा कि विमानन कंपनियों ने सरकार द्वारा किराया तय करने, फ्रीज करने के बावजूद 80-90 हजार रुपये तक का किराया कैसे वसूल किया? अब उच्च न्यायालय का निर्देश है कि लूट की यह रकम यात्रियों को वापस की जाये। दरअसल सरकारी निर्देश के बावजूद मनमानी वसूली गंभीर घटना है और यह कानूनों को रौंदने का प्रयास है। इसलिए सरकार को पूरी जिम्मेदारी के साथ इंडिगो संकट की जांच करनी चाहिए और उचित कार्रवाई के साथ प्रभावित यात्रियों के साथ न्याय करना चाहिए।

### विचार

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर बर्बर आतंकी हमला



विजय कपूर

> इतिहास गवाह है कि यूरोप में जब-जब यहूदियों पर हमला हुआ है, इजरायल में सैन्य कार्रवाई तेज हुई है। गाजा तथा बेस्ट बैंक के आम फिलिस्तीनी नागरिकों को इस गुस्से और ईर्ष्या का शिकार होना पड़ा है। सच बात यही है कि जब भी इस्लामिक आतंकवादी फिलिस्तीन के प्रति हमदर्दी जताते हुए दुनिया में कहीं भी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो उसका शिकार फिलिस्तीनी होते हैं, उन्हें ज्यादा अत्याचार सहना पड़ता है।

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर में 14 दिसंबर 2025 को स्थानीय समय के मुताबिक करीब 6 बजकर 47 मिनट पर बोंडी बीच में स्थित आर्चर पार्क में जब यहूदी लोग अपना एक हफ्ते तक चलने वाला त्योहार हनुक्का मना रहे थे, तभी वहां काले कपड़ों में दो आतंकी हमलावर आये और लोगों पर बर्बरता के साथ अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। आतंकियों द्वारा की गई करीब 50 राउंड की खौफनाक फायरिंग में 11 लोग तत्काल और 5 लोग अस्पतालों तक पहुंचाने के दौरान मारे गये। ये तो शुक्र है कि उसी समय वहां खड़ी कारों के पीछे से छुपते छुपाते अहमद नाम के एक बुजुर्ग पीछे से अपनी जान पर बाजी खेलकर एक हमलावर को काबू कर लिया और उसकी रायफल छीनकर बहुत से लोगों की जान बचायी। लेकिन खुद बुजुर्ग अहमद हमलावर को तो मार नहीं सके, लेकिन उसके दूसरे साथी ने उन पर दो गालियां दागकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है और इन पंक्तियों के लिखे जाने तक बुजुर्ग अहमद की हालत स्थिर बनी हुई थी। इस आतंकी हमले में एक इजरायली नागरिक और एक छोटे बच्चे सहित सोमवार तारीख 15 दिसंबर 2025 की सुबह 10 बजकर 30 मिनट तक 16 लोग दम तोड़ चुके थे और घायल 38 लोगों में से एक दर्जन की हालत बेहद नाजुक थी।

इस अचानक हुए बर्बर आतंकी हमले हमले से मची अफरा-तफरी के चलते लोग बेतहाशा इधर-उधर भागने लगे, हालांकि आनन-फानन में पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया और दोनो हमलावरों को गोली मार दी, जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल मगर सुरक्षा एजेंसियों के कब्जे में है। इन हमलावरों में एक की पहचान 24 वर्षीय नवीद अकरम के रूप में हुई है। नवीद अकरम पाकिस्तानी नागरिक है और ऑस्ट्रेलिया में राज मिस्त्री का काम कर रहा था। हालांकि बोंडी बीच के पास आर्चर पार्क में त्योहार मना रहे यहूदियों को ऐसे किसी आतंकी हमले की आशंका नहीं थी। लेकिन हाल के सालों में जिस तरह यहूदियों को ऑस्ट्रेलिया में कई बार आतंकी हमले का निशाना बनाया गया है और पिछले दिनों जिस



तरह ऑस्ट्रेलिया, इजरायल के खिलाफ सख्त बयानबाजी कर रहा था, उसको देखते हुए इजरायल को ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर ऐसे हमले की आशंका पहले से ही थी। इसलिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से यहूदियों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से आगाह किया था। लेकिन यहूदियों की सुरक्षा के अतिरिक्त कदम नहीं उठाये जा सके और हाल के सालों में तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर बर्बर हमला हो गया।

## खामियाजा भुगतेंगे मजबूर फिलीस्तीनी

इस हमले की भर्त्सना पूरी दुनिया के राजनीतिक हलकों में हुई है, मगर सवाल है आखिर फिलिस्तीनियों के हमदर्द होने का दावा करने वाले मुस्लिम आतंकी उनके लिए इस कदर परेशानियां क्यों खड़ी कर रहे हैं? गौरतलब है कि लंबी जद्दोजहद के बाद पिछले दिनों गाजापट्टी में कई सालों के बाद युद्ध विराम और एक हताशाभरी शांति की कामना धीरे-धीरे मूर्त रूप लेते हुए दिखी थी। लेकिन अब इस हमले के बाद ये तय है कि इजरायल इस हमले का गुस्सा फिर से फिलिस्तीनियों पर उतारेगा। ऐसे में यह विचारणीय सवाल है कि आखिर फिलिस्तीनियों के शुभचिंतक ये मुस्लिम आतंकी आखिर उनका जीना इस कदर हराम क्यों किये हैं? क्योंकि ये तय है कि ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर जो बर्बर हमला हुआ है, उसकी प्रतिक्रिया पूरी दुनिया में मुसलमानों के विरुद्ध देखी जायेगी। यह समझने की बात है कि ऑस्ट्रेलिया जैसे देश में यहूदियों पर हमला महज स्थानीय अपराध भर नहीं होता बल्कि यह एंटी-सेमिटिज्म अर्थात यहूदी विरोध का प्रतीक होता है, जिसकी प्रतिक्रिया मिडिल ईस्ट के संघर्ष में और ज्यादा हिंसा से होता है। साथ ही एक आतंकवाद बनाम सभ्य समाज की बहस छिड़ जाती है और न चाहते हुए भी पीड़ित मुस्लिम ही इस बहस में विलेन बनकर उभरते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनेक पश्चिमी देशों जैसे- फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर मुस्लिम आतंकियों द्वारा जो हमले किये गये हैं, इजरायल ने उन हमलों का बदला बेकसूर और हताश फिलिस्तीनियों पर ज्यादा जुल्म ढाकर लिए हैं। पश्चिमी देशों में जब-जब यहूदियों पर हमला हुआ है, इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष तब-तब ज्यादा उग्र हुआ है। इसका कारण है पूरी दुनिया में जहां भी यहूदी हैं, इजरायल बिना कहे उनको अपना नागरिक समझता है और उन पर हुए हमलों को अपने देश पर हुए हमला मानता है। इसलिए ऐसी घटनाओं के बाद इजरायल में यहूदी जहां पश्चिमी देशों के विरुद्ध और ज्यादा एकजुट और उग्र हो जाते हैं वहीं अपने अस्तित्व के नाम पर इजरायल इन हमलों के विरुद्ध कई गुना ज्यादा अत्याचार करना अपना फर्ज समझने लगता है। ऐसे में ये हमला यहूदियों पर भले प्रतीक के तौरपर किया गया हो, मगर इसके बेहद संवेदनशील नतीजे निकलेंगे और ये हमारे राजनीतिक ढांचे से लेकर कार्यवाई की प्रक्रिया तक को कटघरे में खड़ा करेगा। जिस तरह हमास ने दो साल पहले इजरायल पर बर्बर हमला किया था, जिसमें उसके 1200 लोग मारे गये थे और कुछ हजार लोगों को हमास के लड़ाकों ने बंधक बना लिया था। उसके बाद से लगातार यहूदियों के लिए सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में ही नहीं बल्कि फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैंड और अन्य देशों में भी घात लगाकर बर्बर हमलों की स्थितियां बन गई है। यह समझने की बात है कि आखिर हमास या दूसरे मुस्लिम आतंकवादियों द्वारा फिलिस्तीन की हमदर्दी में इजरायल या यहूदियों के विरुद्ध किये गये इस तरह के हमलों के नतीजों के रूप में किस तरह से दुनिया के आम मुसलमानों को गुस्से, घृणा और विरोध का शिकार होना पड़ता है। साथ ही इसका खामियाजा फिलिस्तीनियों को भी भुगतना पड़ता है। अगर उनके पक्ष में कोई स्थिति बन रही होती है, तो भी इस तरह के हमले दुनिया को उनकी प्रति निष्ठुर कर देती है।

ऐसे में ये सवाल उठता है कि फिर तथाकथित ये इस्लामी आतंकवादी यहूदियों और इजरायल के विरूद्ध इस तरह उकसावे वाली हरकतें क्यों करते हैं? इन हरकतों से तो फिलिस्तीनियों की मुक्ति या अपने स्वतंत्र देश का सपना और ज्यादा शक के घेरे में आ जाता है। क्योंकि ऐसी घटनाओं के बाद इजरायल यह कहकर कि हम आत्मरक्षा में हैं, समूचे फिलिस्तीन पर जबर्दस्त कहर ढाता है। इससे फिलिस्तीनी इजरायली हमलों का शिकार बनते हैं। इस हमले से भी यही होगा। पश्चिमी देश प्रो-फिलिस्तीन आवाजों को इस हमले के बाद और ज्यादा शक की निगाह से देखने लगे हैं। इतिहास गवाह है कि यूरोप में जब-जब यहूदियों पर हमला हुआ है, इजरायल में सैन्य कार्यवाई काफी ज्यादा तेज हुई है। गाजा तथा बेस्ट बैंक के आम फिलिस्तीनी नागरिकों को इस गुस्से और ईर्ष्या का मजबूर शिकार होना पड़ा है। सच बात यही है कि जब भी इस्लामिक आतंकवादी फिलिस्तीन के प्रति हमदर्दी जताते हुए दुनिया में कहीं भी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो उसका शिकार फिलिस्तीनियों को और ज्यादा पीड़ा और अत्याचार से भुगतना पड़ता है।

### सोशल मीडिया

भाजपा सत्ता पाने के लिए मतदाताओं को घुसपैठिया बताकर एसआईआर के जरिए नाम हटाने और सीबीआई ईडी, आयकर जैसी एजेंसियों से विपक्ष पर दबाव डालती है। प्रियंका.



जरूरी मुद्दों से देश का ध्यान भटकाने के लिए संसद में वंदे मातरम पर बहस की गयी है। क्योंकि सरकार इस देश के वर्तमान की असलियत छिपाना चाहती है। प्रियंका गांधी.



मुझे पूर्ण विश्वास है कि पंकज चौधरी जी के नेतृत्व में पार्टी संगठन, विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपना और अधिक प्रभावी भूमिका निभायेगा। सुधांशु त्रिवेदी.



# शाश्वत आनन्द

हमें अपने जीवन में चुनौतियों से निपटने के लिए सबसे पहले उसे स्वीकार करना सीखना होगा। जो समस्या है, जो चिंता या परेशानी है, उसे गंभीरता से स्वीकार करना होगा। अकेलापन अनुभव होने पर क्या करें? अकेलापन महसूस करना कैसे बंद करें? यहाँ अच्छी बात यह है कि अकेलेपन से बाहर आने के लिए कुछ सरल, व्यावहारिक उपाय हैं। स्वीकार करना : कुछ लोग अपने दुख को भूलने के लिए, दूसरी क्रियाओं में जैसे सिनेमा देखना, खाना खाने इत्यादि में खुद को मग्न कर देते हैं। हालाँकि, ये केवल थोड़ी देर का विकर्षण है जो व्यक्ति को व्यस्त महसूस कराते हैं, अकेलेपन से एक लाक्षणिक राहत देते हैं। हालाँकि, जब कोई देखना या खाना बंद कर देता है, तो अकेलेपन की वही अनुभूति फिर से सामने आती है। इसका अर्थ यह है कि हम इस अनुभूति को स्वीकार नहीं कर रहे हैं बल्कि इससे दूर भाग रहे हैं। इस प्रकार, मैं अकेला महसूस कर रहा हूँ को स्वीकार करना इसे दूर करने का पहला कदम है। तभी हमें इससे बाहर निकलने का उपाय मिल सकता है। नेगेटिव विचारों का सामना करना: नेगेटिव विचार हमे तभी तक वश में करते है जब तक हम उन्हें अपने भीतर रहने देते हैं। उनकी बात नहीं सुनना और तुरंत उन्हें पॉजिटिव विचारों में परिवर्तित करने से हमारे निश्चिय और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद करता है। सही समझ और पॉज़िटिविटी यहाँ प्रतिकार का काम करती है। यदि हम इनका उपयोग नहीं करेंगे तो हम इस नेगेटिविटी से कभी बाहर नहीं आ पाएँगे। जीवन के समान अवस्था से गुजरने वाले महान लोगों की जीवन की प्रसंगो को प्रकाशित करने वाली आत्मकथाओं और पुस्तकों को पढ़कर, हम सही समझ और सकारात्मकता दोनों प्राप्त कर सकते हैं। तो अब, यदि आप अकेलापन अनुभव करते हैं, तो इससे निपटने के मार्ग के साथ-साथ इन स्त्रोतों से भी प्रेरणा लें।

अंतर्दृष्टि

खुद के बारे में गलतफहमी के साथ-साथ खुद की अज्ञानता से छुटकारा पाने की यह मुख्य चाबी है। जब हमें आत्मज्ञानी पुरुष से पता चलता है कि हम कौन हैं (हमारी वास्तविक पहचान), तब गहरा अँधेरा आंतरिक शान्ति में परिवर्तित हो जाता है। इस प्रकार, आत्म-साक्षात्कार अकेलेपन को रोकने का सबसे प्रभावशाली तरीका है। भीतर से आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है और आत्म-साक्षात्कार के बाद गलत या नकारात्मक भावनाओं से लड़ने की शक्ति दोगुनी हो जाती है। यह प्रत्यक्ष ज्ञानीपुरुष की कृपा के माध्यम से ही होता है। हजारों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से इस शाश्वत आनंद का अनुभव किया है। आप भी, जल्द से जल्द इसके लिए नामांकन कर सकते हैं!

# सियासी वायदों की फसल

व्यंग्यलोक

चारों ओर विकास की सुगंधयुक्त बयार बह रही है। लगता ही नहीं, यह हमारा पुराना भारत है। खुदरा में एफडीआई आने के बाद से तो लगने लगा है हम अमेरिका में बैठे हैं। भ्रष्टाचार की बयार थमती नजर आ रही है। बल्कि इसे रोकने के लिए लोकपाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। राइट टू इन्फोरमेशन के बाद राइट टू रिकॉल की कवायद तेज हो गई है। न अब अन्ना या केजरीवाल की जरूरत और न ऐसी किसी मुहिम की बल्कि लगने लगा है तमाम पुराने पापी नेताओं की आत्मा निर्मल हो गई है। देश को ऊपर उठाने के वचन दिये जा रहे हैं। इतना ऊपर की कोई छू भी नहीं पाये। वादे और आश्वासनों का लंबा सिलसिला चल रहा है। उपलब्धियां गिन-गिन कर बताई जा रही हैं।



रामविलास जॉगिड़

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी की कोई कुछ भी बोले, कोई पाबन्दी नहीं। मानवाधिकारों की पैरवी बड़े जोरों से हो रही है। हो सकता है इसके चलते किसी को फांसी भी न दी जाये आगे से। फांसी न्यायालय ने दे भी तो उसे माफ करने की पहल होगी। मैं तो खुद असमंजस में हूँ कि यकायक यह परिवर्तन हुआ क्यों जा रहा है। सीबीआई पर कोई राजनीतिक दबाव से इंकार किया जा रहा है। वह अपने आप में स्वतंत्र इकाई है। बाहर या भीतर से समर्थन नहीं मांगा जा रहा, लेकिन अपने आप समर्थन दिया जा रहा है। यह सरकार है या अलादीन का चिराग। नकद सब्सिडी सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर कर रही है।

वायदों की फसल लहलहा रही है। लोकतंत्र है या रामराज्य, मैं भेद नहीं कर पा रहा हूँ। इतना और एक साथ - ढेर सारा विकास बिना मांगे परोसा जा रहा है। वोटर को सुविधाओं की झड़ी लगी हुई है। सारे राजनीतिक दल अपने-अपने चुनावी घोषणा पत्रों को झाड़-पोंछ रहे हैं। आखिर यह सब क्यूं ओर किसलिए? शायद चुनाव आ रहे हैं। नहीं, हमारे नेता ऐसे अवसरवादी तो नहीं? मन में फिर वही सवाल आखिर क्यूं? मन का ही जवाब-चुनाव तो होंगे ही। यह सत्य है। इसमें छलावा कैसा? चलो चुनाव के बहाने ही सही विकास हो तो रहा है और हमें चाहिए भी क्या? महंगाई का रोना पिछड़े जमाने की बात है। वह अभी नहीं- फिर कभी, अभी केवल विकास की गंगा बहानी है और तब तक बहानी है जब तक कुछ भी बचा रहेगा। आखिर जनता विकास की गंगा चाहती है, सो मोहल्ले में स्वच्छ जल पहुंचाने के बजाय सीधे विकास की गंगा बहा देनी है ताकि पानी की जरूरत ही न रह जाये।

# देश के एक चौथाई लोग मोटापे से पीड़ित हैं



स्वास्थ्य

मोटापा कैसे मापा जाये, इसके पुनः ग्लोबल अंशांकन आहवान के बाद भारत ने अपने 15-वर्ष पुराने मोटापे के इलाज व डायग्नोसिस से संबंधित दिशानिर्देशों को बदल दिया है। 'द लांसेट डायबिटीज एंड एन्डोक्रिनोलोजी' में प्रकाशित नवीनतम शोधपत्र में कहा गया है कि बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) के अतिरिक्त बॉडी फैट भी सम्पूर्ण स्वास्थ्य व रोग पैटर्न्स का मुख्य सूचक है। इस रिपोर्ट के बाद भारत में विशेषज्ञों के एक समूह ने भारत के लिए दिशा-निर्देशों को अपडेट करके जारी किया है। इस समूह में डॉक्टर, न्यूट्रिशनिस्ट आदि शामिल हैं, जिनका संबंध नेशनल डायबिटीज ओबेसिटी एंड कोलेस्ट्रॉल फाउंडेशन, फोर्टिस सी-डोक हॉस्पिटल और आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) से है। सवाल है इसमें नया क्या है? परिवर्तित श्रेणी व्यवस्था में मोटापे के दो स्तर बताये गये हैं- अहानिकर मोटापा, जिसमें बॉडी फैट तो बढ़ा होता है लेकिन अंग या पाचन क्रिया प्रभावित नहीं होती है, दूसरा स्तर वह है जो हानिकारक है, जो भौतिक क्रियाओं को प्रभावित करता है व मोटापा संबंधी बीमारियां मौजूद रहती हैं। यह फ्रेमवर्क पेट के फैट वितरण पर विशेष बल देता है, जिसका खास कुप्रभाव एशियाई भारतीय जनसंख्या पर पड़ता है।

शोधपत्र के सह-लेखक अनूप मिश्रा का कहना है, 'मील का पत्थर 2009 में आया था, जब भारत ने विशेषकर एशियाई भारतीयों के लिए मोटापे की संशोधित परिभाषाएं जारी की थीं। इस संशोधन ने स्वीकार किया कि पश्चिमी जनसंख्या की तुलना में एशियाई भारतीयों का बॉडी फैट प्रतिशत अधिक होता है और उन्हें कम बीएमआई स्तर पर भी डायबिटीज हो जाती है।' नये दिशा-निर्देशों में बीएमआई क्राइटेरिया को कम किया गया। अब ओवरवेट (अधिक वजन) के लिए बीएमआई मानदंड 23-24.9 किग्रा/एम2 या उससे अधिक और मोटापे के लिए 25 किग्रा/एम2 या उससे ज्यादा है, जबकि पश्चिम के लिए मानदंड क्रमशः 25 किग्रा/एम2 और 30 किग्रा/एम2 है। साथ ही पेट का आदर्श आकार पुरुषों के लिए 90 सीएम या उससे कम और महिलाओं के लिए 80 सीएम से कम है, जबकि पश्चिम के लोगों के लिए यह क्रमशः 102 सीएम व 88 सीएम है। इन दिशा-निर्देशों ने मोटापा प्रबंधन को प्रोत्साहित किया और अनेक शोध किये गये, जिससे एशियाई भारतीय जनसंख्या में मोटापे को समझने में आसानी हुई। सवाल यह है कि भारतीय शरीर अलग क्यों हैं? अध्ययनों से मालूम होता है कि भारतीय जनसंख्या में अतिरिक्त फैट पश्चिमी जनसंख्या की तुलना में बीएमआई के कम स्तर पर भी सूजन व पाचन गड़बड़ी के स्तर में वृद्धि कर देता है। इसका एकमात्र उपलब्ध विकल्प यह है कि जल्द एक्सर साइज आरंभ कर दी जाये और जीवन में डाइट प्लान भी जल्द अपना लिया जाये। वर्तमान रिपोर्ट कहती है कि अकेले बीएमआई से किसी व्यक्ति के मोटापे को डायग्नोज नहीं किया जा सकता और न ही यह स्वास्थ्य या बीमारी को मापने का भरोसेमंद पैमाना है। इससे गलत डायग्नोसिस हो सकती है और जो लोग मोटापे के साथ जी रहे हैं, उनके लिए नकारात्मक परिणाम निकल सकते हैं। नेशनल फॅमिली हेल्थ सर्वे (2005 से 2020) की दूसरी समीक्षा से मालूम हुआ कि 15-वर्ष की अवधि के दौरान 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के पुरुषों व महिलाओं में ओवरवेट या मोटापा (25 किग्रा/एम2 बीएमआई या उससे अधिक) क्रमशः 12.6 प्रतिशत से 24 प्रतिशत और 9.3 प्रतिशत से 22.9 प्रतिशत बढ़ा। इससे मालूम होता है कि वर्तमान में भारत की लगभग एक चौथाई जनता (दोनों महिला व पुरुष) ओवरवेट या मोटे हैं। पिछले 15 वर्षों के दौरान मोटापा (30 किग्रा/एम2 या उससे अधिक) दोनों पुरुषों व महिलाओं में दोगुना से अधिक बढ़ा। मोटापा शरीर में क्या करता है? रिसर्च से मालूम होता है कि भारतीयों की बढ़ी तोंद का उनकी बीमारियों से गहरा संबंध है, उन्हें सह-रुग्णताओं के साथ जल्द बीमारियां व सूजन घेर लेती हैं। पेट पर जब चर्बी चढ़ी हो यानी तोंद निकली हुई हो, तो उसका गहरा संबंध इंसुलिन रेसिस्टेंस से है, जोकि एशियाई भारतीयों में मौजूद है और अब उसे डायग्नोसिस में मुख्य फैक्टर मान लिया गया है। नई परिभाषा में सह-रुग्णताओं, जैसे डायबिटीज व हृदय रोगों, की उपस्तिथि को डायग्नोस्टिक प्रक्रिया में शामिल किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए कि मोटापा-संबंधी स्वास्थ खतरों का केयर व प्रबंधन ठीक से किया जा सके।

**डॉ. माजिद अलीम.**

## आपकी बात

### महिलाओं के लिए वरदान

उज्ज्वला योजना महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अगर हम पीएम उज्ज्वला योजना की बात करें, तो इसकी भी खूब आलोचना हुई है। गैस देकर गरीबों को लूटने, उज्ज्वला गैस की रिफिलिंग कम होने, जैसी आलोचनाएं की गयीं, लेकिन इन बातों से हटकर अगर हम आजाद भारत में ऐसी योजनाओं की चर्चा करें जिसने देश के सामाजिक-आर्थिक ढांचे, स्वच्छता और महिला स्वास्थ्य की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन का काम किया है, तो उसमें उज्ज्वला योजना भी है। हालांकि पीएम जनधन, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसी योजनाएं भी सामाजिक-आर्थिक बदलाव और महिलाओं के सशक्तीकरण का वाहक बनी हैं। हम महिला सशक्तीकरण के गीत दशकों से गाते रहे हैं, लेकिन एक दशक पहले राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कौन सी बड़ी योजना थी जो महिलाओं के जीवन में आमूलचूल परिवर्तन का वाहक बनी। लेकिन आज कई योजनाएं हैं और उसमें उज्ज्वला गैस योजना ने महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किया है और सफल भी रही है। 1 मई 2016 से शुरू की गयी इस योजना ने अब तक 9.60 करोड़ घरों को स्वच्छ ईंधन से आच्छादित किया है। अगर एक परिवार से चार-पांच सदस्य ही लाभान्वित हों, तो सीधे-सीधे करीब 50 करोड़ लोगों को इससे लाभ हुआ है। 9.60 करोड़ घरों में उन महिलाओं की ताकत उज्ज्वला गैस बनी है जो लकड़ी, उपले या मिट्टी के तेल से खाना बनाती थीं। इससे उनको खाना बनने में अधिक समय लगता था, धुएं से स्वास्थ्य प्रभावित होता था और ऐसे समय जब वर्षा आदि के कारण जलावन में नमी आ जाती थी, तो चूल्हा जलाने में महिलाओं को इतनी फूंक मारनी पड़ती थी कि उनके सीने और मुंह में दर्द होने लगता था। अगर हम यह मान भी लें कि बहुत से घरों में उज्ज्वला गैस एक-दो बार ही भरायी जाती है, तो भी इससे बहुत मदद मिली। जलावन भीगने पर, वर्षा के दिनों में या सूखा जलावन न होने पर ही अगर गैस का प्रयोग हुआ, तो इससे भी महिलाओं को खाना बनाने में मदद मिली। बच्चों को जल्दी स्कूल भेजने में मदद मिली, स्वच्छ गैस से स्वास्थ्य बचाने में मदद मिली। उज्ज्वला गैस महिलाओं का संभल बनी है। इसीलिए केन्द्र सरकार ने 75 लाख और लाभार्थियों को जोड़ने का फैसला किया है।

**विकास श्रीवास्तव, लखनऊ.**

### सड़कों में बढ़ते गड्ढे

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके। यह दरअसल विकास में नियोजन की कमी का परिणाम है। अगर पहले से यह अनुमान लगा लिया जाये ताकि जो सड़क बनायी जायेगी वहां उसके नीचे से सीवर भी बनना है, अंडरग्राउण्ड बिजली की लाइन जाने है, कम्युनिकेशन केबल बिछाना है, जैसी चीजों का पहले से ही अनुमान लगाकर नियोजन कर लिया जाये तो एक तरफ सड़कें बनने के बद ही दूसरी तरफ उसकी खोदाई न हो। सिर्फ विकास के लिए सड़कों सड़कों को नहीं खोदा जाता है बल्कि कई बार स्वागत द्वार बनाने, टेंट लगाने, होर्डिंग के लिए भी खोदाई होती है। इसतरह की खुदाई पर रोक लगाने के साथ ही सड़कों निर्माण में मैटेरियल का सही उपयोग होना चाहिए ताकि सड़कें टिकाऊ हों।

**मनोज कुमार सिंह, बाराबंकी.**

संक्षेप

## मोटिवेशनल स्किल्स से दक्ष होगी सीआईएसएफ टीम

अयोध्या। महर्षि-बाल्मीकि एयरपोर्ट अयोध्या की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल-सीआईएसएफ के डाभासेमर स्थित कैम्प परिसर में सुरक्षाबलों के मानसिक-स्वास्थ्य जागरूकता तथा विपरीत परिस्थितियों में भी सतर्क व अनुशासित ड्यूटी से उत्पन्न स्ट्रेस के मनोप्रबंधन व वर्क-ओवरलोड बर्न-आउट से निपटने की मेंटल कोपिंग-मैकेनिज्म या मनोरक्षा-युक्तियों के प्रशिक्षण व बिहैवियर- प्रोग्रामिंग की नितांत आवश्यकता के मद्देनजर यूनिट के असिस्टेंट कमांडेंट रोहित ढाका द्वारा प्रेषित अनुरोध के मद्देनजर जिला चिकित्सालय के माइंड मेंटर डा. आलोक मनदर्शन द्वारा विशेष मोटिवेशन एन्ड स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला सत्र का आयोजन कल शाम को किया जायेगा। इस विशेष मेन्टल-हेल्थ अवेयरनेस वर्कशॉप में व्यक्तित्व विकार, एङ्जाइटी विकार,मूड विकार,निद्रा विकार,नशा विकार व अन्य मनोसामाजिक तनाव व मेन्टल ट्रामा से उपजे मनोसमस्याओं की पहचान व परामर्श जागरूकता का संचार किया जायेगा।

# संत समागम से प्रारम्भ होगा अयोध्या महोत्सव

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में 17वीं बार आयोजित होने वाला अयोध्या महोत्सव इस वर्ष 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 05 जनवरी 2026 तक स्थानीय फॉर एवर लॉन में आयोजित होगा। यह जानकारी अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक रामचन्द्र यादव जिलपंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित के साथ संयुक्त रूप से सर्किट हाऊस में

- 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक होगा आयोजन

आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। महोत्सव के संयोजक रामचन्द्र यादव ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि पर धर्मध्वजा रोहण के पश्चात अयोध्या महोत्सव का यह प्रथम आयोजन है। इस वर्ष अयोध्या महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। आगामी 25 दिसम्बर से आयोजित होने वाले महोत्सव के प्रथम दिवस दूरदूरिया पूजन एवं संत समागम का आयोजन किया जाएगा। संत समागम में अयोध्या के साधु संतों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संतों का उदबोधन होगा। कन्या पूजन के साथ 26 दिसंबर को महोत्सव का शुभारंभसमारोह आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह ने बताया कि अयोध्या महोत्सव ने जनपद अयोध्या को एक भव्य आयोजन प्रदान किया है। 2004 में प्रथम बार आयोजित होने वाला अयोध्या महोत्सव आज जनपद का प्रतिनिधि आयोजन बन गया है। जिलापंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन अयोध्या के साथ मिलकर आयोजित होने वाले अयोध्या महोत्सव का घोप्य वाक्य है लोक संस्कृतियों का संगम। अयोध्या महोत्सव में विभिन्न विधायों के कार्यक्रमों को मंच प्रदान किया जाता है। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने महोत्सव की पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का यह स्वहाँ आयोजन है जिसमें मेला झूला के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। लोकसंस्कृतियों के कलाकारों को सम्मानित करने के लिए 27 दिसम्बर को फोक अवार्ड शो 28 दिसम्बर को बॉडी बिलि्ंडग चैंपियनशिप 29 दिसम्बर को अयोध्या भोजपुरी सिने अवार्ड का आयोजन किया जाना है। नव वर्ष के दिन 1




जनवरी को पॉप सिंगर रोहित चैधरी आर सी आर का लाइउ कॉन्सर्ट आयोजित किया जा रहा है। सम्पूर्ण भारत के कवियों की प्रतियोगिता काव्य श्री चैम्पियनशिप 2 जनवरी को फैशन शो 3 जनवरी को बालीवुड नाईट 4 जनवरी को अयोध्या आइडल एवं सम्मान समारोह 5 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। हरीरा श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव के आयोजन हेतु प्रबंध समिति, कार्यकारिणी समिति, संयोजक मंडल एवं संरक्षक महल का गठन कर दिया गया है। सरंक्षक मंडल में पूज्य संतों को संपोजक मंडल में जनप्रतिनिधियों को समाहित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्खा संयोजक नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता है जबकि संयोजक मंडल में महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, अध्यक्ष जिलापंचायत रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक अमित सिंह चैहान, विधायक अभय सिंह, विधायक चंद्रभानु पासवान, विधानपरिषद सदस्य अंगद सिंह, नि. विधायक इंद प्रताप तिवारी, नि.महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर संघचालक डॉ० विक्रमा प्रसाद पाण्डेय जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नि. विधायक गोरखनाथ बाबा, जिला अध्यक्ष ब्लॉकघ प्रमुख संघ शिवेंद्र सिंह, नि. महानगर अध्यक्ष भाजपा अभिषेक मिश्रा, जिला अध्यक्ष भाजपा कृष्ण कुमार पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा शक्ति सिंह, प्रदेश महामंत्री भाजपा युवा मोर्चा हर्षवर्धन सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह है। इस अवसर पर महोत्सव के

## पुलिस ने मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरी के के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से मोबाइल बरामद किया है। नगर पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्विनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे पानी की टंकी रेलवे लाइन के पास,पी०एम हाउस के निकट से मो.शाहिद (24 वर्ष) निवासी ताज टॉकीज मार्केट पट्टू पट्टी,थाना अलीगंज,जिला अंबेडकर नगर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से चुराया गया वीवो मोबाइल बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के खजुरहट निवासी होमगार्ड जवान मनोज कुमार तिवारी पुत्र स्व.अशोक कुमार ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मोबाइल जीआईसी गेट पर ड्यूटी के दौरान गायब हुआ था। गिरफ्तारी टीम में महिला उपनिरीक्षक नयना, उपनिरीक्षक राहुल बाजपेयी तथा कांस्टेबल राम प्रवेश यादव शामिल रहे।

## जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, डीएम और एसपी



बाराबंकी। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य द्वार पर सुरक्षा व्यवस्था परिसर मे समग्र साफ-सफाई, अनुशासन एवं व्यवस्थाओं सहित महिला एवं पुरुष बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता, भोजन एवं पेयजल की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। तथा वर्तमान में शीत ऋतु को रखते हुए ठंड से बचाव हेतु सभी बंदियों को पर्याप्त कंबल, गर्म वस्त्र आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा सिंह, एडीएम निरंकार सिंह, जेल अधीक्षक कुंदन कुमार, जेलर सहित कारागार अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री 1008 चंद्र प्रभु व श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मनाया गया जन्मकल्याणक



बाराबंकी। श्री 1008 चंद्र प्रभु भगवान एवं श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का जन्मकल्याणक सरावगी स्थित जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल श्रावक श्राविकाएं पीले वस्त्रों में मंदिर पहुंचे जहां भगवान के जयकारों से आकाश गुंजायमान हो गया। श्री चंद्र प्रभु और पार्श्वनाथ भगवान का केसर, जल, दुग्ध व फूलों से महा मस्तकाभिषेक किया गया। अष्ट द्रव्यों से भगवान की भक्ति भाव से पूजा की गई। तत्पश्चात भगवान की पालकी यात्रा निकाली गई। छोटे जैन मंदिर से पार्श्वनाथ भगवान एवं बड़े जैन मंदिर से चंद्र प्रभु भगवान को पालकी में विराजमान करके यात्रा ढोल नगाड़ों, जय जय कार करते हुए भक्तों ने यात्रा निकाली। जगह-जगह सभी भक्तो ने आरती व पालकी की फूलों से स्वागत किया। उसके बाद पालकी यात्रा पुनः जैन मंदिर पहुंची जंहा भगवान का अभिषेक हुआ। सायंकाल में भव्य सामूहिक आरती हुई। फिर प्रश्नोत्तरी व पुरस्कार वितरण हुआ। इस अवसर पर वीरेंद्र जैन बिंदु, अतुल जैन, सचिन जैन, जय कुमार जैन, विशाल जैन, अंकित जैन, दीपक बाकलीवाल, निलय जैन, नितेश जैन, शीलू जैन, कमलेश जैन, श्रुति जैन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज मौजूद रहे।

## तहसीलदार नवाबगंज ने फीता काटकर किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ



बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन द्वारा प्रतिमाह आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का शुभारम्भ तहसीलदार नवाबगंज भूपेंद्र विक्रम

- 21 किसानो ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव किया हासिल

सिंह ने फीता काटकर किया। तथा भाकियू की इस सामाजिक मुहिम की प्रशंसा की। शिविर मे 28 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया। तथा जांचोपरांत 21 किसानो लवकुश कुमार, मो राशिद, फैजुल हक, देशराज, संदीप कुमार, दुर्गेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, रवी वर्मा, रवि चन्द, अनिकेश, श्रीमन्त सिंह, आशीष कुमार, विवेक वर्मा, राम प्रताप, अनुपम वर्मा, हिमांशु चैरशिया, मोहित कुमार, इमरान अहमद, अंकित कुमार, ऋषिकेश मिश्रा, नूर आलम ने रक्तदान कर महादानी बनने का गौरव हासिल किया। इस अवसर पर राम किशोर पटेल, उत्तम सिंह, बलराम यादव, मीडिया प्रभारी सतीश रिन्कू, ओम प्रकाश वर्मा, शिव नरायन सिंह, नौमिलाल, मो रईस , गिरीश अहमद, मो इस्माइल, रामानन्द वर्मा, विशेष कुमार, पप्पू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मां कामाख्या धाम में बनेगी आधुनिक दुकान

रूदौली-अयोध्या। नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम की सीमा अंतर्गत सैदपुर में सोमवार को मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत 31.00 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित दुकान/कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

- रुदौली विधायक रामचंद्र यादव व नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन
- मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत 31 लाख की लागत से होगा निर्माण

रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव रहे, जिन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल, समस्त सभासदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लोगों में विकास कार्य को लेकर उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला। भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के माध्यम से नगर क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। सैदपुर में बनने वाला यह दुकान/कॉम्प्लेक्स स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा और नगर की आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देगा। हमारी प्राथमिकता है कि रूदौली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की मंशा है कि नगर पंचायतों में ऐसे स्थायी निर्माण कार्य कराए जाएँ, जिससे आम नागरिकों को



सुविधाएँ मिलें और क्षेत्र का समग्र विकास हो।नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल ने बताया कि प्रस्तावित कॉम्प्लेक्स के निर्माण से नगर को नियमित आय का स्रोत प्राप्त होगा, साथ ही स्थानीय व्यापारियों को सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने विधायक एवं शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल को नगर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस मौके पर भाजपा नेत्री सुमन पासवान, तेज तिवारी, कप्तान गिरी, रमेश तिवारी, पंकज यादव, राकेश यादव, छत्रपाल यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## 2027 में यूपी में तेजस्वी यादव से बुरा होगा सपा कांग्रेस का हालः वसीम राइन



बाराबंकी। समाजवादी, कांग्रेस गठबंधन का काम खत्म हो चुका है। 2027 में उत्तर प्रदेश में इनका हॉल तेजस्वी यादव से बुरा होने वाला है। उक्त विचार सट्टी बाजार स्थित ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने महाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाँ कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन छोड़ अकेले भाजपा से 68 लाख, 15 हजार 286 वोट कम पाने वाले यानी हर विधानसभा सीट पर भाजपा से औसतन 16869 वोट से पीछे रहने वाली सपा के नेता बहुत खुशफहमी में हैं कि 2024 में हराया था। 2027 में हटाएंगे। आंकड़ों पर नजर डाले तो यूपी में बीजेपी गठबंधन को कुल 3 करोड़, 82 लाख, 7 हजार 930 वोट मिले। जबकि सपा-कांग्रेस, टीएमसी गठबंधन को 3 करोड़, 81लाख 60 हजार 235 वोट मिले। एनडीए को इंडिया गठबंधन से 47 हजार ज्यादा वोट मिले। लेकिन सीट के लिहाज से इंडिया गठबंधन ने बाजी मार ली। सपा-कांग्रेस ने मिलकर 43 सीटें जीती। जबकि एनडीए ज्यादा वोट पाकर भी 36 सीटों तक ही पहुँच पाई एनडीए-गठबंधन 43.69 प्रतिशत वोट व इंडिया गठबंधन 43.52 प्रतिशत। इस अवसर पर हाजी नूरुल हसन अंसारी, निसार राईन, अब्दुला राईन, इमरान अंसारी, मोमिन राईन, रिजवान राईन, अशफाक राईन, जावेद राईन, इमरान राईन, नईम सिद्दीकी, मुख्तार मंसूरी, शफीक राईन, राजू राईन, हारून राईन, अव्वल राईन, मुन्ना राईन, खलील राईन, अंसरुल अंसारी मौजूद रहे।

## वारंटी को जीआरपी ने किया गिरफ्तार

अयोध्या। रेलवे के क्षेत्राधिकार में अवैध रूप से फेरी लगाकर सामान बेंचने और भिक्षावृत्ति के 22 साल पुराने एक मामले में जीआरपी पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया है और उसका चालान किया है। राजकीय रेलवे पुलिस अयोध्या कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह ने बताया कि नगर कोतवाली के देवकाली रोड बछड़ा सुल्तानपुर निवासी सुनील कुमार पुत्र राजकुमार के खिलाफ जीआरपी थाने में वर्ष 2003 में रेलवे एक्ट की धारा 144 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अदालत से जारी वारंट पर उसको घर से पकड़ा गया है।

## वाहन की टक्कर से स्कूल के चपरासी की मौत

अयोध्या। लखनऊ हाइवे पर एक साइकिल स्कूल चपरासी को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी हुकुम सिंह ने उसको गंभीर हाल में जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर वीरेन्द्र वर्मा ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रौनाही थाना क्षेत्र के गांव गोड़वा का रहने वाला शिवकुमार (55 वर्ष) पुत्र स्व.पटेश्वर के रूप में हुई है। उसके बेटे अमरजीत का कहना है कि रोज की तरह सोमवार की सुबह वह कांटा चैराहे के निकट स्थित रजकला वर्मा आर्य कन्या विद्यालय का ताला खोलने जा रहे थे। विद्यालय पहुंचने से पहले ही कांटा चैराहे के पास पीछे से किसी वाहन ने साइकिल में टक्कर मार दी।

# भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक में कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

बहराइच । जिले मे संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई.आर. द्वारा जरवल-बहराइच की प्रस्तावित नई रेल लाइन योजना को पी.पी.टी. माध्यम से दिखाया तथा योजना संबंधी ग्रामों का विवरण प्रस्तुत किया गया योजना में जिले के 62 ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के बहराइच सेक्शन में प्रभावित 05 ग्रामों की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को



कडे निर्देश दिये गये तथा एन.एच.ए.आई. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जो भूमि वन विभाग के नाम होनी है उसका प्रस्ताव उपजिलाधिकारी नानपारा को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि योजना प्रभावित सभी जिन 62 ग्राम में 3डी का प्रकाशन हो गया है उनके राजस्व अभिलेख खसरा खतौनी आदि सक्षम प्राधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराये।

बैठक में उपस्थित प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. प्रशांत बाजपेयी द्वारा जनपद मे प्रस्तावित गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर की जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा बताया गया कि कारीडोर के निर्माण हेतु बहराइच, कैसरगंज, महसी तहसील के कुल 54 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति करने तथा सभी 54 ग्रामों के राजस्व मैप उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को निर्देशित किया की गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर हेतु सक्षम प्राधिकारी नामित किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाये तथा ग्राम के राजस्व मैप उपलब्ध कराये जाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बहराइच बाईपास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## श्रीमद् कथा भागवत कथा का समापन

बहराइच। श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार को समापन किया गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक ने कथा का सारांश कह जीवन को जीने की कला भी समझाई। उन्होंने कई उपदेशात्मक वृतांत सुनाकर भक्तों को निहाल भी किया। कथा व्यास पं.शीतल प्रकाश ने कंस वध की कथा में बताया कि श्रीकृष्ण मथुरा पहुंचकर कंस के बुलावे पर उसके शक्तिशाली पहलवानों चाणूर, मुष्टिक और अंततः स्वयं कंस का वध करते है, उसे सिंहासन से खींचकर, केश पकड़कर पटकते है और वध करके मथुरा को अत्याचार से मुक्त कराते है। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होती है, भगवान अवतार लेते हैं। उन्होंने सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा। गौ वध का विरोध और गौ सेवा करने पर भी जोर दिया। वहां व्यास पीठ से कथा वाचक ने आए हुए क्षेत्रीय पत्रकारों को अंगवस्त्र,पंचमुखी शंख,डायरी,कलम देकर सम्मानित करते हुए अपना आशीर्वचन दिया। कथा समापन कार्यक्रम के बाद आरती की गई। मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यजमान के रूप में पूर्व प्रधान विजयशंकर पाण्डेय सपत्नीक मौजूद रहे।

# उप परिवहन आयुक्त ने किया ड्राइविंग ट्रेनिंग एण्ड टेस्टिंग सेंटर का निरीक्षण

जिला संवाददाता

बाराबंकी। नये ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने हेतु सूतमील तिराहा, जहांगीराबाद रोड़, ढकौली स्थित नवनिर्मित मान्यता प्राप्त शशि ड्राइविंग टेजनिंग एण्ड़ टेस्टिंग सेंटर (एडीटीसी) का उप परिवहन आयुक्त अयोध्या जोन राजकुमार सिंह व सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अयोध्या ऋतु सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त, आटीओ अयोध्या, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन

- एआरटीओ कार्यालय के अभिलेखों के रख-रखाव व शासकीय कार्यों की समीक्षा
- सिम्युलेटर, सेंसरयुक्त ड्राइविंग ट्रैक की स्थिति का गहनता से लिया जायजा
- साइन बोर्ड स्पष्ट और सरल भाषा में लगाने के दिये निर्देश
- नये आवेदक की ड्राइविंग स्किल्स का जायजा लेते हुये किया उत्साहवर्धन

अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव ने संयुक्त रुप से ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेसि्टंग सेंटर मे सिम्युलेटर,



सेंसरयुक्त ट्रैक जैसी सुविधाओं का जायजा लेते हुये केंद्र में पर्याप्त क्लासरूम, सिम्युलेटर, ड्राइविंग ट्रैक, प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का सही ढंग से पालन, केंद्र के रिकॉर्ड, छात्रों की उपस्थिति और डीएल आवेदनों का रखरखाव, प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन का निरीक्षण करते हुये सेंटर संचालक को निर्देशित किया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त श्री सिंह व आरटीओ अयोध्या श्रीमती सिंह ने आये हुये नये आवेदक की ड्राइविंग स्किल्स, नियमों के पालन और आत्मविश्वास का जायजा लेते हुये उत्साहवर्धन भी किया। निरीक्षण के दौरान ड्राइविंग टेस्ट टैज्क पर उप परिवहन आयुक्त व आरटीओ अयोध्या ने ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर साइन बोर्ड (संकेत पट्टिकाएँ) स्पष्ट और सरल भाषा में लगाने के निर्देश दिये। ताकि आवेदक आसानी से समझ सकें कि उन्हें क्या करना है। जिससे भ्रम कम हो और टेस्ट प्रक्रिया सुचारु व पारदर्शी हो सके। खासकर जब वे विभिन्न ट्रैफिक संकेतों और निदेर्शों का पालन कर रहे हों। निरीक्षण के दौरान सेंटर प्रबन्धक सिद्धार्थ ने अधिकारियो को जानकारी देते हुये बताया नए वाहन चालकों की दक्षता परखने के लिए ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर 38 कैमरे लगाए गए हैं। जो वाहन चालक की गतिविधियां रिकॉर्ड करते हुए दक्षता परखेंगे। सेंटर (एडीटीसी) मे नये वाहन चालको को भारी वाहन, हल्के वाहन, ई-रिक्शा और दो पहिया का प्रशिक्षण कराया जायेगा। इससे पूर्व उप परिवहन आयुक्त श्री सिंह व आरटीओ श्रीमती सिंह ने उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुये राजस्व को बढ़ाने और प्रयास कर वर्ष 2025 में लक्ष्य के सापेक्ष वृद्धि किये जाने, प्रशमन शुल्क में वृद्धि करने, स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष महत्व देते हुए विद्यालय प्रबन्धन को आवागमन हेतु प्रयुक्त वाहनों की फिटनेस कराये जाने, ड्राइविंग लाइसेंस सम्बन्धित कार्यों, हैवी मोटर ट्रेनिंग स्कूलों द्वारा जारी फार्म-5 की जाँच सहित लम्बित प्रकरणों, साफ-सफाई, कार्यालय उपस्थिति रजिस्टर, स्टाफ की स्थिति, पत्रावलियो के रख-रखाव, सामान्य प्रशासन से सम्बन्धित पत्रावली, मुख्य कैश बुक की समीक्षा करते हुये सम्बधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



बहराइच । मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## सड़क किनारे खड़े वाहन में लगी आग से मचा हड़कंप , वाहन जलकर हुआ खाक



बहराइच । बहराइच लखनऊ राजमार्ग पर स्थित गजाधरपुर इलाके में आज सुबह सड़क के किनारे खड़े एक चार पहिया वाहन में आग लग गई , ये देख मौके पर हड़कंप मच गया । वाहन स्वामी ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी । लेकिन जब फायर कर्मी मौके पर पहुंचते पूरा वाहन जलकर खाक हो गया ।

दरगाह थाना क्षेत्र के रहने वाले रोहित कुमार जूता चप्पल के थोक विक्रेता है । सोमवार को अपनी मारुति वैन यू पी 83 ए ई 3884 से गजाधर पुर बाजार गए थे । जब वो सड़क के किनारे वाहन को खड़ा कर बाजार के स्थित दुकानों पर लोगों से मिल रहे थे । तभी अचानक अज्ञात कारणों से वाहन में आग लग गई । जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप ले लिया । जिसके चलते मौके पर हड़कंप मच गया , लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी । लेकिन जब तक फायर कर्मी मौके पर पहुंचते पूरी गाड़ी जलकर खाक हो गई । शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है ।

संक्षेप

## फांसी से अधेड़ की मौत, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)। देशरुआ गांव में रविवार की रात को एक अधेड़ की फांसी से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी रमाशंकर कोरी (55) पुत्र स्वर्गीय राम मिलन कोरी के रूप में हुई है। मृतक के एक बेटी सुमा और दो बेटे चंदन और प्रेम है। किसी की भी शादी अभी नहीं हुई है। मृतक बैटरी रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। इस मौत से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। पत्नी शान्ती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मौत की सूचना मिलने पर कूरेभार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ

नसीराबाद रायबरेली। शासन के निर्देश पर ब्लाक संसाधन केंद्र छतोह में दो दिवसीय शेयर नालेज कार्यशाला का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया। ट्रेनर प्रतीश सिंह और वंदना पुरी, नॉलेज शेयरिंग प्रशिक्षण एक व्यवस्थित तरीका है जिससे शिक्षक अपने सामूहिक ज्ञान का उपयोग करके खुद को और अपने साथी शिक्षकों को बेहतर बनाते हैं। खासकर जब जानकारी को औपचारिक या अनौपचारिक सत्रों के माध्यम से साझा किया जाता है इसमें टीएलएम निर्माण, ट्रेनिंग वर्कशॉप, प्रेजेंटेशन, ई-लर्निंग कोर्स, नॉलेज मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही व्यक्तिगत अनुभव, अंतर्दृष्टि और कौशल, जो मेंटरशिप, स्टोरीटेलिंग और साथ काम करके साझा किया जाता है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षण में गुणवत्ता बढ़ाना, समस्याओं का समाधान करना, नवाचार को बढ़ावा देना और शिक्षकों के ज्ञान को प्रसारित करना है इस अवसर पर मुख्य रुप से शालिनी सिंह, शिव कुमार निर्मल, अपर्णा चैधरी सविता देवी, प्रतिमा श्रीवास्तव और शिव कुमारी आदि ने प्रतिभाग किया।

## सिंचाई विभाग के आफिस में भीषण आग

इटावा। स्थित सिंचाई विभाग निचली गंगा नहर प्रखंड इटावा डिविजन के कार्यालय में लगी भीषण आग। पूरा कार्यालय जलकर स्वाह हुआ। दमकल विभाग की टीम जब तक पहुंची तब तक देर हो चुकी थी। कल रविवार होने के कारण कार्यालय बंद था, सोमवार सुबह करीब 8 बजे कार्यालय में आग लगने की सूचना पर हड़कंप मच गया।

फिलहाल आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगने की बात सामने आ रही है। अधिकारी आग लगने के कारणों फिलहाल स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे है। दमकल की तीन वाहन आग बुझाने में जुटे हुए हैं। एसएसपी आवास से चंद कदमों की दूरी पर स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय में भीषण आग की लपटें देख हड़कंप मच गया। आस पास के लोगों ने पुलिस, दमकल को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे।

# 20 बीघा गेहूं की फसल जलमग्न

### नहरिया में अचानक पानी आने से किसानों में आक्रोश



जिला संवाददाता

रायबरेली। महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के पूरे भगन का पुरवा गांव में बीती रात छोटी नहर में अचानक पानी छोड़े जाने या बहाव बाधित होने से भारी जलभराव हो गया। इससे गांव के लगभग 20 बीघा क्षेत्र में बोई गई गेहूं की तैयार फसल पूरी तरह पानी में डूब गई, जिससे किसानों को लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि नहरिया की सफाई समय पर और ठीक ढंग से नहीं की गई। केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए ऊपरी सफाई की गई, जिसके कारण सिल्ट और कचरा जमा हो गया। रात में अचानक पानी का बहाव बढ़ने से रुकावट के कारण पानी खेतों की ओर मुड़ गया और फसलें जलमग्न हो गईं। इतना ही नहीं, सरकार द्वारा बनवाई गई पोखरनी माइनर नहरिया का पानी कई ग्रामीणों के घरों में भी घुस आया, जिससे घरेलू सामान खराब हो गया और परिवारों को रात भर जागकर परेशानी झेलनी पड़ी।

प्रभावित किसानों में रामलाल, शिवकुमार, रामदास और अन्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल कटाई के करीब थी और अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन यह घटना ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। एक किसान ने कहा, सिंचाई विभाग की लापरवाही से हमारा साल भर का मेहनत पानी में बह गया।

भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए नहरों की नियमित सफाई और रखरखाव की ठोस व्यवस्था की जाए। प्रशासन की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। क्षेत्र में ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जहां सिंचाई विभाग की अनदेखी से किसानों को नुकसान उठाना पड़ा।

# मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगा पेंशनरों का धरना-प्रदर्शन



रायबरेली। अखिल भारतीय राष्ट्रीय पेंशनर के बैनर तले सेवानिवृत कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय पेंशनर एसोसिएशन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शहर में एक विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। इस प्रदर्शन में 500 से अधिक सेवानिवृत कर्मचारी, शिक्षक और बुजुर्ग शामिल हुए, जिन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और अपनी मांगों को मनवाने का संकल्प लिया।

जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार श्रीवास्तव की अगुवाई में आयोजित इस धरने में पेंशनरों ने केंद्र सरकार पर पेंशनरों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वित्त विधेयक में पेंशनरों के बीच सेवानिवृत्ति तिथि के आधार पर विभेद पैदा करने वाले प्रावधान को तुरंत हटाया जाए। साथ ही, केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना में पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों को शामिल किया जाए। पेंशनरों की एक प्रमुख मांग यह भी थी कि पेंशन को ह्यगैर-अंशदाईह्न और ह्यगैर-वित्त पोषितह्न बताने वाले क्लॉज को पूरी तरह से समाप्त किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं करती, तो यह धरना-प्रदर्शन अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा, ह्यहमारी मांगें जायज हैं और इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यदि जरूरत पड़ी तो जलियांवाला बाग कांड की तरह गोली खाने को भी तैयार हैं, लेकिन आंदोलन नहीं रुकेंगे। सैकड़ों की संख्या में जुटे बुजुर्गों, पूर्व कर्मचारियों और शिक्षकों ने एकजुटता दिखाते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# हाफिज मुर्तजा हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



रायबरेली। डीह थाना क्षेत्र में चार दिन पहले हुई हाफिज मुर्तजा की गोली मारकर हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रफीक पुत्र लाल मोहम्मद और अब्दुल जब्बार पुत्र सलामत के रूप में हुई है। दोनों आरोपी पूरे पाठक टोली, थाना नसीराबाद क्षेत्र के निवासी हैं। घटना के बाद से ही पुलिस टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। सूचना पर डीह पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों से कड़ी पूछताछ की गई, जिसमें हत्या से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य और सुराग सामने आए। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और हत्या के पीछे की वजह भी स्पष्ट हुई है, हालांकि फिलहाल इसे गोपनीय रखा गया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से मजिस्ट्रेट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच जारी है और हत्या से जुड़े अन्य संभावित पहलुओं, जैसे किसी बड़े षड्यंत्र या अन्य शामिल लोगों की भूमिका, पर भी गहराई से छानबीन की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो सकती है। गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में पुलिस की गश्त और सक्रियता को और बढ़ा दिया गया है ताकि लोगों में सुरक्षा का भाव बना रहे और अपराधियों के हौसले पस्त हों। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी। यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और पुलिस प्रशासन पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मामले की आगे की जांच थाना डीह प्रभारी के नेतृत्व में चल रही है।

# महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बीएलओ को एसडीएम ने किया सम्मानित



नसीराबाद रायबरेली । निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनिरीक्षण (एस०आई०आर०) कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश गौतम व नगर अध्यक्ष मोहम्मद अली द्वारा नगर पंचायत नसीराबाद क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बीएलओ सम्मानित किया जिसमें पाकीजा बेगम, प्रभावती गौतम, बिन्द्रादेवी, सीता देवी, सन्तराम, रामावती, जावित्री, फूलमती व मीना साहू एवं नगर के समाज सेवियों क्रमशः विजय कुमार चतुर्वेदी, मास्टर शुनीदरजा, नबी बख्श, उमेश कुमार, सुरेश कुमार व मुकेश कुमार को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया तथा उपजिलाधिकारी द्वारा समस्त बीएलओ के कार्य की सराहना करते हुए (एसआईआर) कार्यक्रम में निरन्तर कार्य करने हेतु निदेर्शित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कर्मचारियों को अध्यक्ष मोहम्मद अली द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था मो० नासिर नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल नसीराबाद के द्वारा की गयी। इस मौके पर सभासदो असगर अली, दिलशाद, फरहत हुसैन, हाशिम शब्बीर, पप्पू मौर्या आदि मौजूद रहे।

# गौ माता को राष्ट्र माता बनाने का दोहराया संकल्प

### कटका क्लब ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का किया भव्य स्वागत



सुलतानपुर (वीओएल)। सनातन धर्म की परंपरा के अनुसार भारत में स्थापित चार प्रमुख शंकराचार्य पीठों में से उत्तर पीठ ज्योतिर्मठ (बद्रीनाथ/जोशीमठ) के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के जनपद आगमन पर कटका क्लब सामाजिक संस्था की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। काशी की ओर प्रस्थान के दौरान पयागीपुर चैराहे पर संस्था से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अगुवाई कटका क्लब के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने की।

इस अवसर पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यहां के लोगों का उत्साह और सनातन धर्म के प्रति समर्पण यह संकेत देता है कि आने वाले समय में जनपद की पहचान और गौरव और बढ़ेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में जनपद का नाम कुशभवनपुर के रूप में जाना जाएगा। स्वामी जी ने गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के अभियान को सनातन संस्कृति की आत्मा बताते हुए इसके लिए जनसमर्थन को आवश्यक बताया।

पूर्व सांसद प्रतिनिधि संदीप मिश्र ने कहा कि गौ माता हम सभी की माता हैं और उनकी रक्षा की यह लड़ाई प्रत्येक सनातनी की लड़ाई है। उन्होंने शंकराचार्य जी के विचारों के साथ पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। वहीं ऋषभदेव शुक्ला ने बताया कि अयोध्या से लेकर जनपद तक नाम परिवर्तन को लेकर पदयात्रा निकाली गई, हालांकि वर्तमान में सरकार इस विषय पर विचार नहीं कर रही है। कार्यक्रम में अनिल सिंह, डॉ. अमित मिश्र, सुनीता श्रीवास्तव, अनीता पांडेय, शीतला प्रसाद पांडेय, धर्मेंद्र शर्मा, रवि शुक्ला, अनमोल अग्रहरि, यशदीप ठठेर, पीयूष, लालमणि दुबे आदि मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा टला, चालक की बची जान

दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ग्राम सभा सहगिया के पास एक्सप्रेस-वे के 165.5 किलोमीटर बिंदु पर लखनऊ की ओर जा रही एक कार का अचानक टायर फट गया। टायर फटते ही कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और कई बार पलट गई। पलटने के बाद कार में लगी सीएनजी किट में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के समय कार चालक प्रतीक सिंह (37 वर्ष), पुत्र वीके सिंह, निवासी विराम खंड-1/92 गोमती नगर, लखनऊ, गोरखपुर से लखनऊ जा रहे थे। दुर्घटना को सड़क किनारे टहल रहे सहगिया निवासी मुन्नू सिंह ने अपनी आंखों के सामने देखा। बिना जान की परवाह किए उन्होंने तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़ लगाई और जलती कार का शीशा तोड़कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। उनकी तत्परता और साहस से एक बड़ी अनहोनी टल गई। घायल प्रतीक सिंह को तत्काल यूपीआईडीए एंबुलेंस की मदद से दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉ. हेमंत वर्मा ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार चालक को हल्की चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर है। घटना की सूचना मिलते ही सब-इंस्पेक्टर मोहनलाल पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायल का हालचाल जाना। वहीं घटनास्थल पर कस्बा इंचार्ज अनूप सिंह, कांस्टेबल मोहित आनंद सिंह सहित पुलिस बल और यूपीआईडीए के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। मुन्नू सिंह की बहादुरी और सूझबूझ की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय क्रय को सरल बनाने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

सुलतानपुर (वीओएल)। शासकीय विभागों द्वारा जेम पोर्टल पर सुचारू एवं पारदर्शी ढंग से क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य क्रेता विभागों को जेम पोर्टल के प्रभावी उपयोग, निविदा एवं क्रय प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराना रहा। कार्यशाला में आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, राज्य जेम प्रकोष्ठ, लखनऊ द्वारा नामित जेम विशेषज्ञ अंकित शुक्ला ने प्रतिभागियों को जेम पोर्टल की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभाग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार निविदा आमंत्रित कर सकते हैं तथा पारदर्शी तरीके से क्रय प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। इसके साथ ही पोर्टल के उपयोग के दौरान आने वाली व्यवहारिक समस्याओं पर भी चर्चा की गई और विभिन्न विभागों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सहित जिला सेवायोजन, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, जल निगम, अभियोजन, चकबंदी, ग्राम्य विकास, कृषि, विद्युत, कोषागार, गन्ना विकास, उद्यान, शिक्षा, जिला पूर्ति, लेखा परीक्षा, खेल, युवा कल्याण, राज्यकर तथा सूचना विभाग सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त उद्योग द्वारा सभी प्रतिभागी विभागों का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं शासकीय क्रय प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगी। इसके साथ ही कार्यशाला का समापन किया गया।

# प्रेम में धोखा खाई प्रेमिका ने प्रेमी से तोड़े सारे रिश्ते

सलोन, रायबरेली। प्रेम में धोखा खाई एक प्रेमिका ने जब प्रेमी से सारे रिश्ते नाते तोड़ लिए तो युवक ने अपनी प्रेमिका की तस्वीर इंस्टग्राम में वायरल कर उसे बदनाम करने की ठान ली। प्रेमी की हरकत से अजीज प्रेमिका ने थाने पहुँचकर आरोपी युवक पर कार्यवाही के साथ सोशल मीडिया अकाउंट ब्लाक करने की अर्जी लगाई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ममुनी गांव निवासी युवती का परियावां जनपद प्रतापगढ़ निवासी रिष्तेदार के युवक से पांच वर्ष पूर्व सम्पर्क हुआ था। दोनों की मुलाकात प्यार में बदल गई।जिसके बाद प्रेमी प्रेमिका रिलेशनशिप में रहने लगे।युवती का आरोप है कि उसे युवक के गलत संगत की जानकारी हुई तो उसने सारे रिश्ता तोड़ लिए थे। लेकिन आरोपी प्रेमी उसको लगातार फोन पर परेशान करता था। युवती ने बताया कि सालभर पहले युवक ने शादी कर ली है। इसके बावजूद फोनकर उसे शादी करने का दबाव बना रहा है। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसकी फोटो को फेक इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वायरल कर रहा है जिससे उसका होने वाला रिस्ता टूट गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली प्रभारी राघवन कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांचकर कार्यवाही की जाएगी।

# श्रीराम कथा का हुआ भव्य शुभारंभ

### हजारों श्रद्धालुओं के साथ निकली कलश यात्रा



दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। दोस्तपुर नगर में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम कथा का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के आरंभ से पूर्व नगर में विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। चैक घंटाघर से शुरू हुई यह कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ कथा स्थल अनुपम नगर पहुंची, जिसमें सैकड़ों महिलाएं कलश लेकर शामिल हुईं, वहीं देखते ही देखते श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में पहुंच गई।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक दिलीप कृष्ण भारद्वाज का नगरवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। रथ पर सवार कथावाचक पर बाजार के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई, जिससे पूरा नगर राममय वातावरण में डूब गया। यात्रा मार्ग पर जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। यह श्रीराम कथा 21 दिसंबर तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी, जबकि 22 दिसंबर को विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। कथा का आयोजन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी की प्रेरणा से तथा कोषाध्यक्ष राकेश अग्रहरी के कुशल प्रबंधन में किया जा रहा है। कलश यात्रा और आयोजन में मंडल के जिलाध्यक्ष रमेश अग्रहरि, दोस्तपुर व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अजय सोनी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह, रमा शंकर पाठक, अश्विनी बरनवाल, फूलचंद्र अग्रहरि, रजनीश सिंह, प्रवीण त्रिपाठी, कमलेश कुमार, मुकेश अग्रहरि, पुनीत मोदनवाल, रानी देवी सहित सैकड़ों रामभक्त उपस्थित रहे।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



रायबरेली। मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उपरिगामी सेतु का मरम्मत कार्य शीघ्र होगा शुरू : डीएम

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि शासन द्वारा जनपद के जहानाबाद रतापुर मार्ग के रेलवे स्टेशन के निकट गल्ला मंडी स्थित क्षतिग्रस्त रेल उपरिगामी सेतु के मरम्मत कार्य हेतु 135.83 लाख (रुपए एक करोड़ पैंतीस लाख तिरासी हजार) की प्रशासकीय स्वीकृति मिल गयी। जल्द ही उपरिगामी सेतु के मरम्मत का कार्य शुरू होगा।

# अमरेमऊ के दीपक त्रिपाठी का सीबीआई में चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर



सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खण्ड करौंदीकला के ग्राम अमरेमऊ निवासी शिक्षक रमेश चंद्र त्रिपाठी के बड़े पुत्र दीपक त्रिपाठी का सेन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इंटेलिजेंस (सीबीआई) में अधिकारी पद पर चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दीपक की इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि शिक्षक समुदाय और क्षेत्रवासियों में भी गर्व की भावना देखी जा रही है। विलक्षण प्रतिभा के धनी दीपक त्रिपाठी लंबे समय से दिल्ली में रहकर सिविल सेवा एवं अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। अपनी सफलता का श्रेय दीपक ने अपने माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य सिविल सेवा में चयनित होकर देश की सेवा करना है। गौरतलब है कि पूरे देश में मात्र 16 पदों के लिए आयोजित इस कठिन प्रतियोगिता में दीपक का चयन होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उनकी सफलता पर शिक्षक संगठनों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। इस खुशी के अवसर पर बीआरसी परिसर में दीपक के पिता रमेश चंद्र त्रिपाठी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी करौंदीकला कृष्ण कुमार मिश्र, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संजय सिंह तथा प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम शब्द पाठक को माल्यार्पण एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विकास नारायण झा, सीके मिश्र, मनोज यादव, बृजेश यादव, रमा शंकर पांडेय, राजेश यादव सहित अनेक लोगों ने दीपक त्रिपाठी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लंभुआ क्षेत्र का गौरव बढ़ा, वैभव भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट बने

### सीडीएस 2024 में सफलता के बाद आईएनए एझिमाला से कमीशन, गांव में हुआ भव्य स्वागत



सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ ब्लॉक के मुरारचक गांव निवासी अभय नारायण मिश्र के पुत्र एवं राजपति मिश्र के पौत्र वैभव मिश्र ने भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट का पद प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वैभव ने वर्ष 2024 में संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएस) में सफलता हासिल की थी।

सीडीएस में चयन के बाद वैभव को भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला, जिला कन्नूर (केरल) में 18 माह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने शारीरिक, मानसिक और तकनीकी दक्षता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 29 नवंबर को आयोजित ऑटम टर्म 2025 की पासिंग आउट परेड में उन्हें औपचारिक रूप से लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया गया। उन्हें जनरल अनिल चैहान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने बैच लगाया। प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अब वैभव भारतीय नौसेना में देश सेवा करेंगे। शैक्षिक यात्रा की बात करें तो वैभव मिश्र ने केजी से लेकर बी.टेक तक की शिक्षा उदयपुर, राजस्थान से पूर्ण की है। उनका डोमिसाइल भी उदयपुर (राजस्थान) है। वैभव के पिता अभय नारायण मिश्र एवं माता मीरा देवी ने शुरू से ही उन्हें अनुशासन और मेहनत के संस्कार दिए, जबकि दादा राजपति मिश्र का सपना था कि परिवार का कोई सदस्य सशस्त्र बलों में देश सेवा करे, जो अब साकार हुआ है। पैतृक गांव मुरारचक लौटने पर वैभव के चाचा हर्षित मिश्र की ओर से ग्रैंड वेलकम सेरेमनी आयोजित की गई, जिसमें परिवारजनों के साथ क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

सभी ने फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए वैभव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बाबा राजपति मिश्र ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का सबसे गर्व का क्षण है। स्वागत समारोह में देवी प्रसाद ओझा, दिनेश मिश्र, भूतपूर्व सैनिक श्रीनारायण मिश्र, प्रभुनाथ मिश्र, ओम प्रकाश मिश्र, एडवोकेट सत्य प्रकाश मिश्र, इच्छाराम तिवारी, वेद प्रकाश मिश्र, वीरेंद्र विक्रम मिश्र, शिक्षक अंजनी मिश्र, सत्येंद्र विक्रम मिश्र, भूपेंद्र मिश्र, शिव विशाल मिश्र, मनोराम मिश्र, कृष्ण कुमार मिश्र समेत अन्य शामिल रहे।

# आरेडिका में भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा साइकिल हाइक का आयोजन



रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में भारत स्काउट एवं गाइड के 26 सदस्यों द्वारा आरेडिका परिसर में एक साइकिल हाइक का आयोजन किया गया। स्काउट डेन से प्रारम्भ होकर यह हाइक दो अलग-2 रास्तों से हेरिटेज पार्क पहुंचा। रास्ते में विशेष पहचान चिन्हों के द्वारा अलग- अलग चिन्हों की पहचान करते एवं उत्सुकता एवं जानकारी को बढाते-सीखते बच्चे बहुत उत्साह के साथ आगे बढे। बच्चों ने हेरिटेज पार्क में अनुशासन टेण्ट लगाने एवं बिना बर्तनों के भोजन बनाने की कला सीखी। यह कार्यक्रम बच्चों के ज्ञान एवं उत्साह को बढाने वाला था। मुख्य जिला आयुक्त तथा मुख्य सामग्री प्रबंधक कामेश्वर पासवान, जिला आयुक्त (स्काउट) एवं उपमुख्य यांत्रिक अभियंता एन के वर्मा, जिला सचिव आदित्य प्रकाश , जिला संगठन आयुक्त शबीना बानों एवं दीपक कुमार तथा अन्य लीडर्स के देखरेख में यह हाइक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

संक्षेप

## हरियाणा में बेच दिया गया था मासूम

आगरा। आगरा के बाल अधिकार कार्यकर्ता को एक किशोर मिला, जो हरियाणा में बेच दिया गया था। उसने अपना दर्द बताया। इस किशोर को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया है। पीलीभीत के किशोर को काम दिलाने के बहाने हरियाणा ले जाकर बेच दिया गया। इसके बाद बंधक बनाकर रखा जाने लगा। यह देखकर किशोर एक दिन भाग निकला। ट्रेन से आगरा पहुंचा। जानकारी पर बाल अधिकार कार्यकर्ता ने उसे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया। बाल अधिकार कार्यकर्ता नरेश पारस ने बताया कि 16 वर्षीय किशोर पीलीभीत का रहने वाला है। 11 दिसंबर को गांव के कुछ युवक काम दिलाने के बहाने हरियाणा ले आए थे। उससे बोझा ढोने का काम कराया जाता था। कमरे में बंद करके भी रखा जाता था। काम न करने पर पिटाई लगाई जाती थी। खाना भी नहीं देते थे। इस पर किशोर शनिवार को भाग निकला। एक ट्रेन में बैठ गया। धौलपुर के पास ट्रेन में यात्रियों ने किशोर को रोता हुआ देखा। इस पर उन्हें फोन करके जानकारी दे दी। उसके पास कोई सामान नहीं था। जब ट्रेन आगरा आई तो उससे मुलाकात की।

# रिटायर्ड दरोगा ने की बेटी की हत्या

जिला संवाददाता



आगरा। रिटायर्ड दरोगा ने घर में बेटी की गला दबाकर हत्या की थी। इसके बाद पत्नी के साथ शव को कार में रखकर इटावा के जसवंतनगर स्थित अपनी ससुराल पहुंचा। यहां साले के बेटे को साथ लेकर शव को यमुना नदी में फेंक दिया, लेकिन शव पानी में बहने के बजाय झाड़ियों में फंस गया था। पुलिस को जांच में लड़की के पिता पर शक हुआ। सख्ती से पूछताछ करने पर रिटायर्ड दरोगा ने अपना जुर्म कबूल किया। पिता की निशानदेही पर रविवार घर से कहीं चली गई है। आगरा पुलिस कई दिनों से युवती की तलाश कर रही थी। जांच के दौरान पुलिस का शक रिटायर्ड दरोगा पर था, क्योंकि घटना से कुछ दिन पहले युवती ने मां-बाप पर हत्या की आशंका जताते हुए एक

- रिश्ते के भतीजे से अफेयर को लेकर नाराजगी पर दिया घटना को अंजाम, शादी की जिद पर अड़ी थी युवती

शाम इटावा में नदी से कंकाल को बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया है। पिता ने पुलिस को बताया- बेटी का रिश्ते के भतीजे से अफेयर था। वह शादी की जिद पर अड़ी थी, इसलिए मारना पड़ा। मामला इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के कानपुर-ग्वालियर बाईपास का है। आगरा के थाना मलपुरा के विनायक गार्डन में रिटायर्ड दरोगा रणवीर सिंह (65) अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने इसी साल 30 अक्टूबर को बेटी अंशु यादव (33) की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस को बताया था बेटी वीडियो बनाया था। वीडियो और सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इटावा पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अंशु का अपने ही रिश्ते में लगने वाले भतीजे से अफेयर था। परिवार इस रिश्ते से नाराज था। 30 अक्टूबर से पहले ही परिवार के लोगों ने अंशु की हत्या कर दी थी। युवती का प्रेमी उसकी गुमशुदगी को लेकर लगातार परेशान था। पुलिस को गुमराह करने के उद्देश्य से आरोपी पिता ने खुद ही बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस का कहना है कि परिवार के अन्य छोटे भाई-बहनों की शादी में इस रिश्ते को बाधा माना जा रहा था, जिससे तंग आकर माता-पिता और भाई ने इस घटना को अंजाम दिया। वहीं इटावा पुलिस के अधिकारियों ने बताया- घटना आगरा जिले की है, लेकिन आरोपियों ने शव को इकदिल थाना क्षेत्र में फेंक दिया था। आगरा पुलिस कई बार शव की तलाश में यहां आई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार को इटावा के तीन थानों की पुलिस, एसडीआरएफ और आगरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आखिरकार युवती का कंकाल बरामद किया गया। आगरा के मलपुरा थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया- रिटायर्ड दरोगा की बेटी डेढ़ महीने से लापता थी। पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। 14 दिसंबर को युवती के प्रेमी अनुराग यादव ने लड़की के मां-बाप पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# वृद्ध की हत्या करने वाला आरोपित मुठभेड़ में घायल



जिला संवाददाता

मथुरा। थाना रिफाइनरी क्षेत्र के राधा टाउन कॉलोनी में एक वृद्ध व्यक्ति को आपसी कहासुनी के बाद उसके पडोसी द्वारा गोली मार दी जिससे वृद्ध व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी।

वाछिंत अभियुक्त से थाना रिफाइनरी पुलिस टीम की मुठभेड़ हो गई, पुलिस मुठभेड़ आरोपित गोली लगने से घायल हो गया, पुलिस ने घायलावस्था में आरोपित को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा है। थाना रिफाइनरी पुलिस टीम द्वारा चैहान फैमिली ढाबा एनएच 19 बाद पुल के पास में चेकिंग की जा रही थी , चेकिंग के दौरान एक ब्लैक कलर की वरना कार आती दिखाई दी मौके पर पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को चेकिंग हेतु रुकने का इशारा किया तो गाडी सवार चालक ने अपनी गाड़ी आंगनपुरा वाले रास्ते पर मोड़ दी जिससे पुलिस टीम द्वारा पीछा कर कुछ दूरी पर गाड़ी गहराबंदी की गई तो गाड़ी सवार गाड़ी से उतरकर जंगल की ओर भागा और पुलिस पर फायरिंग की ।

आत्मरक्षर्थ पुलिस टीम द्वारा भी फायरिंग की गई जिसमें एक बदमाश जिसका नाम विष्णु पुत्र सुखलाल निवासी राधा टाउन थाना रिफाइनरी मथुरा दौराने मुठभेड़ घायल/गिरफ्तार हुआ ।

अभियुक्त के विरुद्ध थाना रिफाइनरी पर मुकदमा अपराध संख्या 390/25 धारा 103(1)/333/352 बीएनएस पंजीकृत है द्य अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल पिस्टल व कारतूस टमतदं गाड़ी बरामद किये गये

## डीएम ने पुस्तकालयों की स्थापना और सुचारू संचालन को लेकर की बैठक



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद की ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक अपने कक्ष में आयोजित की, बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें ई पत्रिकाऐं और सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी आसानी से मिल सकेगी,जिलाधिकारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को चरणबद्ध तरीके से जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को इस योजना के दायरें में लाया जाएगा, इस महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाने के लिए पंचायती राज विभाग,शिक्षा विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करके ही इस योजना को सफल बनाया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर इस महत्वपूर्ण अभियान को धरातल पर उतारने और उसकी नियमित निगरानी करने का सख्त निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और ज्ञान के प्रसार में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सके,उन्होने कहा कि डिजिटल पुस्तकालय-डिजिटल इण्डिया के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## तमंचा और कारतूस बरामद, एक गिरफ्तार

टूंडला। थाना जीआरपी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 3 व 4 से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक तमंचा एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक मोनू आर्य के निर्देशन में पुलिस स्टॉफ द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान रेलवे स्टेशन टूंडला प्लेटफार्म तीन व चार के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो घबरा कर भागने लगा तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पकड़े अभियुक्त ने अपना नाम छोटे लाल पुत्र श्रीराम निवासी गली नंबर एक कबीर नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है।इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार,उपनिरीक्षक अनेक सिंह सीआईवी एएसआई विनोद कुमार गौतम नरेन्द्र पाल सिंह,कृष्ण प्रताप सिंह,कृष्णलाल, मोहित कुमार आदि प्रमुख है।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर खिचड़ी महोत्सव की शुरूआत आज से, बंटेगा खिचड़ी

मथुरा। शास्त्रीय परंपराओं एवं श्रुतियों में धनु संक्रान्ति के महत्व को वृहद रूप से बताया गया है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के कारण धनु संकान्ति लौकिक एवं अलौकिक प्राप्ति को कराने वाला पर्व है।इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने बताया कि आज मंगलवार 16 दिसम्बर को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर धनु संकान्ति के अवसर पर खिचड़ी महोत्सव प्रारम्भ होगा जो संपूर्ण पौष मास पर्यन्त चलेगा। खिचड़ी महोत्सव में श्रीठाकुरजी के प्रसाद स्वरूप खिचड़ी, तिल से बनी रेबड़ी, गजक आदि सामग्री का प्रसाद श्रीकृष्ण जन्मस्थान के अन्नक्षेत्र में आने वाले सभी भक्तों को प्राप्त हो, ऐसी व्यवस्था की जा रही है। विभिन्न दालों, मेवों एवं गाय के घी से निर्मित ऐसी दिव्य खिचड़ी भोग को प्राप्त कर भक्त निश्चित ही आनन्दित होंगे। चूँकि धनु संक्रान्ति में गौसेवा का भी विशेष महत्व है। अतः श्रीकृष्ण जन्मस्थान प्रांगण में स्थित गौशाला में गायों को सुन्दर भोजन, गुड़-तिल के लड्डुओं, गुड़ का दलिया आदि सामग्री दी जायेगी। खिचड़ी महोत्सव का प्रारम्भ प्रातः 8 बजे से श्रीकृष्ण जन्मभूमि के अन्नक्षेत्र में होगा।

## मथुरा के मनोहर बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट



मथुरा। भारतीय रक्षा अकादमी देहरादून में आयोजित दीक्षांत समारोह (पासिंग आउट परेड) के दौरान अंतिम पग रखते ही शहर के मोतीकुंज कॉलोनी निवासी चंद्रपाल सिंह पुत्र मनोहर सिंह लेफ्टिनेंट बन गए। उनके मथुरा पहुंचते ही परिजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मनोहर सिंह शुरूआत से ही शिक्षा में अति मेधावी रहे हैं। मूल रूप से मांट क्षेत्र के गांव नगला वीरबला, हरनौल निवासी मनोहर 9 वर्ष भारतीय सेना में बंगाल सैपर्श में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपनी सेवा के साथ ही कड़ी मेहनत कर अपने अफसर बनने के सपने को साकार किया है। मनोहर मौजूदा समय में 2 पुत्रो के पिता हैं। मनोहर ने बताया कि उनकी इस सफलता में उनके परिवार व पत्नी का पूरा सहयोग मिला है। अब वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर देश की सेवा करेंगे। उनके इस सफलता व खुशी के मौके पर उनके परिवार, गांव व सहयोगी जनों में खुशी का माहौल है।

## वेब सीरीज का एक्टर ड्रग्स स्मगलिंग में अरेस्ट



आगरा। फेमस वेब सीरीज ह्यफर्जीह्न और ह्यद फैमिली मैनह्न के को-एक्टर को ड्रग्स तस्करी में अरेस्ट किया गया है। यूपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने उसे मुंबई से अरेस्ट किया। वढ अठळऱ्र की आगरा यूनिट के अनुसार, तस्करों के खातों से एक्टर के खाते में कई बार पैसे ट्रांसफर किए गए थे। जांच के बाद पता चला कि आरोपी कई बार आगरा में ड्रग्स सप्लाई करने खुद आ चुका है। इसके बाद पुलिस ने सर्विलांस पर उसका लोकेशन ट्रेस किया। फिर मुंबई पुलिस की सहायता से 11 दिसंबर को अरेस्ट कर लिया गया। एक्टर की पहचान, मान सिंह के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस की सहायता से एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने एक्टर मान सिंह को अरेस्ट किया और फिर उसे आगरा लेकर लाई। पूछताछ में मान सिंह ने बताया- मैं मूल रूप से दिल्ली के राजौरी गार्डन का रहने वाला हूं। साल 2008 में मुंबई चला गया था। यहां फिल्मों में काम पाने की कोशिश करने लगा। इस दौरान मैंने कई फिल्मों और वेब सीरीज में छोटे-छोटे रोल किए। इसी दौरान मेरी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। उसके कहने पर नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल हो गया। मैं अपने साथी के साथ मिलकर काम करता था। कई बार एमडीएमए आदि, आगरा में एक अन्य व्यक्ति तक पहुंचाए थे। टास्क फोर्स के एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया- 3 अक्टूबर 2024 को हेरोइन तस्करी के मामले में शैलेंद्र कुमार और हरिओम धाकरे को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में नई दिल्ली के शैलेंद्र राणा के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। जांच के दौरान आरोपियों के बैंक खातों से मान सिंह के खाते में रुपए ट्रांसफर होने की जानकारी सामने आई। जांच में यह भी सामने आया है कि मान सिंह कई बार आगरा आकर हेरोइन की सप्लाई कर चुका है। इसके बाद उसकी संलिप्तता की जांच गंभीरता से की गई और उसे अरेस्ट कर लिया गया।

## दर्शनार्थियों की बुलेरो में बस ने मारी टक्कर , एक की मौत

मथुरा। मध्यप्रदेश से दर्शनों के लिये आते लोगों की बुलेरो गाड़ी में आज सुबह भरतपुर रोड पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिससे चैतरफा चीख-पुकार की आवाजें गूंज उठीं। घायलों को एंबुलेंस के जरिये जिला अस्पताल पहुंचाया, इनमें से एक दर्शनार्थी की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग आठ बजे भरतपुर से मथुरा की ओर आती बुलेरो गाड़ी में रोडवेज बस ने सामने से टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार सरला (40) पत्नी अनिल निवासी शिवनी माण्डवा छिंदवाड़ा, कृष्णी (55) पत्नी नूर सिंह निवासी आरू गांव थाना चांद छिंदवाड़ा, यहीं के रहने वाले नंदू चैरिया (50) पुत्र विक्रम, सुंदरलाल पुत्र शिवनंदन निवासी पथरी झील थाना चांद छिंदवाड़ा, फूल कुमारी (42) पत्नी राजेश निवासी कमलेश्वर नागपुर छिंदवाड़ा, रामकुमार (34) पुत्र उम्मेद सिंह निवासी थापड़ संगाचैली पहाड़गेट मुरैना, पातीराम (60) निवासी बांसखेड़ा चांद छिंदवाड़ा को गभीर अवस्था में उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने पातीराम को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की जानकारी लगते ही दोपहर बाद परिवार के सदस्य जिला अस्पताल पहुंचे और अपने- अपने परिवारीजनों को प्राईवेट अस्पतालों में उपचार के लिये ले गये हैं।

# मनरेगा धोखाधड़ी में प्रधान का बेटा साथी संग गिरफ्तार




मथुरा। आगरा की किरावली पुलिस ने मनरेगा के नाम पर साइबर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पप्पू प्रधान जुड़वाई फरह का बेटा देवेश सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर ग्रामीणों और रिश्तेदारों को झांसा देकर उनके बैंक खातों से लाखों रुपये निकालने का आरोप है। पुलिस ने इनके कब्जे से 17,650 रुपये

- साइबर ठगी में लोगों के खातों से लाखों रुपये निकाले, नकदी व कार बरामद

नकद, एक पासबुक, एक चेकबुक, एक मोबाइल फोन और एक कार बरामद की है।मामले में पीड़ित बिहारी लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मामा-ससुर के लड़के दामोदर सिंह ने फोन कर उसके खाते में मनरेगा के पैसे आने की बात कही थी। इसी बहाने दामोदर ने विश्वास में लेकर उसकी चेकबुक और पासबुक हासिल कर ली और बाद में खाते से करीब 4 से 5 लाख रुपये निकाल लिए। शिकायत मिलते ही किरावली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए अलग-अलग टीमें गठित कीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रायभा-रुनकता तिराहा क्षेत्र से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी देवेश राणा ने खुलासा किया कि उसके साथी अंकित और जीतू उर्फ जितेंद्र सिंह ने उससे साइबर फ्रॉड के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने को कहा था। करीब 18 से 20 लाख रुपये की ठगी की योजना के तहत देवेश ने दामोदर से संपर्क किया, जिसने अपने रिश्तेदारों और अन्य लोगों के बैंक खाते उपलब्ध कराए। इन खातों में 4-5 लाख रुपये जमा कराए गए, जिन्हें दामोदर ने निकालकर देवेश को सौंप दिया। देवेश ने बताया कि अंकित और जीतू के निर्देश पर मथुरा स्थित कृष्णा प्लाजा की सीडीएस मशीन के जरिए इन पैसों को ह्यपीईजीईईह्न नाम से दर्शाए जा रहे अन्य खातों में ट्रांसफर कराया गया। इस पूरे खेल में आरोपियों को कमीशन मिला, जिसमें से 17,650 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने देवेश को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह अपने एक रिश्तेदार की पासबुक और चेकबुक वापस करने जा रहा था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान देवेश राणा पुत्र प्रताप सिंह राणा पप्पू प्रधान निवासी मथुरा और दामोदर सिंह पुत्र रणवीर सिंह निवासी फरह, मथुरा के रूप में हुई है। इस गिरोह में शामिल अंकित और जीतू उर्फ जितेंद्र सिंह फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी किरावली नीरज कुमार, साइबर सर्विलांस टीम प्रभारी सौरभ सिंह, नगर जोन सर्विलांस प्रभारी अभिषेक तिवारी, एसओजी प्रभारी सोहन पाल सिंह, सतीश कुमार सोलंकी समेत अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीडीओ ने की आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कलैक्ट्रेट सभागार कक्ष में आईजीआरएस के संदर्भों के निस्तारण के सम्बन्ध में सभी अधिकारियों के साथ एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया, बैठक में उन्होने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें,उन्होने कहा कि जिलाधिकारी इस बात पर बेहद नाराज है,कि आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण में कुछ अधिकारी उदासीनता बरत रहें है, जिससे जनता को अपनी समस्याओं का हल नही मिल पा रहा है,सभी अधिकारी आईजीआरएस में आए सन्दर्भों के निस्तारण हेतु क्षेत्रीय भ्रमण अवश्य करें, जिससे मौके पर जाकर समस्याओं से न केवल अवगत हुआ जा सके, अपितु उनका अधिक विश्वसनीय ढंग से निस्तारण भी किया जा सके, इस महत्वपूर्ण बैठक में अनुपस्थित रहने वाले जिला होमगार्ड कमाण्डेंट अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत ग्रामीण सीडीपीओ जिला कृषि अधिकारी एआरएम रोडवेज एआर कोपरेटिव एबीएसए का वेतन काटने के निर्देश दिए, उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतें किसी भी दशा में डिफाल्टर नही होनी चाहिए, असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त न हो, शिकायतकर्ता से हर हालत में सम्पर्क किया जाए और सर्वे स्थल का फोटोग्राफ भी अपलोड किया जाए, समीक्षा बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी की सबसे अधिक शिकायतें अनिस्तारित पाई गयी, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि तत्काल प्रभाव से गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। यदि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरती गयी तो विभागीय कार्यवाही भी की जाएगी। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

## ट्रक ने युवक को मारी टक्कर, घायल

मथुरा। दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृंदावन के छटीकरा क्षेत्र के समीप सोमवार सुबह एक ऐसा भयावह हादसा हुआ, जिसने राहगीरों का कलेजा दहला दिया। सुबह करीब 9 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक ट्रक में फंस गया और चालक उसे करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक वाहन को बीच सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सड़क पर चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई।

राहगीरों ने साहस दिखाते हुए ट्रक में फंसे घायल युवक को किसी तरह बाहर निकाला। सूचना मिलने पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली एक बार फिर सामने आ गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन करीब एक घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। घायल युवक की हालत गंभीर होती देख पुलिस ने टेंपो की मदद से उसे अस्पताल भिजवाया।

# चैंबर तोड़े जाने से भड़के वकील, जाम कर किया प्रदर्शन



मथुरा। अधिवक्ताओं ने सोमवार की सुबह प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। कलक्ट्रेट के बाहर सड़क पर बैठकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। मथुरा कलक्ट्रेट परिसर में बने 150 से अधिक अधिवक्ताओं के चैम्बरों को प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन से ध्वस्त कराने के विरोध में सोमवार की सुबह वकील हड़ताल करते हुए सड़कों पर उतर आए।

जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकीलों ने रोड जाम करते हुए जमकर हंगामा किया। डीएम मथुरा मुदार्बाद, सिटी मजिस्ट्रेट चोर है जैसे नारे लगाते हुए अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय का घिराव करने पहुंच गए। अधिवक्ताओं की मांग है की सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी कराई जाए और चेम्बरों का पुनः निर्माण कराया जाए। अधिवक्ताओं के हंगामे को देख भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कराया गया है।बिना सूचना अधिवक्ताओं से सौ से अधिक चेम्बर तोड़ दिये जाने से वकीलों में भारी नाराजगी है। आज सोमवार को जैसे ही न्यायालय खुले तो वकीलों का आक्रोश फूट पड़ा। वकीलों ने सड़क पर बैठकर जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते कहा कि इस अन्याय के खिलाफ वकील पीछे नहीं हटेंगे। लगातार इसका विरोध जारी रहेगा। वकीलों का गुस्सा सिटी मजिस्ट्रेट पर ज्यादा देखा गया। वे कह रहे हैं कि पूर्व में डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह के कार्यकाल में इनका निर्माण हुआ था और स्वयं सिटी मजिस्ट्रेट ने इसे स्वीकृत किया था, उसके बाद भी बगैर नोटिस दिये यह दमनात्मक कार्यवाही रात के अंधेरे में की गयी जिससे वकीलों के लैपटॉप, प्रिंटर, एसी, जरूरी पत्रावलियां और अन्य सामान गायब हैं। सौ से अधिक चैम्बरों को जमींदोज किये जाने से एक हजार वकील प्रभावित हुये हैं। उनकी रोजी रोटी पर असर पड़ा है। इसीलिये उनका गुस्सा आज चरम पर देखा गया। वकीलों की नाराजगी को देखते हुये आज टैंक चैराहे से ही रास्ता बंद कर दिया गया था। गुस्साए अधिवक्ता जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकीलों ने उग्र तेवर दिखाए। हाडीएम मुदार्बादल और ह्यसिटी मजिस्ट्रेट चोर हैल्ला जैसे नारों से कलेक्ट्रेट परिसर गूंज उठा। वकीलों ने सिटी मजिस्ट्रेट के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की करते हुये ध्वस्त किए गए चैंबरों का पुनर्निर्माण कराए जाने की मांग की। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्ट्रेट और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के कारण विभिन्न न्यायालयों में दूर-दूर से आये वादकारियों को भी मुश्किल हुयी। उन्हें मालूम होने पर वे भी प्रशासन की इस कार्यवाही को कोसते नजर आये।

## भाजपाइयों ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जतायी खुशी



टूंडला। भाजपा नगर कार्यालय पर राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन एवं उत्तर प्रदेश के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्वाचित होने के उपरांत सभी कार्यकताओं ने आतिशबाजी कर ढोल नगाड़े से इस फैसले का स्वागत किया एवं कार्यकताओं के बीच मिठाई बाटकर हर्ष और उल्लास के साथ कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया।।इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इन दोनों की नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के अंदर 2027 में 2017 से भी बड़ी जीत होगी। इसी क्रम में नवनियुक्त प्रांतीय परिषद के सदस्य राकेश शंखवार नीलम दिवाकर अमलेंद्र लोधी रेनू उपाध्याय का भी सभी कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।इस दौरान दिनेश गुप्ता नगर अध्यक्ष टूंडला ने सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी योगेंद्र चौहान टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ब्लॉक प्रमुख नरकी सुशील चक अध्यक्ष प्रतिनिधि हरीश चौधरी जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल, महिपाल निषाद विनोद पाल बिन्नू पूरन सिंह बीडीसी नीलम दिवाकर,आकाश शर्मा,जुबिन भारद्वाज देवांशु उपाध्याय गुड्डा दीक्षित विकास डागोर,मनप्रीत कीर कौशल तिवारी आशूचक विष्णु तिवारी लेना मदन सतीन देवी संध्या गौतम आदि उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन

टूंडला। ऑपरेशन जाग्रति फेस 5 अभियान के तहत थाना नगला सिंघी क्षेत्र के ग्राम एलई के किसान इंटर कॉलेज मे आपरेशन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि थाना नगला सिंघी प्रभारी पारुल मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में युवावस्था में प्रेम प्रसंग के अंतर्गत घर से भगाने के मामले की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र एवं छात्राएं को ऑपरेशन जागृति के तहत अन्य जानकारी भी दी गई व जागरूक किया। इस मौके पर थानाध्यक्ष पारूल मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार, राकेश कुमार, उषा कुमारी, बघेल, रमाकांत, अशोक कुमार, सुनील चौहान, अरुण कुमार, प्रकाश सिंह, बृजेश कुमार, मनोज कुमार, अमर सिंह राठौर, कमलेश कुमार आदि के अलावा कालेज स्टॉफ मौजूद रहा।

## मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में नवागत भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत किया



टूंडला। विधानसभा टूंडला के नगला बीच में हरेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर व पचोखरा मण्डल के कदम खंडी महादेव मंदिर रजावली पर नगला बीच मण्डल एवं पचोखरा मंडल के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का भव्य स्वागत माला व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित बैठक का आयोजन सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। बैठक में बतौर मुख्य वक्ता पुनः नव निर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उदय प्रताप सिंह ने बैठक की प्रस्तावना रखते हुए 4 नवंबर से चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के सभी विषयों की बिन्दुबार चर्चा करते हुए कहा कि सभी को अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर यदि अभी भी किसी ने अपना गणना प्रपत्र भरकर जमा किया है तो अपने बूथ के बी एल ओ से संपर्क कर फॉर्म भरवाना है। एक भी वोटर छूटना नहीं चाहिए। बैठक में पचोखरा मण्डल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह नगला बीच मण्डल अध्यक्ष विनोद पाल सिंह बिन्नु नरेंद्र पाल सिंह प्रधान अशोक प्रधान उदयवीर संतू,बालकिशन गुप्ता, स्वदेश कुमार भारद्वाज,अजीत कुशवाहा, रामू कुशवाहा,संदीप जैन,महेश माहौर, धर्मेंद्र सिंह लल्लू भैया,गोपाल कुमार गुप्ता,अंशुल गुप्ता,अतुल गुप्ता हिमांशु गुप्ता,दीपांशु गुप्ता, प्रांशु गुप्ता,सुरेश गुप्ता जीवन सिंह राजपूत व कई अन्य प्रमुख व गणमान्यजनों की उपस्थित रही।

संक्षेप

## ऑल न्यू हेक्टर लॉन्च

लखनऊ। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने आज ऑल-न्यू एमजी हेक्टर के लॉन्च की घोषणा की। आज यहां चिनहट स्थित एमजी मोटर्स के शोरूम में ऑल-न्यू एमजी हेक्टर की लांचिंग के मौके पर मि. रवि मित्तल, डायरेक्टर स्ट्रैटजिक प्रोजेक्ट्स आदि मौजूद थे। पेश की गयी ऑल-न्यू हेक्टर में नया फ्रंट और रियर बंपर डिजाइन है। साथ ही बिल्कुल नया ग्रिल, नए अलॉय व्हील्स और दो नए रंग सेलेडॉन ब्लू और पर्ल व्हाइट शामिल हैं। इसके इंटीरियर्स में 5-सीटर वेरिएंट के लिए ड्यूल टोन आइस ग्रे थीम और 6 व 7-सीटर वेरिएंट्स के लिए ड्यूल टोन अर्बन टैन थीम दी गई है। यह केबिन को और अधिक प्रीमियम व आकर्षक बनाती है। ऑल-न्यू एमजी हेक्टर रेंज की शुरूआती कीमत 11.99 लाख रुपए (केवल सीमित इकाइयों के लिए) है।

## सैमसंग गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड बिक्री शुरू

नई दिल्ली। सैमसंग का नया गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड आज कोरिया में बिक्री के लिए उपलब्ध हुआ और शुरूआत से ही इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। तेजी से बढ़ती बिक्री यह दिखाती है कि मोबाइल एआई के इस नए दौर में उपभोक्ताओं में सैमसंग के सबसे इनोवेटिव ट्रायफोल्ड फोन को लेकर बेहद उत्साह है। गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड ऐसा फोल्डेबल डिवाइस है जो काम और मनोरंजन–दोनों के अनुभव को नई दिशा देता है। फोन को दो बार खोलने पर इसमें 10 इंच का डायनैमिक एमोलेड2एक्स डिस्प्ले मिलता है, जो बेहद जीवंत रंगों और स्मूद विजुअल्स के साथ एक इमर्सिव देखने का अनुभव देता है। गैलेक्सी जेड ट्रायफोल्ड ने अपने रिवॉल्यूशनरी डिजाइन और बड़े डिस्प्ले ने उपभोक्ताओं का ध्यान खींचा है।

## सोशल ने पेश किया द ठंड एसजेडएन मेन्यू

नई दिल्ली। सर्दी आ गई है, और सोशल माहौल को गरमा रहा है। इस सीजन में, पड़ोस का कैफे-बार द ठंड एसजेडएन मेन्यू लॉन्च कर रहा है, जो 18 दिसंबर से 18 जनवरी तक उपलब्ध रहेगा, जिसमें गरमा गरम हर चीज का जश्न मनाया जाएगा, ऐसा खाना जो तुरंत आराम दे, ऐसी प्लेटें जो रजाई जितनी आरामदायक लगें, और ऐसे फ्लेवर जो आपको बाहर की ठंड भुला दें। गरमा गरम खाने की क्रेविंग के आइडिया पर बना, द ठंड एसजेडएन मेन्यू ऐसा लगता है जैसे आप अलाव के बहुत पास बैठे हों या किसी की जैकेट चुरा ली हो।

## एयरबीएनबी ने पेश किया लोलापलूजा इंडिया का अनुभव

मुंबई। एयरबीएनबी ने लोलापलूजा इंडिया 2026 के दौरान प्रशंसकों के लिए अपनी तरह के खास अनुभव की पेशकश की है। मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में 24 और 25 जनवरी को आयोजित होने जा रहे लोलापलूजा इंडिया आने वाले प्रशंसकों को एयरबीएनबी एक्सपीरियंसेज के साथ अपने पसंदीदा संगीत को और करीब से देखने और जानने का मौका मिलेगा। यह भारत में एयरबीएनबी के सफर का नया रोमांचक अध्याय है, जो लोगों को पर्यटन, संस्कृति एवं रचनात्मकता के माध्यम से जोड़ने की कंपनी की प्रतिबद्धता को मजबूती देता है। लोलापलूजा इंडिया इनसाइडर के माध्यम से बैकस्टेज टूर और कलाकारों के साथ क्रिएटिव सेशंस से लेकर बिहाइंड-द-सीन्स एक्सेस तक हर अनुभव प्रशंसकों को भारत के सबसे खास म्यूजिक फेस्टिवल्स में शुमार इस आयोजन के यादगार पलों से रूबरू कराएगा।

## सामाजिक तनाव और चुनौतियों के समाधान हेतु आनंदमंत्रा का शुभारंभ

लखनऊ। रणनीतिक संचार और पब्लिक रिलेशंस के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम प्रेफरेंस कम्युनिकेशंस ने आज अपनी नई काउंसलिंग सेवाओं की वर्टिकल आनंदमंत्रा के शुभारंभ की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों में लोगों द्वारा झेले जा रहे मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक तनाव को दूर करना है। आनंदमंत्रा को इस प्रकार परिकल्पित किया गया है कि यह सामाजिक और व्यक्तिगत चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए पेशेवर काउंसलिंग सहायता प्रदान कर सके। इनमें रिश्तों में तनाव, छात्रों में पढ़ाई से जुड़ा दबाव, स्वास्थ्य संबंधी तनाव, वैवाहिक और अभिभावकीय समस्याएँ, वृद्धावस्था से जुड़ी चुनौतियाँ, ब्रेक-अप के कारण उत्पन्न भावनात्मक तनाव तथा जीवन से जुड़े अन्य दबाव शामिल हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

# सेंसेक्स में 54 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 54 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी 20 अंक के नुकसान में रहा।

विश्लेषकों के मुताबिक, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और भारतअमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 54.30 अंक यानी 0.06 प्रतिशत फिसलकर 85,213.36 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 427.34 अंक गिरकर 84,840.32 तक आ गया था लेकिन निचले स्तर पर लिवाली आने से इसने नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 19.65 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,027.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, टाइटन और एचडीएफसी बैंक मुख्य रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ट्रेंट, एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये के चलते बाजार सीमित दायरे में बना हुआ है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्पष्टता आने तक रुपये में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया एक समय डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.80 तक लुढ़क गया था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1114.22 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,868.94 करोड़ रुपये की खरीदारी की। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.41 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.16 प्रतिशत बढ़त में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 0.90 प्रतिशत की गिरावट आई जबकि वाहन खंड में 0.87 प्रतिशत एवं विवेकाधीन उपभोक्ता खंड में 0.25 प्रतिशत की नरमी रही। वहीं रोजमर्रा के उपभोग वाले सामान बनाने वाली कंपनियों के खंड में 0.56 प्रतिशत की तेजी रही।

# सोना 4000 रुपये उछलकर 1.37 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नये रिकॉर्ड स्तर पर



नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोना 4,000 रुपये बढ़कर 137,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह कहा कि शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 133,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोना के 4,350 अमेरिकी डॉलर के स्तर की ओर बढ़ने के साथ ही घरेलू बाजार में तेज उछाल देखने को मिला। इससे सोने की कीमतें नयी ऊंचाई पर पहुंच गईं। उन्होंने कहा कि पीली धातु ने वैश्विक मजबूती को दर्शाते हुए तेज बढ़त के साथ एक नया सार्वकालिक उच्च स्तर छू लिया। इससे पहले 17 अक्टूबर को सोना 134,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया था। यह तेजी सुरक्षित निवेश की मांग और इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों को लेकर बनी उम्मीदों के कारण आई है। अब ध्यान पूरी तरह अमेरिकी वृहत आर्थिक संकेतों पर है, जिससे अस्थिरता ऊंची बनी रहने की संभावना है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 58,650 रुपये यानी 74.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। सोने का भाव 31 दिसंबर 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। दूसरी ओर, संघ के अनुसार चांदी की कीमतें सभी करों सहित 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहीं। इस साल अब तक चांदी की कीमतों में 109,800 रुपये यानी 122.41 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। इसका भाव 31 दिसंबर 2024 को 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने का हाजिर भाव लगातार पांचवें सत्र में बढ़ा।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए पर बातचीत जल्द होगी पूरी

नयी दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत जल्द पूरी होने की उम्मीद है।

दोनों पक्षों ने चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद हाल में आधिकारिक और मंत्री स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये और आमने-सामने बैठकर बैठकें की हैं। पिछले हफ्ते, न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री टॉड मैकक्ले वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बातचीत की प्रगति की समीक्षा करने के लिए यहां आए थे। हम एक अच्छी स्थिति में हैं, जहां हमें उम्मीद है कि समझौता जल्द ही पूरा हो जाएगा...। उम्मीद है कि यह जल्द ही हो जाएगा। एफटीए पर बातचीत औपचारिक रूप से 16 मार्च, 2025 को शुरू हुई थी। वित्त वर्ष 2024-25 में न्यूजीलैंड के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर था।

## एजईजी ने लॉन्च की गट केयर रेंज

नई दिल्ली। एजईजी ने आज बुजुर्गों के पाचन तंत्र में सुधार लाने वाली गट केयर रेंज लॉन्च की है। वेलबीइंग न्यूट्रिशन की साझेदारी में यह रेंज विकसित की गई है। बुजुर्गों के लिए आंत का स्वस्थ होना बेहद महत्वपूर्ण है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि यह रोग प्रतिरोधक क्षमता, सूजन, मेटाबोलिक मापदंडों और यहां तक कि संज्ञानात्मक कार्यों को भी प्रभावित करता है। बुजुर्गों की जरूरतों को समझते हुए एजईजी और वेलबीइंग न्यूट्रिशन की वैज्ञानिक सटीकता के साथ, हमने एक ऐसी रेंज तैयार की है।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 25 पैसे टूटा



मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया सोमवार को 25 पैसे फिसलकर 90.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतअमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली के चलते रुपये में गिरावट आई। एक समय यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 90.80 तक आ गया था।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जोखिम से बचने की धारणा और आयातकों की ओर से डॉलर की मजबूत मांग ने निवेशकों की धारणाओं को और कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 90.53 पर खुला, लेकिन बाद में फिसलते हुए कारोबार के दौरान 90.80 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया, जो उसके पिछले बंद भाव से 31 पैसे की गिरावट है। कारोबार में अंत में यह 25 पैसे टूटकर 90.74 (अस्थायी) के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा शुक्रवार को 17 पैसे गिरकर 90.49 पर बंद हुई थी। रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है और एशियाई मुद्राओं में सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। विदेश व्यापार के अपेक्षा से बेहतर आंकड़ों के बावजूद रुपये को कोई समर्थन नहीं मिल सका। इस कमजोरी का मुख्य कारण मांग और आपूर्ति में बड़ा असंतुलन है। इसका कारण आयातकों की ओर से डॉलर की ऊंची मांग और लगातार पूंजी निकासी है। निकट अवधि में हाजिर बाजार में रुपये पर दबाव बना हुआ है। इसे प्रमुख रूप से 90.95 पर प्रतिरोध और 90.50 पर समर्थन स्तर है। भारत और अमेरिका के बीच मसौदा व्यापार समझौता बहुत जल्द हो सकता है, हालांकि उन्होंने कोई समयसीमा नहीं बताई।

# छोटे मूल्य वाले नोटों की हो रही भारी किल्लत, लोगों को हो रही दिक्कत

कोलकाता। अखिल भारतीय रिजर्व बैंक कर्मचारी संघ (एआईआरबीईए) ने छोटे मूल्य वाले नोटों की देशभर में गंभीर किल्लत पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि इससे आम लोगों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और छोटे कारोबार भी प्रभावित हो रहे हैं।

एआईआरबीईए ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को भेजे एक पत्र में दावा किया कि 10, 20 और 50 रुपये के नोट की उपलब्धता देश के कई हिस्सों, खासकर कस्बों एवं ग्रामीण इलाकों में लगभग नगण्य है। हालांकि इन इलाकों में 100, 200 और 500 रुपये के नोट आसानी से मिल रहे हैं। कर्मचारी संघ ने आरबीआई के मुद्रा प्रबंधन विभाग के प्रभारी डिप्टी गवर्नर टी. रबी शंकर को लिखे पत्र में कहा कि एटीएम से निकलने वाले अधिकतर नोट उच्च मूल्य के ही होते हैं। इसके अलावा बैंकों की शाखाएं भी ग्राहकों को छोटे मूल्य के नोट नहीं उपलब्ध करा पा रही हैं। रिजर्व बैंक कर्मचारियों के संगठन ने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को स्थानीय परिवहन, किराने की खरीद और अन्य दैनिक जरूरतों के लिए नकद में लेनदेन कर पाना खासा मुश्किल हो गया है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिए जाने के बावजूद चलन में मौजूद कुल मुद्रा लगातार बढ़ रही है।

# देश का वनस्पति तेल आयात 28 प्रतिशत गिरा

नयी दिल्ली। देश का वनस्पति तेल आयात नवंबर महीने में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत की तेज गिरावट के साथ 11.83 लाख टन रह गया। यह गिरावट मुख्य रूप से रिफाइंड पामोलीन के आयात में भारी कमी आने से आई है।

उद्योग निकाय एसईए ने सोमवार को यह जानकारी दी। तेल एवं तिलहन उद्योगों के संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स ऑफ इंडिया (एसईए) ने कहा कि नए तेल सत्र नवंबर 2025-अक्टूबर 2026 के पहले महीने नवंबर में दुनिया के सबसे बड़े वनस्पति तेल आयातक भारत ने खाद्य और गैर-खाद्य तेल मिलाकर 11.83 लाख टन का आयात किया, जबकि नवंबर 2024 में यह आंकड़ा 16.50 लाख टन था। कुल पाम तेल आयात भी नवंबर महीने में 25 प्रतिशत घटकर 6.32 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 8.42 लाख टन था। खासकर खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले आरबीडी पामोलीन का आयात तेज गिरावट के साथ नवंबर में मात्र 3,500 टन रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 2.85 लाख टन था। कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात भी घटकर 1.42 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 3.40 लाख टन था। वहीं, कच्चे सोयाबीन तेल का आयात 4.07 लाख टन से घटकर 3.70 लाख टन हो गया। कच्चे पाम कर्नेल तेल का आयात भी घटकर 1850 टन रह गया।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया एज 70 अल्ट्रा-थिन स्मार्टफोन

नयी दिल्ली। मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 70 के लॉन्च के साथ अपना सबसे पतला स्मार्टफोन पेश किया। अल्ट्रा-स्लिम इंजीनियरिंग को पुनर्परिभाषित करते हुए, डिवाइस में स्लीक 5.99 एमएम एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्युमीनियम डिजाइन है, जबकि यह एक विशाल 5000 एमएएच बैटरी देता है जो 40 घंटे तक की बैटरी लाइफ देती है, इसमें फास्ट वायर्ड और वायरलेस चार्जिंग, सभी लेंसों पर 4के 60एफपीएस रिकॉर्डिंग के साथ सेगमेंट के सबसे उन्नत ट्रिपल 50डच के एआई कैमरे हैं। परफॉर्मेंस और इंटेलिजेंस को अगले स्तर पर ले जाते हुए, जो मोटो एआई 2.0, कोपायलाट, गूगल जेमिनी, और परप्लेक्सिटी के साथ बेजोड़ मल्टी-प्लेटफॉर्म एआई आजादी प्रदान करता है। इसमें पैनटोन वैलिडेशन के साथ सेगमेंट का सबसे चमकदार 6.7 इंच सुपर एचडी एमोलेड डिस्प्ले भी है।

# थोक महंगाई में नवंबर में 0.32 प्रतिशत की गिरावट

नयी दिल्ली। खाने का सामान, खनिज तेल आदि की कीमतों में कमी से थोक मुद्रास्फीति में नवंबर में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत रही। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि नवंबर में थोक महंगाई में गिरावट अक्टूबर के मुकाबले कम है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में शून्य से नीचे 1.21 प्रतिशत और नवंबर 2024 में 2.16 प्रतिशत रही थी।

उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि खाद्य पदार्थों, खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, बुनियादी धातुओं के उत्पादन और बिजली आदि की कीमतों में कमी से थोक मुद्रास्फीति में गिरावट आई और यह शून्य से नीचे 0.32 प्रतिशत रही। डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 4.16 प्रतिशत रही जबकि अक्टूबर में यह 8.31 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 20.23 प्रतिशत रही जो अक्टूबर में 34.97 प्रतिशत थी। दालों की कीमतों में नवंबर में 15.21 प्रतिशत की कमी आई जबकि आलू तथा प्याज की कीमतें क्रमशः 36.14 प्रतिशत और 64.70 प्रतिशत घटीं। विनिर्मित उत्पादों के मामले में नवंबर में मुद्रास्फीति घटकर 1.33 प्रतिशत हो गई जबकि अक्टूबर में यह 1.54 प्रतिशत थी। ईंधन तथा बिजली की कीमतों की महंगाई दर 2.27 प्रतिशत रही जो अक्टूबर में 2.55 प्रतिशत थी। थोक मुद्रास्फीति दर में गिरावट पर तेजी से अंकुश लगा है और यह उम्मीद से अधिक तेज है। यह अक्टूबर 2025 के 1.2 प्रतिशत से घटकर नवंबर 2025 में 0.32 प्रतिशत हो गई है। यह तुलनात्मक आधार प्रभाव, रुपये में गिरावट तथा कुछ जिंसों के दाम में तेजी को बताता है। भारतीय मुद्रा में और गिरावट, वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और सब्जियों की कीमतों में बेमौसम वृद्धि के साथ-साथ कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बावजूद हमारा अनुमान है कि दिसंबर 2025 में थोक महंगाई में सालाना आधार पर लगभग 0.5 प्रतिशत रहेगी...। पिछले सप्ताह जारी आंकड़ों के अनुसार खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के कारण नवंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में मामूली वृद्धि हुई।

## जेन एस लाइफ ने वरिष्ठ नागरिकों को सेहतमंद रहना बनाया आसान

नयी दिल्ली। जेन एस लाइफ, जो भारत का पहला 55+ उम्र के लोगों के लिए खास लाइफस्टाइल ऐप है, बुजुर्गों के लिए स्वस्थ और खुशहाल जीवन जीना और भी आसान बनाता है। यह ऐप उन्हें भरोसेमंद हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ देने वाले कई पार्टनर तक सीधी पहुँच प्रदान करता है। इस ऐप की मदद से बुजुर्गों को इलाज या वेलनेस सेवाएँ पाने के लिए अलग-अलग जगह खोजने की जरूरत नहीं पड़ती। जांच करवाना, डॉक्टर से सलाह लेना, व्यायाम, पोषण से जुड़े सुझाव और मानसिक शांति आदि यह सब एक ही भरोसेमंद ऐप में आसानी से मिल जाता है, जो खास बुजुर्गों के लिए बनाया गया है। उम्र बढ़ने का मतलब किसी को अकेले रहना या परेशान होना नहीं है। हर बुजुर्ग उस देखभाल के हकदार हैं जो समझदारी से दी जाए, भरोसेमंद हो और आसानी से मिल सके। हम अपने सदस्यों को एक ही जगह पर ऐसी हेल्थ और वेलनेस सेवाएँ देते हैं जिन पर वे भरोसा कर सके, ताकि वे आत्मविश्वास से और खुद अपने दम पर जीवन जी सकें। जेन एस लाइफ का संदेश बहुत आसान है। आपकी सेहत हमारे लिए मायने रखती है।

# पेज एक का शेष

## यूपी में

के नए मॉडलों के निर्माण में भी सहयोग और निवेश विस्तार पर सहमति बनी। बैठक में उत्तर प्रदेश के डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। टाटा समूह ने झांसी सहित प्रदेश के विभिन्न रक्षा औद्योगिक नोड्स में ड्रोन, मिसाइल और रक्षा वाहनों के निर्माण के लिए निवेश बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। झांसी में बीडा के अंतर्गत परियोजना विस्तार की जानकारी साझा करते हुए टाटा समूह ने मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप प्रदेश की रक्षा प्राथमिकताओं में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार निवेशकों को स्थिर नीति, पारदर्शी व्यवस्था और अनुकूल कारोबारी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि टाटा समूह के साथ यह बहुआयामी सहयोग राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और तकनीकी आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। मुख्यमंत्री और टाटा संस के चेयरमैन के बीच हुई यह बैठक उत्तर प्रदेश को ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने के संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## सरदार पटेल

उनके रक्तहीन क्रांति के माध्यम से दोनों रिसायतें भारत का हिस्सा बनीं। जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम को देश छोड़कर भागना पड़ा। सीएम योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू-कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। पं. नेहरू के कारण उसी कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी है, जिन्होंने लौहपुरुष व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री के रूप में भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार, तमाम विवादों के समाधान के लिए तंत्र विकसित करने और भारत की प्रशासनिक सेवा को वर्तमान स्वरूप देने का कार्य भी लौहपुरुष के कारण हो पाया। सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति उनकी सेवाएं व योगदान हम सबके लिए चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। हर भारतवासी बड़ी श्रद्धा, सम्मान के साथ भारत मां के महान सपूत लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को तत्पर रहता है।

## भाजपा के

में मंत्री रहे नवीन (45) को रविवार को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। माना जा रहा है कि वह अंततः नड्डा के उत्तराधिकारी के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। भाजपा नेताओं ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दिवंगत नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा के बेटे नितिन नवीन एक तेज-तर्रार, वैचारिक रूप से दृढ़ और संगठन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता रखने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से भी जुड़े रहे हैं। पांच बार विधायक रह चुके नवीन पटना के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह बिहार सरकार में दो बार मंत्री के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि बिहार के मंत्री और छत्तीसगढ़ के पार्टी प्रभारी के रूप में नवीन का कार्यकाल उत्कृष्ट रहा, जिसमें संगठन का प्रभावशाली नेतृत्व करने की उनकी क्षमता उभरकर सामने आई।

## दो दिवसीय

गया। मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा अम्मान पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर गर्मजोशी से स्वागत करने के लिए जॉर्डन के हाशमी साम्राज्य के प्रधानमंत्री जाफर हसन का शुक्रगुजार हूं। मुझे विश्वास है कि यह यात्रा हमारे देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी। जॉर्डन की यह पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा 37 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है और ऐसे वक्त हो रही है, जब दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75 वर्ष हो रहे हैं। मोदी के तीन देशों के चार दिवसीय दौरे का पहला पड़ाव जॉर्डन है। इसके बाद वह इथियोपिया और ओमान भी जाएंगे। जॉर्डन के प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा आज जॉर्डन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक सम्मानित अतिथि के रूप में स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। यह यात्रा हमारे 75 वर्षों के घनिष्ठ और स्थायी संबंधों को दर्शाती है। उन्होंने कहा हम दोनों देशों के बीच विशेष रूप से आर्थिक, निवेश और तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग के नए आयाम तलाशने के इच्छुक हैं। जब मोदी होटल पहुंचे, तो भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया और बातचीत की। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक भारतीय नृत्य प्रस्तुत किए, जो देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते थे।

मोदी आज बाद में शाह अब्दुल्ला द्वितीय इब्न अल हुसैन से बातचीत करेंगे, जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी। प्रधानमंत्री और शाह के मंगलवार को भारत-जॉर्डन व्यापार कार्यक्रम को संबोधित करने की उम्मीद है, जिसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यवसायी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री जॉर्डन में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे और देश के युवराज के साथ पेत्रा शहर का दौरा करेंगे, जो भारत के साथ प्राचीन व्यापारिक संबंधों को साझा करने वाला एक ऐतिहासिक शहर है। हालांकि, उनकी यह यात्रा मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करती है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी फरवरी 2018 में फलस्तीन जाते समय जॉर्डन में कुछ देर रुके थे। विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह दिल्ली में एक विशेष प्रेस वार्ता में कहा कि हालांकि यह एक पारगमन यात्रा थी, लेकिन शाह द्वारा उन्हें विशेष सम्मान दिया गया था, जिससे यह महज एक पारगमन यात्रा से कहीं अधिक बन गई... किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह वर्तमान पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा 37 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है। भारत और जॉर्डन के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं, और दिल्ली अम्मान का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार का मूल्य 2.8 अरब अमेरिकी डॉलर है। जॉर्डन भारत को उर्वरकों, विशेष रूप से फॉस्फेट और पोटाश का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता भी है। इस अरब देश में 17,500 से अधिक भारतीय प्रवासी रहते हैं, जो कपड़ा, निर्माण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

## 50,000 का

में रह रहा था। एटीएस के मुताबिक सीताराम ने 1986 में अपना घर छोड़ दिया और माओवादी आंदोलन में शामिल हो गया। वह 1990 में दूसरी केंद्रीय समिति का क्षेत्रीय सचिव बना। वह 21 सितंबर, 2004 की उस बैठक में भी मौजूद था जिसके परिणामस्वरूप माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर (एमसीसी) और पीपुल्स वॉर ग्रुप (पीडब्ल्यूजी) का विलय हुआ और भाकपा (माओवादी) का गठन हुआ।

बयान के मुताबिक सीताराम को जन आंदोलनों के माध्यम से भाकपा (माओवादी) की गतिविधियों का विस्तार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शहरी क्षेत्रों में सक्रिय जमीनी कार्यकर्ताओं (ओजीडब्ल्यू) ने कथित तौर पर सीताराम द्वारा आयोजित बैठकों में भाग लिया। सीताराम ने 2012 में अपने साथियों के साथ मिलकर बलिया जिले में सहतवार थानाक्षेत्र के अतरडरिया गांव में ग्राम प्रधान की पत्नी फूलमती की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि माओवादियों को संदेह था कि ग्राम प्रधान पुलिस मुखबिर है और उसे भी निशाना बनाया गया था, लेकिन वह भागने में सफल रहा। अधिकारियों ने बताया कि सीताराम ने इस घटना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घटना के बाद, सहतवार थाने में भादसं की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। आजमगढ़ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 50,000 रुपये के इनाम की घोषणा की थी। एटीएस ने बताया कि 15 अगस्त, 2023 को सीताराम अपनी टीम के प्रमुख सदस्यों के साथ बैठक कर रहा था तभी उसके साथियों को माओवादी साहित्य और हथियारों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन सीताराम उस समय भागने में कामयाब हो गया था। इसके बाद लखनऊस्थित एटीएस पुलिस थाने में भादसं, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच फिलहाल राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में दर्ज मामलों के अलावा, बिहार के मुजफ्फरपुर, बांका और सीतामढ़ी जिलों में भी सीताराम के खिलाफ बैंक डकैती, हत्या, मारपीट और अवैध रूप से हथियार रखने समेत कई गंभीर आपराधिक मामले लंबित हैं।

## लूथरा बंधुओं

इस नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस क्लब के मालिक गौरव और सौरभ लुथरा हैं। अधिकारियों ने साफ किया कि गोवा पुलिस थाईलैंड नहीं जा रही है, बल्कि दिल्ली में ही केंद्रीय एजेंसियों से लुथरा बंधुओं की कस्टडी ली जाएगी। इसके लिए गोवा पुलिस की एक टीम सोमवार देर रात दिल्ली पहुंचेगी। कस्टडी मिलने के बाद सौरभ लुथरा और गौरव लुथरा को मंगलवार देर रात गोवा लेकर जा सकते हैं। इसके बाद उन्हें अंजुना पुलिस स्टेशन ले जाया जाएगा, जहां उनसे आगे पूछताछ होगी। बुधवार को लुथरा बंधुओं को गोवा पुलिस मापुसा अदालत में पेश कर सकती है।

## लोस में अनुदान

करोड़ रुपए के शुद्ध अतिरिक्त व्यय के लिए लोकसभा से मंजूरी मांगी थी, जिसमें से 27,000 करोड़ रुपये से अधिक उर्वरक और पेट्रोलियम सब्सिडी से जुड़ा व्यय भी शामिल है। सरकार ने कुल 1.32 लाख करोड़ रुपए के सकल अतिरिक्त खर्च के लिए संसद से स्वीकृति मांगी थी। इनमें से 41,455.39 करोड़ रुपए शुद्ध नकद व्यय होंगे, जबकि शेष राशि को विभिन्न मंत्रालयोंाविभागों की 90,812 करोड़ रुपए की बचत से समायोजित किया जाएगा। अनुदान की अनुपूरक मांगों के अनुसार उर्वरक सब्सिडी और संबंधित मदों पर खर्च के लिए 18,525 करोड़ रुपए की मंजूरी मांगी गई और पेट्रोलियम मंत्रालय के लिए एलपीजी सब्सिडी के लिहाज से करीब 9,500 करोड़ रुपये की स्वीकृति मांगी गई थी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अतिरिक्त व्यय के लिए 1,304 करोड़ रुपये और वाणिज्य मंत्रालय द्वारा 225 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से करीब 1,200 करोड़ रुपये और गृह मंत्रालय की ओर से करीब 2500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त खर्च के लिए मंजूरी मांगी गई थी।

## भारत से अमेरिका को निर्यात 22.6 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। भारत से अमेरिका को वस्तुओं का निर्यात लगातार दो महीने गिरावट के बाद नवंबर में 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। अमेरिकी बाजार में भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाने के बावजूद यह वृद्धि हुई। सूत्रों के अनुसार इस महीने आयात 38.29 प्रतिशत बढ़कर 5.25 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान देश का अमेरिका को निर्यात 11.38 प्रतिशत बढ़कर 59.04 अरब डॉलर हो गया, जबकि आयात 13.49 प्रतिशत बढ़कर 35.4 अरब डॉलर रहा।




# भारत के नयी गेंद के गेंदबाजों ने खड़ी की मुश्किलें : माक्रम

एजेंसी



धर्मशाला। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन माक्रम ने तीसरे टी20 मैच में मिली हार के बाद कहा कि भारत के नयी गेंद के गेंदबाजों ने उनके लिये दिक्कतें खड़ी की और उनके बल्लेबाज तेजी से रन नहीं बना सके।

भारत के अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने पहले चार ओवर के भीतर दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट उस समय निकाल दिये जब स्कोर बोर्ड पर सात रन ही टंगे थे। इन झटकों से माक्रम की टीम उबर नहीं सकी और 117 रन बनाने के बाद सात विकेट से हार गई। माक्रम ने मैच के बाद कहा उन्होंने सही जगहों पर गेंद डाली। अर्शदीप ने उम्दा गेंदबाजी की। उनके नयी गेंद के दोनों गेंदबाजों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा आपको अनुकूल हालात मिल सकते हैं लेकिन आखिर में गेंदबाजों को सही जगहों पर गेंद डालनी होगी और उन्होने वही किया। उन्हें इसका श्रेय दिया जाना चाहिये। पहली गेंद से ही उन्होंने हमारे लिये मुश्किलें खड़ी की। माक्रम ने स्वीकार किया कि हालात चुनौतीपूर्ण थे लेकिन यह भी कहा कि टीम को इसके अनुकूल ढलना होगा। उन्होंने कहा, हालात कठिन थे लेकिन हमें इसके अनुरूप ढलना होगा। मौसम ठंडा था जिसका असर पड़ा लेकिन इससे कोई समस्या नहीं होनी चाहिये। कम स्कोर वाले मैच भी रोमांचक हो सकते हैं।

# गिल पर सभी को रखना चाहिए भरोसा : अभिषेक



धर्मशाला। बारह वर्ष की उम्र से शुभमन गिल के साथ खेल रहे अभिषेक शर्मा को पता है कि खराब फॉर्म से उबरकर वह भारत के लिये टी20 विश्व मैच जीतेंगे और अगले साल टी20 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन करेंगे।

भारत की टी20 एकादश में गिल के चयन पर सवाल उठे थे क्योंकि फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन को बाहर रखा गया था। गिल 15 पारियों में 137 .3 की स्ट्राइक रेट से 291 रन ही बना सके हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाये। गिल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के खराब फॉर्म के बारे में पूछने पर अभिषेक ने कहा, मैं एक बात साफ बताना चाहता हूं कि आप भरोसा रखिये , ये दोनों खिलाड़ी भारत के लिये विश्व कप में मैच जीतेंगे और इस श्रृंखला में भी। अपने बचपन के दोस्त गिल के बारे में उन्होंने कहा मैं इतने समय से इनके साथ खेल रहा हूं , खासकर शुभमन के तो मुझे पता है कि वह किसी भी टीम के खिलाफ और किसी भी हालात में रन बना सकता है।

उन्होंने कहा मुझे उस पर शुरू से काफी भरोसा है और जल्दी ही सभी को पता चलेगा और सभी इसी तरह से भरोसा करेंगे। तीसरे मैच में 18 गेंद में 35 रन बनाकर भारत को 2 .1 से बढत दिलाने वाले अभिषेक ने कहा कि दिसंबर के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बल्लेबाजी की।

# गेंदबाजों ने जिस तरह से वापसी की, उससे खुश हूं : मोर्कल

धर्मशाला। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कम स्कोर वाले तीसरे टी20 मैच में अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी खुश हैं।

दूसरे मैच में 22 अतिरिक्त समेत 213 रन देने के बाद भारतीय गेंदबाजों ने तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर आउट करके सात विकेट से जीत दर्ज की। मोर्कल ने बीसीसीआई टीवी द्वारा डाले गए एक वीडियो में कहा मुझे खुशी है कि गेंदबाजों ने इस तरह से वापसी की। अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टी20 में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले। बुमराह निजी कारणों से रविवार का मैच नहीं खेले जिनकी जगह हर्षित राणा ने ली। राणा और अर्शदीप ने दो दो विकेट चटकाये। अर्शदीप ने वीडियो में कहा पिछले मैच में मैने जब भी वाइड गेंदें डाली, कैमरा कोच (मोर्कल) के चेहरे पर बार बार जा रहा था मानो उन्होंने मुझे कोई गलत रणनीति दे दी थी।

**❍ दूसरे टी20 में आठ ओवरों में 99 रन दे डाले**

मैं मोर्नी से माफी मांगना चाहता हूं और यह भी सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कैमरा उनके चेहरे पर बार बार नहीं जाये। वहीं राणा ने कहा मुझे अर्शदीप के साथ गेंदबाजी पसंद है। वह दूसरे छोर से दबाव बनाता है जिससे मदद मिलती है। धर्मशाला में यह मेरा पहला मैच था और गेंदबाजी करके अच्छा लगा।

## संक्षेप

### टी20 शृंखला का 16 से 18 तक मेजबानी करेगा वानखेड़े

मुंबई। वानखेड़े स्टेडियम भारत और भारत ए टीमों के बीच तीन मैचों की शारीरिक दिव्यांग टी20 श्रृंखला की मेजबानी 16 से 18 दिसंबर तक करेगा। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) ने सोमवार को यह घोषणा की। तीन दिवसीय टी20 श्रृंखला का उद्देश्य समावेशिता, जज्बा और खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट की बढ़ती प्रतिष्ठा को उजागर करना है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के महासचिव उन्मेष खानविलकर ने कहा, पहली बार शारीरिक दिव्यांगता क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी करना एमसीए के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है। यह साहस और जज्बे का जश्न मनाने के साथ क्षमता को नये तरह से परिभाषित करता है और इस बात की पुष्टि करता है कि क्रिकेट वास्तव में सभी का है। डीसीसीआई के महासचिव रवि चौहान ने कहा, डीसीसीआई शारीरिक रूप से दिव्यांग क्रिकेट की मेजबानी करने के लिए एमसीए के प्रति आभार व्यक्त करता है।

### इंग्लैंड की टीम में तीसरे एशेज टेस्ट के लिए टंग की वापसी

एडिलेड। इंग्लैंड ने बुधवार से यहां खेले जाने वाले तीसरे एशेज टेस्ट के लिए गुस एटकिंसन की जगह जोश टंग को टीम में वापस बुलाया है, लेकिन धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच की संभावना के बावजूद विशेषज्ञ स्पिनर शोएब बशीर को एकादश में जगह नहीं मिली है। टंग की वापसी इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव है जिसे गाबा में आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लैंड की टीम पांच मैचों की श्रृंखला में 0-2 से पीछे हैं। उसके लिए श्रृंखला में बने रहने के लिए एडिलेड में जीत दर्ज करना जरूरी होगा। चयनकर्ताओं ने बशीर के टीम में होने के बावजूद स्पिन गेंदबाजी करने वाले हरफनमौला विल जैक्स को तरजीह दी है। बशीर को इससे पहले पर्थ और ब्रिसबेन की तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में खेले गये मैच के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया था और जब परिस्थितियां उनके अनुकूल होने की संभावना है तो टीम ने जैक्स को एकादश में बनाये रखने का फैसला किया। इस बीच ऑस्ट्रेलिया की टीम में नाथन लियोन की वापसी हुई है। एटकिंसन को 78.66 की औसत से सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया।

### श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर दम्मिका रणतुंगा गिरफ्तार

कोलंबो। श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका को देश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। भ्रष्टाचार जांच आयोग (सीआईएबीओसी) ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (सीपीसी) द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था। वह उस समय इसके अध्यक्ष थे। सीआईएबीओसी ने कहा कि दम्मिका के अनुचित प्रभाव के कारण सीपीसी को 80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का नुकसान हुआ था। सीआईएबीओसी ने कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट को बताया कि दम्मिका के छोटे भाई अर्जुन को इस मामले में दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है।

# डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को हराया



एजेंसी

दुबई। सैम कुरेन के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर डेजर्ट वाइपर्स ने दुबई कैपिटल्स को पांच विकेट से हराकर आईएलटी20 प्लेआफ में जगह बना ली। कैपिटल्स ने चार विकेट पर 166 रन बनाये जिसके जवाब में वाइपर्स ने कुरेन के प्रदर्शन की बदौलत जीत दर्ज की। इंग्लैंड के हरफनमौला कुरेन ने दो विकेट लेने के बाद 33 गेंद में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 52 रन बनाये। मैक्स होल्डन ने 22 गेंद में 34 रन बनाये जबकि फखर जमां ने 12 गेंद में 14 रन जोड़े। इससे पहले कैपिटल्स की शुरूआत खराब रही और नसीम शाह ने तीसरे ओवर में शायन जहांगीर (सात गेंद में सात रन) को आउट किया। लुइस डु प्लॉय ने 44 गेंद में 54 रन बनाये। वहीं दूसरी ओर महिला विश्व कप के फाइनल में पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को आईसीसी का नवंबर महीने का माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। प्रतिका रावल के चोटिल होने के बाद अपने विश्व कप अभियान को सेमीफाइनल में शुरू करने वाली शेफाली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में 78 गेंदों में 87 रन बनाए। यह महिला विश्व कप फाइनल में किसी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। भारत ने नवी मुंबई में खेले गये फाइनल में उनकी शानदार बल्लेबाजी के बूते से सात विकेट पर 298 रन बनाये। टीम ने इसके बाद 52 रन से मैच जीतकर पहली बार इस खिताब को अपने नाम किया। शेफाली ने पहले विकेट के लिए स्मृति मंधाना के साथ 104 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस 21 साल की बल्लेबाज ने थाईलैंड की थीपैचा पुथावोंग और यूएई की ईशा ओझा को पछाड़ कर अपना पहला महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।



# निशानेबाजी : मनु भाकर, सिमरनप्रीत को 25 मीटर पिस्टल में स्वर्ण पदक



नयी दिल्ली। ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर और विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता सिमरनप्रीत कौर बरार ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिला 25 मीटर पिस्टल वर्ग में क्रमशः सीनियर और जूनियर वर्ग का खिताब जीता। मनु ने फाइनल में 36 अंक के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कर्नाटक की दिव्या टीएस 32 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। अंजलि चौधरी ने 28 अंक के साथ कांस्य पदक जीता जबकि ओलंपियन रिद्धम सांगवान चौथे स्थान पर रहीं। क्वालीफिकेशन दौर में कड़ी चुनौती के बीच मनु 581 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं। दिव्या ने 587 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि अंजलि (582) और रिद्धम (579) अगले दो स्थान पर रहीं। दोहा में सत्रांत विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाली 21 साल की सिमरनप्रीत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर महिला 25 मीटर पिस्टल वर्ग में 39 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। जूनियर क्वालीफिकेशन में परीषा गुप्ता शीर्ष पर रहीं। सिमरनप्रीत ने 578 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि पलक 575 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। महाराष्ट्र ने सीनियर महिला 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जबकि जूनियर वर्ग का स्वर्ण पदक आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट के नाम रहा।

## जीएस दिल्ली एसेस ने पहली बार जीता टीपीएल खिताब

अहमदाबाद। जीएस दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51-36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने रविवार देर रात एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18-7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16-9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया। पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16-9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझीयान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8-4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी।

# भारतीय खिलाड़ी को खेलना होगा विजय हजारे

एजेंसी

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिये 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी, 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारूप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिये कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिये अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिये कम से कम दो मैच खेलने के लिये कहा जा सकता है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा विजय हजारे ट्रॉफी के छह दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा किसी को छूट तभी दी जायेगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है लेकिन अधिकारियों का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद चोट से उबरने के लिये काफी समय होगा। इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि चयन समिति और मुख्य कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं जिन्हें किसी को कुछ साबित नहीं करना है। इस बीच जसप्रीत बुमराह को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्र ने कहा सब कुछ ठीक रहा तो वह चौथे या पांचवें मैच के लिये लौट सकते हैं। वहीं दूसरी ओर विश्व स्तरीय तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के उपलब्ध नहीं होने के कारण कैमरन ग्रीन इंडियन प्रीमियर लीग की मंगलवार को यहां होने वाली छोटी नीलामी में फायदे की स्थिति में रह सकते हैं और कोलकाता नाइट राइडर्स तथा चेन्नई सुपरकिंग्स जैसी टीम इस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर के लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं। नीलामी में 10 टीम 77 खिलाड़ियों को खरीदने उतरेंगी और सभी टीम के पास मिलाकर 237 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है। मुंबई इंडियन्स की हालांकि नीलामी मे अधिक भूमिका नहीं होगी क्योंकि उसके पास सिर्फ दो करोड़ 75 लाख रुपये उपलब्ध हैं और वह कुछ अनकैप्ड (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को उनके आधार मूल्य पर ही खरीद पाएगी। ग्रीन, भारतीय टीम से बाहर चल रहे वेंकटेश अय्यर और इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन पर भारी-भरकम बोली लग सकती है। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे अधिक 64 करोड़ 30 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है और उसकी नजरें टीम को नए सिरे से तैयार करने पर टिकी होंगी। टीम को 13 खिलाड़ियों को खरीदना है और नीलामी में उसे मुख्य रूप से चुनौती सुपरकिंग्स से मिलने की उम्मीद है जिसके पास 43 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि उपलब्ध है। छोटी नीलामी हमेशा बड़ी नीलामी से अधिक दिलचस्प होती है क्योंकि फ्रेंचाइजी खास पसंद के साथ आती हैं और अलग-अलग कौशल वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं।

**❍ रोहित व विराट ही नहीं हर भारतीय**



## यूपीः लखनऊ पहुंची इंडिया टीम

लखनऊ। टीम इंडिया सोमवार शाम लखनऊ पहुंची, जहां एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 17 दिसंबर को इकाना स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मुकाबला खेला जाएगा। लखनऊ में टीम इंडिया सोमवार शाम को पहुंची। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच टर्मिनल तीन से टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर एक-एक करके निकलने लगे। एयरपोर्ट के बाहर मौजूद प्रशसंक अपने पसंदीदा खिलाड़ियों को पुकारने लगे। खिलाड़ियों की तस्वीर लेने के लिए मोबाइल कैमरों के साथ ही मीडिया कैमरों के फ्लैश लाइटें चमक उठीं। एयरपोर्ट के बाहर खड़ी बस में आगे की सीट पर चढ़कर बैठे टीम इंडिया के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांडया को क्रिकेट प्रेमियों ने आवाज लगाना शुरू कर दिया। हार्दिक ने भी हाथ हिलाकर क्रिकेट प्रेमियों का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं कई खिलाड़ी फोन में बिजी नजर आए।

# हिन्दुस्तान टाइम्स व टाइम्स ऑफ इंडिया की जीत

खेल संवाददाता




लखनऊ। डीडी-एआईआर एकादश, हिन्दुस्तान टाइम्स और पिछली उपविजेता टाइम्स ऑफ इंडिया ने एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल) 2025 के तीसरे दिन अपने-अपने मैचों में रोमांचक जीत दर्ज की। लखनऊ स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (एलएसजेए) के तत्वावधान व कैवेल्य कम्युनिकेशंस के सह तत्वावधान में आयोजित लीग में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हिन्दुस्तान टाइम्स ने मैन ऑफ द मैच अंशुल कुमार (नाबाद 55 रन, 4 विकेट) के शानदार आलराउंड खेल से दैनिक जागरण को 37 रन से हराया। हिन्दुस्तान टाइम्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 160 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज अंशुल कुमार ने 52 गेंदों पर आठ चौकों से नाबाद 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। जुहैब ने 37, वीर सिंह ने नाबाद 27 व दीपक गुप्ता ने 23 रन जोड़े।

**❍ एसबीआई कप लखनऊ मीडिया प्रीमियर लीग (एलएमपीएल)**

जवाब में दैनिक जागरण 19.5 ओवर में 123 रन ही बना सका। सलामी बल्लेबाज श्यामू ने 51 गेंदों पर नौ चौके व एक छक्के से 69 रन की पारी खेली जबकि अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सके। हिन्दुस्तान टाइम्स से अंशुल कुमार ने चार जबकि जावेद मुस्तफा ने तीन विकेट चटकाए। अंशुल कुमार को ओमेक्स के बिजनेस हेड अंजनी कुमार पांडेय व अम्बेडकर नगर के एडिशनल एसपी हरेंद्र सिंह सेंगर ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर पहले मैच में डीडी-एआईआर एकादश ने पिछली विजेता इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को 40 रन से शिकस्त दी। डीडी-एआईआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 145 रन बनाए।

# मैं फिर आऊंगा : लियोनेल मेस्सी

एजेंसी



नयी दिल्ली। लियोनेल मेस्सी के बहुप्रतीक्षित जीओएटी इंडिया टूर की शुरुआत भले ही अव्यवस्थित ढंग से हुई हो लेकिन इसका समापन दिल्ली में शानदार तरीके से हुआ जहां प्रशंसक अपने चहेते खिलाड़ी की झलक पाकर खुशी से झूम उठे। फुटबॉल के इस दिग्गज खिलाड़ी ने अपने प्रशंसकों को महज 30 मिनट में ही जीवन भर संजो कर रखने वाले यादगार पल दे दिए और वापस आने का वादा भी किया।

अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम इस दौरान फुटबॉल जगत के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र था। मेस्सी के दीवानों ने उस शख्स का दीदार किया जो मैदान पर अक्सर बेजोड़ प्रदर्शन करता है। मेस्सी ने जब माइक संभाला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और पूर्व भारतीय फुटबॉल कप्तान बाइचुंग भूटिया समेत कई अन्य लोगों की मौजूदगी में प्रशंसकों को संबोधित किया उनके प्रति दीवानगी चरम पर पहुंच गई। मेस्सी ने दर्शकों से कहा, भारत में इन दिनों मिले प्यार और स्नेह के लिए मैं सभी का धन्यवाद करना चाहता हूं।

वास्तव में यह हमारे लिए एक बेहद खूबसूरत अनुभव रहा। शहर के अधिकांश लोग स्पेनिश भाषा को नहीं समझते लेकिन इसके बावजूद उनके इन शब्दों ने दर्शकों में एक ऐसी ललक और उत्साह पैदा कर दिया जो पहले शायद ही कभी देखा गया हो।

मेस्सी ने कहा भले ही यह संक्षिप्त दौरा है लेकिन इतना प्यार पाना अद्भुत है। मुझे इस दीवानगी के बारे में पहले से ही पता था, लेकिन इसे सीधे तौर पर महसूस करना और भी अद्भुत था।

## स्कूल कोलकाता में ट्रायल आयोजित करेगा बाइचुंग

कोलकाता। बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) रविवार को कोलकाता में अपनी रिहायशी अकादमी के लिए युवा प्रतिभाओं को पहचानने के लिए स्काउटिंग ट्रायल आयोजित करेगा। बीबीएफएस के सह संस्थापक और पूर्व दिग्गज फुटबॉलर भूटिया ने सोमवार को विज्ञप्ति में कहा, ये ट्रायल उन युवा खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मौका है जो पढ़ाई से समझौता किए बिना पेशेवर फुटबॉल में करियर बनाने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य समर्पित छात्र-खिलाड़ियों की पहचान करना और उन्हें वह माहौल, कोचिंग और संस्कृति प्रदान करना है जिसकी उन्हें उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आवश्यकता है। ट्रायल एनकेडीए फुटबॉल स्टेडियम में होंगे। खिलाड़ियों को दोपहर 2.30 बजे तक पहुंचना होगा। 2010 से 2015 के बीच जन्मे फुटबॉलर ट्रायल में भाग लेने के पात्र हैं।

# देश में बिजली की कोई कमी नहीं

## डेटा सेंटर का पसंदीदा गंतव्य बनकर उभरा है भारत : पीयूष गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि पर्याप्त बिजली उपलब्धता और 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड क्षमता के चलते भारत डेटा सेंटर के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है।

गोयल ने ऊर्जा क्षेत्र पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में बिजली की कोई कमी नहीं है और बढ़ती मांग को पूरा करने की पूरी क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि भारत की 500 गीगावाट की राष्ट्रीय ग्रिड दुनिया की सबसे बड़ी ग्रिडों में से एक है। गोयल ने कहा कि यूरोप के पास राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। और अमेरिका के पास भी राष्ट्रीय ग्रिड नहीं है। लेकिन भारत के पास राष्ट्रीय ग्रिड है। इसी कारण भारत डेटा सेंटर के लिए पसंदीदा गंतव्य है। आने वाले वर्षों में डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के विस्तार की योजनाओं के बीच यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों, किसानों, उद्योग और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों की बिजली जरूरतें पूरी हों। गोयल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) सहित कई वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भारत में बड़ा निवेश करने में रुचि दिखाई है। अक्टूबर में गूगल ने आंध्र प्रदेश में कृत्रिम मेधा (एआई) अवसंरचना के विकास के लिए 15 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा की थी। इस परियोजना के तहत गूगल अदाणी समूह के साथ मिलकर गीगावाट स्तर का डेटा सेंटर स्थापित करेगी जिससे राज्य में 5,0006,000 प्रत्यक्ष और 20,00030,000 कुल रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। पिछले सप्ताह, एडब्ल्यूएस ने भी तेलंगाना में अगले 14 वर्षों के भीतर डेटा सेंटर के विस्तार के लिए सात अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। इससे पहले माइक्रोसॉफ्ट ने भारत में एआई-केंद्रित भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे और स्वायत्त क्षमताओं के निर्माण में 17.5 अरब डॉलर के निवेश की योजना का ऐलान किया था। गोयल ने कोयला-आधारित ताप विद्युत क्षमता बढ़ाने की योजना पर कहा कि यह कदम देशवासियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक विकासशील देश है और उसे ऊर्जा बदलाव के लिए कम समय तथा कम लागत वाली ऊर्जा की जरूरत है। कोयला उत्पादन बढ़ाने से आयात पर निर्भरता और कम होगी। मंत्री ने यह भी बताया कि कोयले से सिंथेटिक गैस जैसे विकल्पों पर भी काम किया जा रहा है। गोयल ने कहा कि 2035 तक ताप विद्युत की अनुमानित जरूरत बढ़कर 307 गीगावाट हो सकती है। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि बिजली उत्पादन कंपनियों की वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है और चार साल पहले 1.4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज में रही कंपनियों पर अब सिर्फ 6,500 करोड़ रुपये का कर्ज बचा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत का ऊर्जा क्षेत्र पैमाने, गति और स्थिरता के संतुलन का वैश्विक उदाहरण बनेगा। इस बीच, बिजली राज्य मंत्री श्रीपाद नाइक ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि देश में डेटा सेंटरों की मौजूदा बिजली आवश्यकता लगभग एक गीगावाट है, जो वित्त वर्ष 2031-32 तक बढ़कर 13.56 गीगावाट तक पहुंच जाने का अनुमान है।



# मोदी को धमकी देने के मामले में माफी मांगें राहुल, खरगे: रिजीजू

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कथित रूप से दी गई धमकी के लिए माफी मांगनी चाहिए। रीजीजू ने यहां आनन-फानन में बुलाए गए एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को हुई कांग्रेस की रैली के दौरान पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की कब्र खोदने की धमकी दी। उन्होंने इसे भारतीय लोकतंत्र में घटित हुई सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री को धमकी दिए जाने के लिए माफी मांगनी चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं दुखद है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की कब्र खोदने की सार्वजनिक तौर पर धमकी दी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता एवं नेता राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, दुश्मन नहीं।



हम अलग-अलग विचारधाराओं का प्रचार करते हैं लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुरूप विकसित भारत के लिए मिलकर काम करते हैं। रीजीजू ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अलग विषय हैं और उनके बावजूद नेता सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं और वे विभिन्न तरीकों से एक-दूसरे की आलोचना भी करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अलग-अलग तरीकों से एक-दूसरे का विरोध करते हैं। हम एक-दूसरे को जान से मारने के बारे में कभी नहीं सोचते और न ही ऐसी बात करते हैं। यह कैसी मानसिकता है? यह कैसी प्रवृत्ति है कि कुछ लोग राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को जान से मारने की खुलेआम धमकी दे रहे हैं? रीजीजू ने कहा कि मोदी 140 करोड़ लोगों के प्रधानमंत्री हैं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री हैं। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करती है, पूरा भारत प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान करता है लेकिन यदि विपक्ष में कुछ लोग प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी देते हैं तो यह अत्यंत दुर्भाज्ञपूर्ण और दुखद है।

## संक्षेप

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों ने आतंकियों को मार गिराया

पेशावर। उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में सुरक्षा बलों और पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में एक प्रमुख कमांडर सहित तीन तालिबान आतंकवादी मारे गए और एक अन्य घायल हो गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बन्नू के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) यासिर अफरीदी ने यह जानकारी दी। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले के ममंद खेल इलाके में एक स्कूल के पास हुए ड्रोन हमले में तीन लड़कों की जान चली गई थी जिसके बाद रविवार को यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि मारे गए लोगों में तहरीक-ए-तालिबान कमांडर दानिश उर्फ इंसाफ उर्फ सबावोन, जरारी समूह का टारगेट किलर अबू सालेह डावर जरारी और स्पिन वाम का निवासी आतंकवादी अता-उर-रहमान शामिल हैं। घायल आतंकवादी की पहचान दरवेश के रूप में हुई है और बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर है। अफरीदी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना और पुलिस का संयुक्त अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि आखिरी आतंकवादी को खत्म नहीं कर दिया जाता।

# युवा कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन किया

नयी दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस ने कथित वोट चोरी के खिलाफ सोमवार को प्रदर्शन किया और दावा किया कि लोगों के मताधिकार के साथ खिलवाड़ करना देशद्रोह के समान है।

संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर वोट चोर, गद्दी छोड़ विरोध प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस का कहना है कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया और चिब तथा कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। वहीं पुलिस सूत्रों ने बताया, कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियाती तौर पर कम से कम 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इस मौके पर चिब ने कहा कि भाजपा-आरएसएस और निर्वाचन आयोग मिलकर जनादेश की लगातार चोरी कर रहे है, लेकिन कांग्रेस के सिपाही लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हर मोर्चे पर डट कर खड़े रहेंगे। अब ये लड़ाई और तेज होगी, क्योंकि जनादेश की चोरी सबसे बड़ा देशद्रोह है।

# पीएम विरोधी नारेबाजी पर लोस में हंगामा

नयी दिल्ली। कांग्रेस की रविवार को आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने और गृह मंत्री अमित शाह की एक टिप्पणी को लेकर सोमवार को लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं चल सका।

प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित नारों के विषय पर सत्तापक्ष के सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही एक बार स्थगित होने के बाद दोपहर 12 बजे फिर से शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने जैसे ही सदन के पटल पर आवश्यक कागजात रखवाए, कांग्रेस के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। वे पिछले सप्ताह सदन में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री शाह द्वारा की गई एक टिप्पणी का हवाला देते हुए उनसे और प्रधानमंत्री मोदी से माफी मांगने की मांग कर रहे थे। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बाद सत्तापक्ष के सदस्य भी कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ कथित तौर पर धमकी भरे नारे लगाए जाने का विषय फिर से उठाने लगे। सैकिया ने सदन चलने देने की अपील करते हुए कहा, शून्यकाल महत्वपूर्ण होता है। यह सदस्यों और देश के लिए महतपपूर्ण होता है। सदन चलाना सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, सोमवार सुबह सदन की बैठक 11 बजे शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कुछ पूर्व सदस्यों के निधन की सूचना दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बिरला ने प्रश्नकाल शुरू करने का निर्देश दिया।

# न्यायालय ने लीक हुई सभी ऑडियो क्लिप को जांच के लिए नहीं भेजने पर सवाल उठाया

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सवाल उठाया कि 2023 में मणिपुर में हुई जातीय हिंसा में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की कथित भूमिका की ओर से इशारा करने वाली याचिका में जिन लीक ऑडियो क्लिप का जिक्र किया गया है, उनमें से उपलब्ध सभी क्लिप फॉरेंसिक जांच के लिए क्यों नहीं भेजी गईं।



शीर्ष अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से 20 नवंबर को दाखिल हलफनामे से वह थोड़ा व्यथित है, जिसमें कहा गया है कि केवल चुनिंदा क्लिप को ही जांच के लिए भेजा गया था। अदालत ने प्राधिकारियों से पूछा कि लीक हुई लगभग 48 मिनट की ऑडियो क्लिप को जांच के लिए गुजरात के राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) क्यों नहीं भेजा गया। एनएफएसयू ने लगभग क्लीन चिट देते हुए कहा है कि लीक हुई ऑडियो क्लिप के साथ छेड़छाड़ की गई है। मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर अंदरूनी खींचतान और नेतृत्व में बदलाव की बढ़ती मांगों के बीच सिंह ने नौ फरवरी को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। सोमवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने नाखुशी जाहिर करते हुए कहा कि याचिकाकर्ताओं की ओर से 20 नवंबर को इस मामले में दाखिल हलफनामे से वह थोड़ा व्यथित है। प्रतिवादियों की ओर से पेश वकील ने कहा कि हलफनामा उन्हें नहीं दिया गया था। पीठ ने कहा, अब यह हलफनामा, जो आपके अनुसार आपको नहीं दिया गया है, उसमें कहा गया है कि केवल चुनिंदा क्लिप ही भेजी गई थीं...। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उनके द्वारा प्रस्तुत सभी ऑडियो क्लिप संभवतः एनएफएसयू को नहीं भेजी गई थीं। जब प्रतिवादियों के वकील ने हलफनामे का जवाब देने की बात कही, तो पीठ ने पूछा कि पूरा दस्तावेज एनएफएसयू को क्यों नहीं भेजा गया। उसने कहा, लेकिन फिर से समय क्यों बर्बाद किया जाए? पीठ ने जानना चाहा कि वास्तव में कितनी सामग्री उपलब्ध है? भूषण ने बताया कि सभी ऑडियो क्लिप लगभग 56 मिनट की हैं और याचिकाकर्ताओं ने अदालत में 48 मिनट की क्लिप पेश की हैं। ऑडियो क्लिप के बाकी हिस्से से उस व्यक्ति की पहचान उजागर होती है।

# मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान

नयी दिल्ली। विपक्ष ने मनरेगा के स्थान पर नया कानून बनाने की तैयारी के बीच सोमवार को कहा कि आखिर इस योजना से महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है।

उसने यह आरोप भी लगाया कि सरकार का कदम महात्मा गांधी का अपमान है। सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और इस संबंध में एक नया कानून बनाने के लिए लोकसभा में विधेयक लेकर आ सकती है। नए विधेयक का नाम विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 होगा। विधेयक की प्रतियां लोकसभा सदस्यों को बांटी गई हैं। सरकार के कदम के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, जब भी किसी योजना का नाम बदला जाता है, तो कार्यालयों, स्टेशनरी में बहुत सारे बदलाव करने पड़ते हैं...जिसके लिए पैसा खर्च किया जाता है। तो, क्या फायदा है? ऐसा क्यों किया जा रहा है? उन्होंने कहा, महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा है। महात्मा गांधी न केवल देश में, बल्कि दुनिया में सबसे बड़े नेता माने जाते हैं, इसलिए उनका नाम हटाना, मुझे वास्तव में समझ में नहीं आता कि उद्देश्य क्या है। उनका (सरकार) इरादा क्या है? तृणमूल कांग्रेस नेता और राज्यसभा सदस्य डेरेक ओब्रायन ने सरकार के इस कदम को महात्मा गांधी का अपमान बताया। उन्होंने कहा, लेकिन फिर, क्या आप आश्चर्यचकित हैं। ये वही लोग हैं, जो महात्मा गांधी की हत्या करने वाले व्यक्ति का नायक की तरह सम्मान करते हैं। वे महात्मा गांधी का अपमान करना चाहते हैं और उन्हें इतिहास से हटाना चाहते हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव एम ए बेबी ने इसे इस तथ्य को छिपाने का प्रयास बताया और कहा कि योजना को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, मनरेगा के संपूर्ण सुधार पर केंद्र सरकार की यह मनमानी इस चौंकाने वाले तथ्य को छिपाने का एक प्रयास है कि जिस ढांचे के तहत यह योजना संचालित होती थी, उसे खत्म किया जा रहा है और केंद्रीय हिस्सेदारी में भारी कमी की गई है। वामपंथी नेता ने आरोप लगाया, इसकी जिम्मेदारी राज्यों पर डाली जा रही है और केंद्र अब आवंटन में कटौती करके विपक्ष शासित राज्यों को दंडित कर सकता है। यह उन तकनीकी हस्तक्षेपों को भी कानून में शामिल करेगा, जिनके माध्यम से लाखों लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है।



## इंटरटेनमेंट...

# 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर 552 करोड़ का कलेक्शन

मुंबइ। रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' घरेलू और बाहरी दोनों ही बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में वर्ल्डवाइड 550 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने महज 10 दिन में ही दुनिया भर में 552.70 करोड़ का बिजनेस किया है। आदित्य धर की डायरेक्टरेट ये फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई थी।




**दूसरे वीकेंड कलेक्शन के मामले में फिल्म ने बनाया रिकॉर्ड**

फिल्म ने दूसरे संडे को 58.20 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है, जो संडे को किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस तरह इंडियन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का बिजनेस 364.60 करोड़ रुपए हो गया है। दस दिनों में फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन का आंकड़ा 430.20 करोड़ हो गया है, जबकि विदेशों में ये 120.50 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म ने अपने पहले वीक में 218 करोड़ रुपए के बिजनेस के साथ शुरूआत की। इसके बाद दूसरे शुक्रवार को 34.70 करोड़ और दूसरे शनिवार को 53.70 करोड़ का कलेक्शन हुआ। और दूसरे संडे को फिल्म ने ऐतिहासिक कमाई की है। फिल्म के मेकर्स की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया 'फिल्म ने अभूतपूर्व, रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल की है और पहले सोमवार से ही हर दिन पिछले दिन से बड़ा कलेक्शन हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि धुरंधर ने हिंदी सिनेमा के इतिहास में दूसरे शुक्रवार, दूसरे शनिवार और दूसरे रविवार को सबसे ज्यादा कमाई दर्ज की है। हाउसफुल शो, मिडनाइट शो और चौबीसों घंटे चलने वाली स्क्रीनिंग बिना किसी रुकावट के जारी हैं इसलिए इस जबरदस्त हिट को रोकना नामुमकिन है। आदित्य धर की निर्देशित 'धुरंधर' हमजा नाम के एक भारतीय स्पाई एजेंट की कहानी है, जो रहमान डकैत के गिरोह में शामिल होने के लिए पाकिस्तान में घुसपैठ करता है। यह फिल्म 2001 के संसद हमले और 26/11 मुंबई आतंकी हमले जैसी वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है।

# टीवी एक्टर अनुज सचदेवा पर हमला

**मुंबई।** ये रिश्ता क्या कहलाता है, स्वरागिनी, साथ निभाना साथिया जैसे कई पॉपुलर टीवी शोज का हिस्सा रह चुके एक्टर अनुज सचदेवा पर रविवार शाम हमला हो गया। एक्टर ने खुद इस मारपीट का वीडियो रिकॉर्ड कर बताया है कि उन पर सोसाइटी के रहनेवाले एक शख्स ने हमला किया है। अनुज सचदेवा ने रविवार को ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें एक शख्स उन्हें भद्दी गालियां देते हुए डंडे से पीटता नजर आ रहा है। वीडियो में सुनाई दे रहे ऑडियो के अनुसार, ये विवाद कुत्तों की वजह से हुआ है। वीडियो में खून से लथपथ एक्टर ने कहा है, इस आदमी ने मुझे मारने की कोशिश की है। इस दौरान भी वो शख्स लगातार उन्हें गालियां दे रहा है।

# दीपिका ने इंडस्ट्री में काम के घंटों पर उठाया था सवाल

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण कुछ समय पहले आठ घंटे की शिफ्ट की डिमांड की वजह से विवादों में घिर गई थीं। इस डिमांड की वजह से उन्हें संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर होने पड़ा था। अब उनके पति रणवीर सिंह का एक पुराना वीडियो



**8 घंटे की शिफ्ट पर रणवीर सिंह का वीडियो वायरल**

वायरल है, जिसमें वो इंडस्ट्री में काम के घंटों पर बात करते दिख रहे हैं। साल 2022 में बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में रणवीर सिंह ने कहा था- 'अक्सर लोग शिकायत करते हैं। दूसरे आर्टिस्ट और उनके मैनेजमेंट शिकायत करते हैं कि यार तू सबको बिगाड़ रहा है। सब लोग बोलते हैं कि 8 घंटे की शिफ्ट में तू 10-12 घंटे की शूटिंग करता है। फिर हम लोगों को भी करना पड़ता है।

# सीरीज 'एकांकी' चैप्टर टू के साथ एक बार फिर सुर्खियों में

**मुंबई।** डिजिटल दुनिया के सबसे पसंद किए जाने वाले क्रिएटर्स में से एक आशीष चंचलानी अपनी नई वेब सीरीज एकांकी चैप्टर टू के साथ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार उन्होंने एक्टर, डायरेक्टर, राइटर और कास्टिंग डायरेक्टर चारों भूमिकाएं खुद निभाकर अपनी क्रिएटिव रेंज और भी बढ़ा दी है। शूटिंग के अनुभवों और दो साल की कड़ी मेहनत के बीच, आशिष ने दैनिक भास्कर से बातचीत में उस खास पल को भी याद किया जब वह बिग बॉस में सलमान खान से मिले और उन्हें यह जानकर हैरानी हुई कि सलमान उन्हें पहले से जानते हैं। इंटरव्यू में आशिष ने अपनी पर्सनल जर्नी, स्ट्रगल और फैंस के लिए तैयार किए गए सरप्राइज पर भी खुलकर बात की। आपकी वेब सीरीज एकांकी का चैप्टर टू रिलीज हो गया है, इस सीरीज में आप एक्टर, डायरेक्टर, राइटर सब हैं। कैसा एक्सपीरियंस रहा? जी हां, मैंने इस वेब सीरीज में एक्टिंग के साथ कास्टिंग करना, स्टोरी राइटिंग, डायरेक्शन सब कुछ ही लगभग किया है। ये दूसरा एपिसोड है एकांकी का, जो 8 दिसंबर को रिलीज हो गया है। इस डेट की खासियत है कि इस दिन मेरा जन्मदिन है और इस दिन मुझे इंडस्ट्री में 11 साल भी पूरे होने जा रहे हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी शो है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com